हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



# शाम 6 बजकर 52 मिनट फिर दिल्ली 'दहल' उठी

दिल्ली धमाके का गुनहगार कौन? ये किसकी साजिश?

गृह मंत्री अमित शाह घायलों से एलएनजेपी अस्पताल में जाकर मिले। विस्फोट वाले स्थान का भी दौरा किया।

धमाके के बाद धू-धू कर जलते वाहन।

## बड़े सवाल?

1 क्या फरीदाबाद में 24 घंटे में पकड़े गए 2910 किलो विस्फोटक से इस धमाके का रिश्ता है?

2 क्या आरोपियों द्वारा यह धमाका जल्दबाजी में किया गया? क्योंकि, माना जा रहा था कि इस कार में भी विस्फोटक छिपाया गया था, वह भी पकड़ा जा सकता था।

3 दिल्ली पुलिस कमिश्नर सतीश गोलचा ने बताया कि यह एक मूविंग व्हीकल था। यानी, यह विस्फोटक कार से कहीं ले जाया जा रहा था? इस कार में कुछ लोग थे।

4 कुछ लोग कह रहे हैं कि ये सीएनजी वाली कार थी और इसका सिलेंडर फट गया। पर, क्या सिलेंडर का धमाका इतना तेज होता है कि दूर के मंदिर और घरों के शीशे उड़ जाएं?

5 तो, क्या इसे आतंकी घटना माना जाएगा? क्या इसे एक्ट ऑफ वार माना जाएगा? तो, अब केंद्र का क्या एक्शन होगा?

### दिल्ली के सबसे भीड़ वाले इलाके में कार में बड़ी तीव्रता वाला धमाका, अभी तक इस धमाके का आतंकी करतूत से कनेक्शन पर कोई अधिकारिक बयान नहीं, एक संदिग्ध हिरासत में

# लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास विस्फोट...8 की मौत

एनएसजी-एनआईए की टीमें पहुंचीं दिल्ली, मुंबई, हरियाणा और यूपी में हाई अलर्ट, पूरा इलाका खाली कराया, एयरपोर्ट-रेलवे स्टेशन व प्रमुख बाजारों में सुरक्षा बढ़ाई गई

दिल्ली पुलिस ने सीसीटीवी के फुटेज से पता लगाया कि जिस कार में धमाका हुआ, वो आई 20 थी, उसका टाइमर कहां से ऑपरेट किया गया? ये भी पता लगाया जा रहा है



धमाके के बाद कई कारें जलकर खाक हो गईं, फायर ब्रिगेड की टीम द्वारा आग बुझाने के बाद मौके पर पड़ा मलबा।

## धमाके के बाद क्या हुआ?

- 10 से ज्यादा कारों के परखच्चे उड़े, तीन से ज्यादा बैट्री रिक्शे तबाह
- आसपास के कई घरों की खिड़कियों और गौरीशंकर व जैन मंदिर के शीशे चकनाचूर हो गए
- 20 से ज्यादा घायल एलएनजेपी अस्पताल में पहुंचाया गया
- 20 में से करीब 8 लोगों की हालत बेहद खराब
- दमकल की कई गाड़ियां और एंबुलेंस मौके पर मौजूद
- क्राइम ब्रांच, स्पेशल ब्रांच और फॉरेंसिक की टीमों ने जांच का मोर्चा संभाला
- ब्लास्ट की वजह से आस पास की स्ट्रीट लाइट भी टूट गई
- चांदनी चौक मार्केट को बंद कर दिया
- लाल के आसपास के पूरे इलाके और सड़कों को बंद कर दिया गया है

एजेंसी ▸▸नई दिल्ली

एक बार फिर दिल्ली को निशाना बनाया। दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास सोमवार शाम 6 बजकर 52 मिनट पर एक बड़ा धमाका हो गया। धमाके में 8 लोगों की मौत की पुष्टि हो गई है। जबकि 20 से ज्यादा घायल हुए हैं।

इनमें से 8 की हालत गंभीर है। यह धमाका मेट्रो स्टेशन के पास एक कार में हुआ है। जिसके बाद कार में आग लग गई। इस धमाके में आसपास की 10 से ज्यादा कारों के परखच्चे उड़ गए। तीन बैट्री रिक्शे तबाह हो गए। आसपास के कई घरों की खिड़कियों और गौरीशंकर व जैन मंदिर के शीशे चकनाचूर हो गए। घायलों को एलएनजेपी अस्पताल में पहुंचाया गया है। दमकल की कई गाड़ियां और एंबुलेंस मौके पर मौजूद हैं। क्राइम ब्रांच, स्पेशल ब्रांच और फॉरेंसिक की टीमों ने जांच का मोर्चा संभाल लिया है। दिल्ली पुलिस ने एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है। लाल किला क्षेत्र दिल्ली के सबसे ज्यादा व्यस्त और घनी आबादी वाले इलाके में शामिल है। दिल्ली अग्निशमन विभाग के अनुसार लाल किला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर 1 के पास खड़ी एक कार में विस्फोट की सूचना मिली थी, जिसके बाद आसपास खड़ी तीन से चार गाड़ियां भी आग की चपेट में आ गईं और क्षतिग्रस्त हो गईं। ▸▸शेष पेज 4 पर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गृहमंत्री अमित शाह से बात की। शाह ने दिल्ली पुलिस कमिश्नर से पूरा ब्यौरा लेकर पीएम को ब्रीफ किया

चश्मदीदों ने बताया कि मारे गए कई लोगों के हाथ-पैर और शरीर के कई अंग क्षत-विक्षत इधर-उधर पड़े दिखे

### कार मालिक सलमान पुलिस हिरासत में, हो रही पूछताछ

विस्फोट में इस्तेमाल हुई जिस कार से धमाका होने की बात कही जा रही है, वह आई-20 कार एक सलमान नाम के व्यक्ति के नाम पर रजिस्टर्ड थी। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए कार मालिक सलमान को हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ कर रही है। हालांकि, पूछताछ के दौरान सलमान ने पुलिस को बताया कि उसने यह कार आगे किसी ▸▸शेष पेज 4 पर

### जांच से पता लगेगा कि यह ब्लास्ट किस तरह का?

धमाका इतना तेज था कि वाहनों के परखच्चे उड़ गए। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि मैं गुरुद्वारे में था जब मैंने एक तेज आवाज सुनी। हम समझ ही नहीं पाए कि वह क्या थी, वह इतनी तेज थी। आस-पास खड़े कई वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। फोरेंसिक और टेक्निकल एक्सपर्ट मौके पर पहुच रहे हैं जो यह पता लगाएंगे कि आखिर यह ब्लास्ट किस तरह का है?

### हरियाणा पुलिस और जम्मू-कश्मीर पुलिस का संयुक्त ऑपरेशन ◂ देश में बड़े हमले की 'साजिश'.... फरीदाबाद में पकड़ी गई 'विस्फोट फैक्ट्री'

# 360 किलोग्राम 'विस्फोट' के बाद एक और घर से मिला 2550 किलो अमोनियम नाइट्रेट

आतंकियों के पास से अमोनियम नाइट्रेट, डेटोनेटर, गोला-बारूद और राइसिन जहर बनाने का सामान बरामद हुआ। डॉक्टर इस्लामिक स्टेट-खोरासान प्रांत से जुड़ा था और दिल्ली, लखनऊ और अहमदाबाद में हमले की साजिश रच रहा था

एजेंसी ▸▸नई दिल्ली

हरियाणा पुलिस और जम्मू-कश्मीर पुलिस के संयुक्त ऑपरेशन में फरीदाबाद से भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री और गोला-बारूद की बरामदगी के संबंध में एक डॉक्टर और एक मुस्लिम धर्मगुरु को गिरफ्तार किया गया है। यह गिरफ्तारी जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा की जा रही जांच के दौरान हुई है। फरीदाबाद पुलिस कमिश्नर सतेंद्र कुमार ▸▸शेष पेज 4 पर



डॉ. आदिल अहमद

इस मामले में दिल्ली, जम्मू कश्मीर, उत्तर प्रदेश, हरियाणा मप्र और गुजरात से कनेक्शन खंगाला जा रहा



आदिल के घर से खतरनाक हथियार बरामद हुए



फरीदाबाद में पुलिस आतंकी के ठिकाने की जांच करते हुए

### यह बरामद हुई सामग्री

*बरामद की गई सामग्री में एक असॉल्ट राइफल, तीन मैगजीन और 83 जिंदा कारतूस, एक पिस्टल, आठ जिंदा कारतूस, दो खाली मैगजीन, आठ बड़े और चार छोटे सूटकेस, और एक बाल्टी शामिल है, जिसमें से लगभग 360 किलोग्राम अमोनियम नाइट्रेट बरामद हुआ है। इसके अलावा, 20 टाइमर बैटरियां, 24 रिमोट, लगभग 5 किलोग्राम भारी धातु, वॉकी-टॉकी सेट, इलेक्ट्रिक तार, बैटरियां और अन्य संदिग्ध सामग्री भी जब्त की गई है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि यह आरडीएक्स नहीं है, बल्कि अमोनियम नाइट्रेट है। बरामद की गई राइफल एके-47 जैसी है, लेकिन उससे थोड़ी छोटी है।*

### आरोपी डॉक्टर ने यह सामान रखने किराए पर लिया था मकान

*पुलिस आयुक्त ने यह भी बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी डॉ. मुज्जमिल फरीदाबाद की अल-फलाह यूनिवर्सिटी में पढ़ाते थे। यूपी के सहारनपुर से जम्मू-कश्मीर पुलिस ने आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से संबंधों के चलते अनंतनाग के रहने वाले एक डॉक्टर आदिल अहमद को गिरफ्तार किया था। इसी कड़ी में कश्मीर पुलिस ने फरीदाबाद में किराए पर रह रहे डॉक्टर के कमरे में छापा मारा। बताया जा रहा है कि कश्मीरी डॉक्टर मुजाहिल शकील ने फरीदाबाद में किराए पर कमरा लिया था। आरोपी डॉक्टर यहां रहता नहीं था। उसने केवल सामान रखने के लिए कमरा लिया था। इस मामले में चार राज्यों जम्मू कश्मीर, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और गुजरात से पूरे मामले का कनेक्शन खंगाला जा रहा है। श्रीनगर में पकड़े गए आरोपी प्रतिबंधित आतंकी संगठनों जैश-ए-मोहम्मद और अंसार गजवत-उल-हिंद से जुड़े थे। यह नेटवर्क शिक्षित और पेशेवर युवाओं से जुड़ा था और विदेशी संपर्कों के माध्यम से संचालित हो रहा था। जांच में पता चला कि यह समूह एन्क्रिप्टेड चैनलों के जरिए भर्ती, समन्वय, धन-संग्रह और लॉजिस्टिक्स का काम करता था। धनराशि पेशेवर और शैक्षणिक नेटवर्क के माध्यम से, सामाजिक या धर्मार्थ कारणों का बहाना बनाकर जुटाई जा रही थी। आरोपी आतंकवाद के लिए लोगों की पहचान कर, उन्हें कट्टर बनाने और हथियार/आइईडी बनाने के लिए सामग्री जुटाने के लिए काम करता था । जांच के दौरान श्रीनगर, अनंतनाग, गांदरबल, शोपियां, फरीदाबाद और सहारनपुर में संयुक्त तलाशी अभियान चलाया गया।* ▸▸पढ़ें पेज 10 भी

वन विभाग का आईएफएस दंपति पर एक्शन

# विधायक पर झूठे आरोप में फंसी आईएफएस का ट्रांसफर, बाघ के शिकार के बाद बिना पीएम जलाने पर वन भवन में अचैट

**वन विभाग ने 4 आईएफएस सहित 3 एसएफएस स्तर के अधिकारियों के किए तबादले, मुरैना से भी डीएफओ को हटाया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बालाघाट में कांग्रेस विधायक अनुभा मुंजारे पर झूठे आरोप लगाने वाली महिला डीएफओ का तबादला कर दिया गया है। बालाघाट में रहते हुए डीएफओ नेहा श्रीवास्तव ने विधायक पर 3 लाख रुपए हर महीने देने का आरोप लगाया था। इस जांच के बाद विधायक को क्लीन चिट मिली और महिला अधिकारी का तबादला मध्य प्रदेश राज्य लघु वनोपज संघ में कर दिया गया है।

नेहा श्रीवास्तव डीएफओ उत्तर बालाघाट में पदस्थ थी। इधर, उनके पति डीएफओ दक्षिण बालाघाट अधर गुप्ता का भी ट्रांसफर किया गया है। उन्हें उपवन संरक्षक बल प्रमुख के ऑफिस में अटैच कर दिया गया है। वन विभाग की तरफ से दोनों अधिकारियों के खिलाफ ट्रांसफर के साथ कार्रवाई करने की भी संकेत दिए गए हैं। यह दोनों ही आईएफएस अधिकारी विभाग के लिए मुसीबत बन गए थे। दोनों की हरकतों की वजह वन विभाग के लिए सिर दर्द बन चुके थे। अधर गुप्ता के खिलाफ विभागीय जांच भी जल्द शुरू की जाएगी। क्योंकि उनके ऊपर आरोप है कि बाघ के शिकार के बाद उन्होंने बिना पोस्टमार्टम किए ही जलाने देने के निर्देश दिए थे। हालांकि इस मामले में कुछ वनकर्मियों पर कार्रवाई की गई है। अब डीएफओ के खिलाफ भी ट्रांसफर करते हुए एक्शन लेने की तैयारी की जा रही है। गुप्ता कोरोना कल के दौरान भी बिना किसी को सूचना दिए लंबी छुट्टी पर चले गए थे। इस मामले में भी विभागीय जांच के खिलाफ चल रही थी। वही दक्षिण मंगल में पदस्थ डीएफओ निध्यानतम एल को दक्षिण बालाघाट डीएफओ की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं सुजीत जे पाटिल डीएफओ मंडल को उपबंध संरक्षक प्रधान मुख्य वन संरक्षक के ऑफिस में पदस्थ किया गया है।



नेहा श्रीवास्तव एवं अनुभा मुंजारे

### इन अफसरों के भी हुए तबादले

राज्य वन सेवा के तीन अधिकारियों के तबादा किए गए हैं। माधव सिंह मौर्य सहायक संचालक पन्ना टाइगर रिजर्व को प्रभारी डीएफओ पश्चिम मंडल की जिम्मेदारी दी गई है। हरिश्चंद्र बघेल उपवन संरक्षक मध्य प्रदेश राज्य वन विकास निगम को प्रभारी डीएफओ मुरैना का बनाया गया है। इसके अलावा रेशम सिंह धुर्वे उप मंडल अधिकारी मनासा नीमच को प्रभारी डीएफओ उत्तर बालाघाट की जिम्मेदारी दी गई है।

**शासकीय भवनों पर रेस्को पद्धति से सोलर रूफटॉप संयंत्र स्थापना की स्वीकृति**

# आचार्य शंकर संग्रहालय अद्वैत लोक के निर्माण की पुनरीक्षित लागत 2424 करोड़ 369 लाख रुपए को कैबिनेट से मंजूर



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मन्त्रि-परिषद की बैठक, मंत्रालय में वंदे मातरम के सामूहिक गान के साथ आरंभ हुई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र कैबिनेट ने ओंकारेश्वर में एकात्म धाम परियोजना के तहत किए जाने वाले कार्यों के लिए सूचकांक में छूट प्रदाय किए जाने एवं आचार्य शंकर संग्रहालय अद्वैत लोक के निर्माण के लिए पुनरीक्षित लागत 2424 करोड़ 369 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। संस्कृति विभाग की ओर से ओंकारेश्वर में एकात्म धाम परियोजना में आचार्य शंकर की 108 फीट की बहूधातु प्रतिमा स्थापित की जाएगी। इसके साथ ही आचार्य शंकर के जीवन और दर्शन पर आधारित शंकर संग्रहालय, (अद्वैत लोक) निर्माण, आचार्य शंकर अंतर्राष्ट्रीय वेदान्त संस्थान, अद्वैत निलयम आदि निर्माण कार्य किए जाएंगे। ये सभी निर्माण कार्य एमपीटीसी की ओर से किए जाएंगे। इसके लिए जून 2025 में 2195 करोड़ 54 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई थी। कैबिनेट ने पुनरीक्षित लागत 2424 करोड़ 369 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की। कैबिनेट की बैठक सोमवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रालय में हुई। इसमें आधा दर्जन से अधिक निर्णय लिए गए।

### भोपाल में 211 साइट्स पर कुल 15 हजार 695 किलोवॉट के प्रोजेक्ट

कैबिनेट में हुए निर्णय अनुसार भोपाल में 211 साइट्स पर कुल 15 हजार 695 किलोवॉट, बुरहानपूर में 14 साइट्स पर कुल 348 किलोवॉट, छिंदवाड़ा में 31 साइट्स पर कुल 1661 किलोवॉट, देवास में 14 साइट्स पर कुल 284 किलोवॉट, ग्वालियर में 97 साइट्स पर कुल 5267 किलोवॉट, इंदौर में 106 साइट्स पर कुल 3128 किलोवॉट, जबलपुर में 49 साइट्स पर कुल 1432 किलोवॉट, कटनी में 14 साइट्स पर कुल 383 किलोवॉट, खंडवा में 16 साइट्स पर कुल 311 किलोवॉट, मुरैना में 14 साइट्स पर कुल 364 किलोवॉट, रतलाम में 29 साइट्स पर कुल 1229 किलोवॉट, रीवा में 20 साइट्स पर कुल 535 किलोवॉट, सागर में 35 साइट्स पर कुल 847 किलोवॉट, सतना में 11 साइट्स पर कुल 444 किलोवॉट, सिंगरौली में 15 साइट्स पर कुल 413 किलोवॉट और उज्जैन में 24 साइट्स पर 714 किलोवॉट कि क्षमता वाले सोलर रूफटॉप संयंत्र स्थापित किए जाएंगे।

**खण्डवा की तहसील मांधाता में व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ खण्ड के न्यायालय के लिए 7 नवीन पदों की स्वीकृति**

**शासकीय भवनों पर रेस्को पद्धति से सोलर रूफटॉप संयंत्र स्थापना**

कैबिनेट ने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में जिले के सभी शासकीय भवनों पर रेस्को पद्धति से सोलर रूफटॉप संयंत्र स्थापना की स्वीकृति प्रदान की गई। भारत सरकार के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत सभी शासकीय भवनों को सौर ऊर्जीकृत किए जाने के उद्देश्य से प्रदेश में राज्य शासन के भवनों की छतों पर रेस्को पद्धति अंतर्गत सोलर रूफटॉप संयंत्र लगाए जाएंगे। शासकीय विभागों को इन सौर परियोजनाओं में कोई निवेश नहीं करना होगा। शासकीय कार्यालयों में ऊर्जा के उपयोग के लिए रेस्को विकासक को प्रति यूनिट भुगतान करना होगा। यह दर डिस्कॉम की दरों से कम होना अपेक्षित हैं, जिससे शासकीय संस्थानों को बचत होगी। रेस्को मोड में शासकीय विभागों, संस्थाओं के भवन पर विकासक इकाई से 25 वर्ष की अवधि के लिए सोलर रूफटॉप संयंत्र स्थापित किए जाएंगे।

### 20 किलोवाट कांट्रेक्ट क्षमता से कम के संयत्रों की स्थापना

परियोजना में ऊर्जा विकास निगम से प्रत्येक जिले के समस्त शासकीय भवनों जिनकी विद्युत संयोजन की कांट्रेक्ट क्षमता 20 किलोवाट या अधिक है, को सौर ऊर्जीकृत किए जाने के लिए जिलेवार पृथक-पृथक निविदा का प्रावधान था। कैबिनेट की ओर से पृथक-पृथक के स्थान पर एक ही निविदा संचालित करने की स्वीकृति दी गई है। 20 किलोवाट कांट्रेक्ट क्षमता से कम के संयत्रों की स्थापना रेस्को व्यवस्था के माध्यम से की जाएगी। वन्य क्षेत्रों एवं ऑफ ग्रिड क्षेत्रों में कैपेक्स मोड पर सोलर रूफटॉप संयत्र स्थापना के लिए भी स्वीकृति दी गई। कैबिनेट ने खण्डवा की मांधाता तहसील में व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ खण्ड के न्यायालय के लिए व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ खण्ड श्रेणी का एक नवीन पद तथा अमले अतर्गत तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के 6 पद, इस तरह कुल 7 नवीन पदों के सृजन एवं अनुमानित वित्तीय भार 52 लाख 76 हजार रूपये प्रतिवर्ष की स्वीकृति दी गई है।

## भाजपा प्रदेश महामंत्री लता वानखेड़े ने किया राज्य मंत्रिमंडल के निर्णयों का स्वागत

भोपाल। भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश महामंत्री लता वानखेड़े ने सोमवार को राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए निर्णयों का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि राज्य मंत्रिमंडल ने लाडली बहना योजना की राशि 1250 से बढ़ाकर 1500 रुपये प्रतिमाह किए जाने को मंजूरी दी है। साथ ही भावांतर योजना की राशि किसानों के खातों में डालने, भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को उत्साहपूर्वक मनाने एवं ओंकारेश्वर में विकसित किए जा रहे अद्वैत धाम के संबंध में भी निर्णय लिए गए हैं। प्रदेश सरकार के इन निर्णयों से स्पष्ट होता है कि महिलाओं और किसानों के सशक्तीकरण की दिशा में प्रदेश सरकार बहुत तेजी से कदम बढ़ा रही है।



लता वानखेड़े

## युवक कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष को लेकर दिल्ली में विवाद- ऐलान होल्ड

**भोपाल।** मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस के नए प्रदेश अध्यक्ष के नाम को लेकर दिल्ली में जमकर विवाद की स्थिति बनी है। यूथ कांग्रेस के चुनाव में वोट चोरी और धांधली की शिकायत के बाद नए अध्यक्ष का नाम होल्ड कर दिया है। धांधली की शिकायत के बाद यूथ कांग्रेस चुनाव को लेकर जांच कराई जाएगी।

यूथ कांग्रेस चुनाव में 8:30 लाख वोट रिजेक्ट किए गए थे। चुनाव में पहले नंबर पर आए यश घनघोरिया को लाभ पहुंचने के आरोप लगे हैं। अन्य उम्मीदवारों ने चुनाव कराने वाली बेंगलुरु की एजेंसी पर भी शक जताया है। चुनाव परिणाम के बाद पहले, दूसरे और तीसरे नंबर के उम्मीदवार को दिल्ली बुलाये गए थे। दिल्ली में जांच के बाद प्रदेश अध्यक्ष के नाम का ऐलान होगा। चुनाव में करोड़ों रुपए की धांधली के भी आरोप लग चुके हैं। बता दें कि दिल्ली में मध्यप्रदेश यूथ कांग्रेस अध्यक्ष को लेकर इंटरव्यू हुआ। टॉप 3 यश घनघोरिया, अभिषेक परमार और देवेंद्र सिंह का इंटरव्यू हुआ। युवक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब और यूथ कांग्रेस के प्रभारी मनीष शर्मा ने इंटरव्यू लिया था। जांच के बाद दो से तीन दिन में अध्यक्ष का ऐलान हो सकता है। हालांकि दावा किया गया है कि 12 नवंबर को अध्यक्ष के नाम को लेकर फैसला हो जाएगा।

- इंटरव्यू के बाद प्रदेश लौटे यश घनघोरिया, अभिषेक परमार, देवेंद्र सिंह

**हरदा प्रदेश का पहला सिंचित जिला बनने की ओर अग्रसर**

# प्रदेश के एक करोड़ हेक्टेयर रकबे को सिंचित बनाना हमारा लक्ष्यः मुख्यमंत्री डॉ. यादव

- सिंचाई परियोजनाएं तय समय सीमा में पूरा करने के निर्देश
- मुख्यमंत्री ने की निर्माणाधीन सिंचाई परियोजनाओं की समीक्षा

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के एक करोड़ हेक्टेयर कृषि रकबे को सिंचित बनाना हमारा प्राथमिक लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि प्रदेश का हरदा जिला जल्द ही शत-प्रतिशत सिंचित जिला बनने की ओर तेजी से अग्रसर है। हरदा जिले में शहीद ईलाप सिंह माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना प्रगति पर है। करीब 756.76 करोड़ रुपए की लागत वाली इस परियोजना से हरदा जिले के 39 हजार 976 हेक्टेयर रकबे में सिंचाई की स्थायी सुविधा मिलेगी। इस परियोजना के पूरा होने पर हरदा प्रदेश का पहला शत-प्रतिशत सिंचित जिला बन जाएगा। डॉ यादव सोमवार को मंत्रालय में नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण की 268वीं, नर्मदा नियंत्रण मंडल की 85वीं और नर्मदा बेसिन प्रोजेक्ट्स कंपनी लिमिटेड के गवर्निंग बोर्ड की 33वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए संबोधित कर रहे थे। बैठक में नर्मदा घाटी प्राधिकरण एवं नर्मदा नियंत्रण मंडल द्वारा प्रस्तावित सभी परियोजना प्रस्तावों एवं उनके उपबंधों का अनुमोदन किया गया।



समीक्षा बैठक में मॉजूद मुख्यमंत्री डॉ यादव

**निर्माणाधीन परियोजनाओं की समय सीमा में न हो वृद्धि**

मुख्यमंत्री ने विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रदेश में निर्माणाधीन परियोजनाएं हर हाल में तय समय-सीमा में ही पूरी की जाएं। मुख्यमंत्री ने नर्मदा बेसिन प्रोजेक्टस कंपनी लिमिटेड द्वारा पूर्ण कराई जा रही परियोजनाओं के बारे में कहा कि निर्माणाधीन परियोजनाओं में वित्तीय आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए एशियन और इंटरनेशनल मौद्रिक संस्थाओं से उच्च स्तर का समन्वय किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सिंचाई सुविधाओं के विस्तार से जुड़े सभी प्रकार के निर्माण कार्यों की नियमित रूप से मॉनिटरिंग की जाए।

### दिसंबर 2027 तक पूर्ण हों सिंहस्थ-2028 से जुड़े कार्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि सिंहस्थ-2028 के लिए उज्जैन में शिप्रा नदी के घाटों, जल संरक्षण संरचनाओं और अन्य श्रेणी के निर्माण कार्य अनिवार्यतः दिसंबर 2027 तक पूर्ण हो जाने चाहिए। उज्जैन में गौशाला, घाट और धर्मशालाओं के निर्माण में धार्मिक एवं परमार्थिक संस्थाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सुझाव दिया कि आवश्यकता पड़ने पर कंपनियों के सीएसआर फंड से भी सहयोग लिया जाए।

**जल संसाधन विभाग के कार्यों की सराहना**

जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने बताया कि बीते 2 वर्षों में हरदा, बड़वानी और धार जिलों के जनजातीय अंचलों में करीब 2 लाख हेक्टेयर रकबे में सिंचाई उपलब्ध कराने वाली परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं। इस पर मुख्यमंत्री डॉ यादव ने जल संसाधन विभाग को इस उत्कृष्ट कार्य के लिए बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश के जनजातीय बहुल क्षेत्रों में सिंचाई सुविधाओं का यह विस्तार प्रदेश के समग्र विकास का आधार बनेगा। अपर मुख्य सचिव, जल संसाधन डॉ राजेश राजौरा ने बताया कि निर्माणाधीन स्लीमनाबाद टनल एलाईनमेंट के मध्य मिट्टी स्थिरीकरण के लिए केमिकल/कोल ग्राउटिंग मात्राओं की स्वीकृति दी जा चुकी है। इसका निर्माण कार्य लगभग पूर्णता की ओर है। शेष काम मात्र सवा 2 महीने में पूरा हो जाएगा। यह परियोजना 31 जनवरी 2026 तक पूरी कर ली जाएगी, इससे पूरा क्षेत्र कृषि उत्पादन में अग्रणी बन जाएगा।




भोपाल
मंगलवार, 11 नवंबर 2025
अगहन मास कृष्ण पक्ष -07
वर्ष : 12, अंक : 221
पृष्ठ : 14+8 = 22 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 26
न्यून. 12

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

11 रणजी सीजन में मुलानी ने तीसरी...



विचार पेज
06 शटडाउनः अमेरिकी व्यवस्था...



मतदान के दूसरे चरण की तैयारियों में जुटे मतदान कर्मचारी

## बिहार में आज अंतिम चरण का मतदान

# 122 सीटों पर 3.7 करोड़ मतदाता चुनेंगे अगली सरकार

### 1,302 उम्मीदवारों की किस्मत का होगा फैसला

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 अपने सबसे महत्वपूर्ण पड़ाव पर पहुंच गया है। मंगलवार 11 नवंबर को राज्य में दूसरे और अंतिम चरण का मतदान होगा, जिसके बाद 243 सदस्यीय विधानसभा चुनाव में वोटिंग की प्रक्रिया संपन्न हो जाएगी।

पहले चरण में 65% के भारी मतदान के बाद अब दूसरे चरण में भी बंपर वोटिंग की उम्मीद की जा रही है। दूसरे चरण में 20 जिलों की 122 विधानसभा सीटों पर वोट डाले जाएंगे। सभी सीटों के लिए वोटों की गिनती 14 नवंबर को होगी। दूसरे चरण में जिन 20 जिलों में मतदान होगा उनमें पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी, शिवहर, मधुबनी, सुपौल, अररिया, किशनगंज, पूर्णिया, कटिहार, भागलपुर, बांका, जमुई, नवादा, गया, औरंगाबाद, जहानाबाद, अरवल, कैमूर और रोहतास शामिल हैं। ▶▶ पढ़ें पेज 09 भी

### 45,399 बूथों पर अर्द्धसैनिक बलों के जवान तैनात रहेंगे

मतदान केंद्रों पर तीन लेयर में सुरक्षा की व्यवस्था रहेगी। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल की लगभग 500 कंपनियां (लगभग 50,000) बिहार में चुनाव-पूर्व ड्यूटी पर तैनात थीं और बाद में, सीएपीएफ की 500 और कंपनियां राज्य में पहुंचीं। दूसरे राज्यों से आई रिजर्व बटालियनों के लगभग 2,000 जवान, बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस के 30,000 जवान, 20,000 से ज्यादा होमगार्ड, लगभग 19,000 नए भर्ती हुए कॉन्स्टेबल और लगभग 1.5 लाख चौकीदार (ग्रामीण पुलिस) भी दोनों चरणों के लिए चुनाव ड्यूटी पर तैनात हैं।



### इंडो-नेपाल सीमा सील

मतदान से 72 घंटे पहले इंडो-नेपाल सीमा को पूरी तरह से सील कर दिया गया है, ताकि सीमा पार से किसी भी तरह की अवैध गतिविधियों, शराब या नकदी के आवागमन पर रोक लगाई जा सके।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

हरिभूमि सहेली आज के अंक के साथ

## खबर संक्षेप

### नया 'आधार एप' लॉन्च लोगों को मिलेगी सुविधा

**नई दिल्ली।** आधार कार्ड एक प्रकार से हमारी पहचान के रूप में काम आता है। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने नया आधार एप लॉन्च किया है। इस नए एप के जरिए अब लोगों को अपने आधार को डिजिटल रूप से सुरक्षित रखने, शेयर करने और वेरीफाई करने की सुविधा मिलेगी।



### डीएलसी अभियान 4.0 शुरू, आज मेगा कैंप

**नई दिल्ली।** कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय की ओर से 1 से 30 नवंबर तक चलाए जा रहे राष्ट्रव्यापी डीएलसी अभियान 4.0 के तहत 11 नवंबर 2025 को चेन्नई में तांबरम स्थित एयरफोर्स ऑडिटोरियम में एक मेगा कैंप का आयोजन किया जाएगा।



### मुरैना के युवक ने दिल्ली में की आत्महत्या

**मुरैना।** 35 वर्षीय युवक ने सोमवार सुबह दिल्ली के जंतर-मंतर पर खुद को गोली मारकर सुसाइड कर लिया। वह छह साल से बड़ी बहन को अनुकंपा नौकरी नहीं मिलने से परेशान था। रविवार दोपहर तक वह अंबाह के अपने घर में था। शाम को दिल्ली के लिए रवाना हुआ।



## मोहन कैबिनेट का अहम फैसला

### हर माह 1250 मिलते थे, 250 रु. बढ़ोतरी के मसौदे को मिली मंजूरी

# 1.26 करोड़ लाड़ली बहनों को इसी महीने से 1500 रुपए मिलेंगे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने वादे के मुताबिक 1.26 करोड़ लाड़ली बहनों को लाड़ली बहना योजना में बढ़ोतरी की सौगात दी है। अभी तक लाड़ली बहनों को 1250 रुपए मासिक मिलते थे, किंतु इसी महीने से 250 रुपए बढ़ोतरी के अब 1500 रुपए मिलना शुरू हो जाएंगे। मप्र कैबिनेट की बैठक में 250 रुपए बढ़ोतरी के मसौदे को मंजूरी दे दी गई। इस पर इस वर्ष से करीब 20,450 करोड़ रुपए से अधिक राशि खर्च करेगी। मप्र कैबिनेट की बैठक सोमवार को मंत्रालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की।

बैठक में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत दी जाने वाली मासिक आर्थिक सहायता राशि 1250 रुपए में वृद्धि कर 1500 रुपए किए जाने की स्वीकृति दी गई। लाड़ली बहनों को मार्च 2023 से 1000 रुपए मासिक आर्थिक सहायता राशि के साथ योजना शुरू की गई थी। सितंबर 2023 से इसे बढ़ाकर 1,250 रुपए कर दिया गया। मुख्यमंत्री ने भाई दूज से इसे बढ़ाकर 1500 रुपए करने का वादा किया था। इस योजना में 250 रुपए की वृद्धि किए जाने पर वित्तीय वर्ष 2025-26 में 1,793 करोड़ 75 लाख रुपए के अतिरिक्त बजट की जरूरत होगी। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 20,450 करोड़ 99 लाख रुपए का संभावित व्यय होगा। ▶▶ शेष पेज 4 पर

**मुख्यमंत्री ने भाई दूज से इसे बढ़ाकर 1500 रुपए करने का किया था वादा**



कैबिनेट बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित कैबिनेट मंत्री

- *आज स्टैच्यू ऑफ यूनिटी केवड़िया में मनाया जाएगा मध्यप्रदेश दिवस*
- *मुख्यमंत्री अपने कैबिनेट के साथ होंगे शामिल*
- *भारत पर्व 2025 में मप्र की संस्कृति, पर्यटन और स्वाद का होगा अद्भुत संगम*

### मोहन कैबिनेट आज केवड़िया गुजरात में रहेगी

लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती के अवसर पर स्टेच्यू ऑफ यूनिटी केवड़िया गुजरात में 1 से 15 नवंबर तक भारत पर्व का आयोजन शुरू हुआ है। यह आयोजन मुख्यमंत्री डॉ. यादव के विशिष्ट आतिथ्य में भारत पर्व 2025 के तहत मंगलवार 11 नवंबर को गुजरात के केवड़िया में मप्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इसमें मप्र से कैबिनेट के सभी सदस्यों को पहुंचने का आग्रह किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भी कैबिनेट की अनौपचारिक बैठक में सभी मंत्रियों से इस कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की। उन्होंने कहा कि आयोजन का उद्देश्य ▶▶ शेष पेज 4 पर

### स्टूडियो किचन में मध्यप्रदेश का स्वाद

मप्र पर्यटन विकास निगम (एमपीएसटीडीसी) की ओर से केवड़िया में स्टूडियो किचन की विशेष प्रस्तुति दी जा रही है, जिसमें प्रदेश के पारंपरिक और प्रादेशिक व्यंजन लाइव तैयार कर परोसे जाएंगे। यह प्रस्तुति फ्लेवर्स फ्रॉम द हार्ट ऑफ इंडिया की थीम पर आधारित है। बुंदेलखंड क्षेत्र का खट्टा-तीखा छाछ पर आधारित पेय सन्नाटा, ▶▶ शेष पेज 4 पर

### दिल्ली में 'उद्योग संगम' में मप्र करेगा नवाचारों की प्रस्तुति

**भोपाल।** केंद्र सरकार के उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग की ओर से नई दिल्ली में मंगलवार 11 नवंबर को 'उद्योग संगम' का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय स्तर के इस सम्मेलन देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री सहभागिता करेंगे। इस कार्यक्रम में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ▶▶ शेष पेज 4 पर

## सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से मांगा जवाब

# महिलाओं के लिए 33% आरक्षण लागू करने सुप्रीम कोर्ट में याचिका

### याचिका को संविधान (106वां संशोधन) अधिनियम, 2023 में नारी शक्ति वंदन अधिनियम जोड़ा गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर कर नारी शक्ति वंदन अधिनियम यानी लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33% आरक्षण लागू करने की मांग की गई है। याचिका में उस प्रावधान को चुनौती दी गई है, जिसमें यह अंकुश लगाया गया है कि यह अधिनियम अगली जनगणना और उसके बाद लोकसभा व विधानसभाओं का परिसीमन होने के बाद लागू किया जाएगा। यह परिसीमन 2029 तक पूरा होना है। मामले पर प्रारंभिक सुनवाई के बाद जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस आर महादेवन की खंडपीठ ने केन्द्रीय विधि एवं गृह मंत्रालय को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। दमोह निवासी जया ▶▶ शेष पेज 4 पर

### कानून को लागू करना कार्यपालिका का अधिकारः जस्टिस नागरत्ना

जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि किसी कानून को लागू करना कार्यपालिका के अधिकार क्षेत्र में आता है। वरिष्ठ अधिवक्ता ने स्पष्ट किया कि हम यह नहीं कह रहे कि अदालत इसे तुरंत लागू करने का आदेश दे। हमारा केवल इतना कहना है कि इसे भविष्य की किसी अनिश्चित प्रक्रिया पर निर्भर नहीं किया जाना चाहिए, क्योंकि यह प्रक्रिया कब शुरू और पूरी होगी, कोई नहीं जानता। दलील दी गई कि संसद ने जब एक-तिहाई आरक्षण का प्रावधान किया, तब यह मानकर चलना चाहिए कि वैज्ञानिक डेटा पहले से उपलब्ध था।

## बंद घर से निकली जहरीली गैस

### दरवाजा तोड़ने पर निकली केमिकल निर्माण की फैक्ट्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैहर



▪ सेंपल जांच के लिए भेजे, सालों से बंद था घर

जिले के कुम्हारी गांव में सोमवार दोपहर एक बंद पड़े घर से अचानक जहरीली गैस से हड़कंप मच गया। आसपास के ग्रामीणों को आंखों में तेज जलन, सिरदर्द और सांस लेने में परेशानी होने लगी। सूचना मिलते ही अमरपाटन पुलिस, बम डिस्पोजल स्क्वॉड, फोरेंसिक टीम और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने ▶▶ शेष पेज 4 पर

## विदिशा में किसान हादसे का शिकार

### रोटावेटर मशीन में पिसा शरीर के हुए टुकड़े-टुकड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



▪ मशीने में कपड़ा फंसने से हुआ हादसा

सिरोंज के देवीटोरी गांव में खेत जोत रहा 30 वर्षीय किसान ट्रैक्टर में लगे रोटावेटर में फंसकर जिंदा पिस गया और चंद सेकंड में उसका शरीर टुकड़े-टुकड़े हो गया। हादसे की वीभत्सता का अंदाजा इस बात से लगा सकते हैं कि पुलिस ने जब मशीन खोलकर उसका शव निकाला तो वह दर्जन भर टुकड़ों में निकालना पड़ा। देवी टोरी गांव में ▶▶ शेष पेज 4 पर

## सागर में उल्टी-दस्त के कई मामले

### गर्भवती महिला और 4 साल के बच्चे की मौत, 11 बीमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर




▪ जलस्त्रोतों में दवा छिड़काव किया गया

जिले के देवरी जनपद की गुगवारा ग्राम पंचायत के पड़रई गांव में उल्टी-दस्त फैलने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया है। गांव में कई लोग बीमार हो गए हैं, जिनमें से दो लोगों की मौत हो चुकी है। 11 बीमार लोगों को देवरी और सागर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उल्टी-दस्त से पीड़ित 4 वर्षीय कृष्णा और 28 वर्षीय मनीषा को अस्पताल ▶▶ शेष पेज 4 पर

## सबसे ठंडे शहडोल में पारा 7.2 डिग्री, छह जिले 9 डिग्री के नीचे

# शीतलहर के बीच कोहरा गहराया, दतिया ग्वालियर में 'विजिबिलिटी' 500 मीटर



राजधानी की करोंद मंडी ब्रिज- 1, रात 9:30 बजे कोहरे का दृश्य

*भोपाल सहित चार जिलों में लगातार तीसरे दिन सीवियर कोल्ड वेव रही*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में पश्चिमी मध्य प्रदेश में सोमवार को लगातार तीसरे दिन कड़ाके की सर्दी रही। भोपाल, राजगढ़, इंदौर और शहडोल में तीसरे दिन भी सीवियर कोल्ड वेव का असर रहा।

रीवा, छिंदवाड़ा, मलाजखंड और बैतूल जिलों में शीतलहर चली। भोपाल में रात का पारा दशमलव 8 डिग्री बढ़कर 8.8 डिग्री रहा, जो नॉर्मल से 7.5 डिग्री कम है। कई जिलों में सोमवार से शीतलहर के साथ घने कोहरे का असर भी बढ़ने लगा है। दतिया और ग्वालियर में सुबह घना कोहरा रहा। यहां दृश्यता सुबह 5:30 से 8:30 बजे के बीच 500 मीटर तक पहुंच गई। नर्मदापुरम, इंदौर, खजुराहो, मंडला, रीवा और सतना ▶▶ शेष पेज 4 पर

## 10 दिन पहले भी अस्पताल किया था उनको भर्ती

# अभिनेता धर्मेंद्र की हालत नाजुक ब्रीच कैंडी अस्पताल में हुए भर्ती

**परिजनों ने कहा- वे वेंटिलेटर पर नहीं आईसीयू में**

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हिंदी सिनेमा के दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र (89) की तबीयत फिर खराब हो गई है। इस बार उनकी हालत नाजुक है। उनको ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अगले 48 घंटे तक वो डॉक्टर्स की निगरानी में रहेंगे।

10 दिन पहले भी उनको उम्र से जुड़ी परेशानियों के चलते अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पहले खबर थी कि वे वेंटिलेटर पर हैं। बाद में, परिजनों ने कहा कि वे आईसीयू में हैं। वे भारतीय हिंदी सिनेमा के ही-मैन के नाम से मशहूर हैं। मार्च के आखिर में धर्मेंद्र की आंखों की ग्राफ्ट सर्जरी हुई थी। तब अभिनेता ने कहा था-अभी बहुत दम है। अभी भी बहुत जान है। मैं बहुत मजबूत हूं। धर्मेंद्र अभी भी हिंदी फिल्मों में सक्रिय हैं। 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' के बाद एक बार फिर धर्मेंद्र बड़े पर्दे पर नजर आने वाले हैं। वह दिनेश विजन की अपकमिंग मूवी इक्कीस में भी हैं। फिल्म 25 दिसंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अभिनेता के करीबी दोस्त अवतार गिल ने कहा कि ▶▶ शेष पेज 4 पर



धर्मेंद्र

## नई शुरुआत : सीएम ने रीवा-नई दिल्ली विमान सेवा का किया शुभारंभ

# विंध्य वाले भी कहेंगे अब दिल्ली 'दूर' नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र ने एविएशन क्षेत्र में पूरे देश में अग्रणी स्थिति बनाई है। रीवा-दिल्ली-रीवा विमान सेवा से विंध्य क्षेत्र के विकास के नए द्वार खुल रहे हैं। एक समय जिस क्षेत्र में रेल नहीं मिलती थी, वहां से विमान सेवा शुरू हो रही है।

पहले रीवा से दिल्ली जाने में करीब 15 घंटे का समय लगता था, लेकिन अब यह दूरी बड़ी आसानी से लगभग 2 घंटे में तय होगी। विंध्य वाले भी गर्व से कह सकेंगे कि अब दिल्ली दूर नहीं है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोमवार को रीवा से नई दिल्ली विमान ▶▶ शेष पेज 4 पर

**सीएम डॉ. यादव ने कहा कि रीवा-दिल्ली विमान सेवा से विंध्य क्षेत्र में खुलेंगे विकास के नए द्वार**





सीएम ने वर्चुअल शुभारंभ किया

### देवतालाब के भोलेनाथ और चित्रकूट के भगवान श्रीराम का स्मरण

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के शुभारंभ में देवतालाब के भोलेनाथ स्वयं-भू महामृत्युंजय शिवजी और चित्रकूट के भगवान श्रीराम का स्मरण करते हुए कहा कि मां शारदा भवानी की कृपा से विंध्य को यह सौगात मिली है, यह पूरे मप्र के लिए गौरव का विषय है। सभी प्रदेशवासी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आभारी हैं। प्रधानमंत्री ने पिछले साल ही रीवा एयरपोर्ट का उद्घाटन किया था।

### अलायंस एयर संचालित करेगा रीवा दिल्ली विमान सेवा

रीवा-दिल्ली हवाई सेवा मप्र विमानन नीति-2025 के तहत वीजीएफ प्रावधानों से वित्त पोषित है। यह हवाई सेवा अलायंस एयर की ओर से संचालित की जाएगी। रीवा हवाई अड्डे का उद्घाटन के समय अब 3सी-आईएफआर श्रेणी के हवाई अड्डों में शामिल है, जिससे रात्रिकालीन विमान संचालन भी संभव हो सकेगा। विमानन विभाग ने प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर अलायंस एयर को रीवा-दिल्ली हवाई सेवा के संचालन के लिए लेटर ऑफ अवार्ड सौंपा था।

शहर के कई रूटों पर पब्लिक ट्रांसपोर्ट की पर्याप्त सुविधा नहीं, ऑटो चालक वसूलते हैं मनमाना किराया

# बाइक पर बैठी सवारी को हेलमेट की अनिवार्यता: ट्रैफिक चेकिंग के डर से अब बाइक चालकों ने छात्रों व बुजुर्गों को लिफ्ट देना किया बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बाइक पर चार साल से अधिक आयु की बैठी सवारी को हेलमेट की अनिवार्यता के चलते छात्रों,बुजुर्गों के लिए परेशानी झेलनी पड़ रही है। दरअसल इस नियम के बाद यातायात पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान कार्रवाई की जा रही है। ट्रैफिक चेकिंग के डर से अब बाइक चालकों ने छात्रों व बुजुर्गों को लिफ्ट देना बंद कर दिया है। ऐसे में अब छात्रों व बुजुर्गों कई किमी तक पैदल चलने को मजबूर है। दरअसल कई रूटों पर पब्लिक ट्रांसपोर्ट के पर्याप्त साधन नहीं है। तो वहीं दूसरी ओर कैब या ऑटो की सुविधा है। लेकिन इनके चालक अपना मनमाना किराया वसूलते है। ऐसे में छात्र व बुजुर्ग दो-पहिया चालकों से लिफ्ट लिया करते थे। लेकिन अब चालानी कार्रवाई के डर से बाइक चालकों ने लिफ्ट देना बंद कर दिया है। हरिभूमि ने राजधानी के छात्रों व बुजुर्गों से बात की। तो अधिकांश छात्र व युवाओं ने यह परेशानी बताई। कई छात्रों व युवाओं का कहना था कि हेलमेट की अनिवार्यता सहीं है। वाहन चालकों के मोटर व्हीकल एक्ट का पालन करना तो सहीं है। लेकिन छात्रों को इससे परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन को पहले सभी रूटों पर पर्याप्त पब्लिक ट्रांसपोर्ट के साधान उपलब्ध कराना चाहिए। इसके बाद इस तरह की कार्रवाई करनी चाहिए ।



दोपहिया वाहनों के हेलमेट अभियान के लिए तत्पर दिखाई दे रही पुलिसकर्मी।

### 21 पॉइंट पर ट्रैफिक पुलिस ने चलाया अभियान

राजधानी सहित प्रदेश के चार महानगरों में दो पहिया वाहनों पर पीछे की सवारी को भी हेलमेट की अनिवार्यता का नियम 6 नवंबर से लागू किया गया था। इस नियम लागू होने के बाद शहर के 21 पॉइंट पर ट्रैफिक पुलिस ने अभियान चलाकर बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले दो पहिया वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई कर रही है। पिछले पांच दिनों में करीब तीन हजार वाहन चालकों के चालान कटे गए। इनमें 1300 उनके चालान शामिल है,जिन वाहन के पीछे बैठे सवार ने हेलमेट नहीं लगाया था। इस कारण कई जगह विवाद की स्थिति तो बन रही है। तो वहीं चालान के डर से अब छात्रों, बुजुर्गो व जरूरतमंदों को दोपहिया चालकों ने लिफ्ट देना बंद कर दिया है।

### 10 माह में 32 हजार बिना हेलमेट पकड़े, बीते साल 22 हजार थे

राजधानी में 10 माह में 32 हजार बिना हेलमेट वाहन चालकों पर ट्रैफिक पुलिस ने कार्रवाई की। जबकि बीते वर्ष इस अवधि में बिना हेलमेट के 22 हजार वाहन चालकों पर चालान की कार्रवाई की गई थी।

### इन रूटों पर नहीं सस्ता सरल पब्लिक ट्रांसपोर्ट

अयोध्या नगर से गांधी नगर, ईदगाह हिल्स से एम्स, पुतली घर से सीआरपीएफ कैंप, करोंद से बैरागढ़ चीचली, भौंरी से मंडीदीप, कोकता से लालघाटी, कोच फैक्टरी से बैरागढ़ चीचली, आकृति इको सिटी से चिरायु अस्पताल, नारियल खेड़ा से एलएन सिटी कॉलेज, मिसरोद से एयरपोर्ट, लांबाखेड़ा से अर्चना होम्स, नादरा से बिल्किसगंज, नादरा से एम्स, रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से सेम कॉलेज, मुबारकपुर चौराहा से बर्रई और चिरायु अस्पताल से सेम कॉलेज के रूट पूरी तरह बंद हो चुके हैं। इन रूटों पर सफर के लिए निजी वाहन या फिर ऑटो-टैक्सी का सहारा है।

### युवा बोले...

#### पब्लिक ट्रांसपोर्ट की सुविधा नहीं अब लिफ्ट भी बंद



प्रशासन की ओर पब्लिक ट्रांसपोर्ट की सुविधा पहले ही बंद थी। ऑटो-टैक्सी वाले अधिक किराया वसूलते है। ऐसे में लिफ्ट का सहारा था। लेकिन अब पीछे बैठी सवारी को हेलमेट की अनिवार्यता के चलते वाहन चालकों ने लिफ्ट देना बंद कर दिया। **भास्कर राव, छात्र**

#### पैदल चलना पड़ रहा है



बाइक पर पीछे बैठी सवारी को हेलमेट की अनिवार्यता करने के चलते अब बाइक चालकों ने लिफ्ट देना बंद दिया। ऐसे में अब पैदल चल कर मैन सड़क पर आना पड़ता है। इसके बाद बस सुविधा मिलती है। इसके चलते खासी परेशानी झेलनी पड़ रही है।
**-मयूर उपाध्याय, छात्र**

### व्यक्तिगत समस्या है

यातायात पुलिस सरकार के नियमों का पालन कर रही है। छात्रों व बुजुर्गों को लिफ्ट नहीं मिल रही है। यह एक व्यक्तिगत समस्या है।
**बसंत कौल, डीसीपी ट्रैफिक**

### 623 वाहन चालकों के बने चालान

यातायात पुलिस डीसीपी बसंत कौल ने बताया कि सड़क हादसों पर लगाम लगाने और यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए मप्र पुलिस बिना हेलमेट पीछे बैठाने वाले वाहन चलाने पर विशेष कार्रवाई की जा रही है। अभियान के दूसरे दिन शुक्रवार को करीब 623 लोगों के चालान कटे गए। जिनसे समन शुल्क के रूप में 2,04,000 जमा कराया गया। इनमें 106 चालान पीछे बिना हेलमेट के सवारी बैठकर वाहन चलाने वाले लोग है।

---

50 लाख से ज्यादा की बल्ली, लकड़ी, बांस जलकर खाक हो गए थे खाक, आग के कारणों का अब तक खुलासा नहीं

# टिंबर मार्केट में आग: दुकानों व गोदामों की जांच करने पहुंची फायर कर्मियों की टीम, नहीं मिले फायर सेफ्टी उपकरण, दिए जाएंगे नोटिस

### खास बातें

- 19 घंटे बाद भी निकल रहा था धुआं, आसपास केवल जली लकड़ी का ढेर, दो करोड़ से ज्यादा का नुकसान
- एक मैजिक झुलस गई, एक दुपहिया वाहन खाक, दुकानों में लगीं मशीनें, फर्नीचर, सेंटिंग की बल्ली, प्लाई व अन्य लकड़ी जली
- पीछे एक दुकान में लगी आग ने भीतर ही भीतर आठ दुकानों को अपनी जद में लिया
- टिंबर एसोसिएशन ने कहा- नुकसान का आंकलन करना अभी मुश्किल, लेकिन दो करोड़ से ज्यादा का नुकसान
- नेशनल शॉ मिल को सबसे ज्यादा 50 लाख के नुकसान का अनुमान, दो ट्रक प्लाई हुई खाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रविवार को टिंबर मार्केट में लगी आग के बाद सोमवार को निगम के फायर कर्मियों ने दुकानों व गोदामों की जांच की। कहीं कोई चिंगारी से आग भडक न जाए इसलिए एक-एक क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। इस दौरान फायर टीम को फायर सेफ्टी उपकरण और फायर एनओसी नहीं मिली। इसे लेकर निगम दुकान संचालकों को नोटिस जारी करेगा।

पुल पातरा स्थित टिंबर मार्केट में रविवार को शाम लगी आग से दो करोड़ रुपए से ज्यादा के नुकसान का अनुमान है। यहां एक दुकान के पीछे हिस्से में लगी आग ने अंदर ही अंदर आठ दुकानों को अपनी जद में लिया था और उनमें रखा लकड़ी का सामान पूरी तरह से जलकर खाक हो गया। सबसे अधिक नुकसान नेशनल शॉ मिल में हुआ। यहां करीब 50 लाख रुपए से ज्यादा की बल्ली, लकड़ी, बांस जलकर खाक हो गए। हाल ही यहां मंगाई गई दो ट्रक प्लाई भी जलकर राख हो गई। परिसर में खड़ी एक मैजिक बुरी तरह झुलस गई और एक अन्य दुपहिया वाहन पूरी तरह से जलकर खाक गया।

आग अंदर ही अंदर इतनी भयावह हो गई थी कि उस पर काबू पाने में रात में तीन बजे गए, जबकि सोमवार को दोपहर 2 बजे तक कुछ दुकानों से धुआं निकलता रहा। हालांकि मौके पर फायर दमकलें और कर्मचारी मौजूद थे।


आरा मशीन पर आगजनी की घटना के बाद एकत्रित लोग।

### सैकड़ों टन लकड़ी, फर्नीचर, बुरादा जला, अब केवल कोयला और राख शेष



आठों दुकानों में मौजूद सैंकडों टन लकडी जलकर राख हो गई तो कई जगह कोयले का ढेर लग गया। दुकानों के अंदर रखी मशीनें पूरी तरह से झुलस गईं और टीन की दुकानों के शेड टेढ़े मेढ़े हो गए। दुकानदारों ने बताया कि वे रात भर नहीं सोए। निगम के फायरकर्मी आग के फैलाव को रोकने में कामयाब रहे वरन आग बेहद विकराल रूप ले सकती थी।

#### सागौन और चीड़ जैसी महंगी लकड़ी हुई खाक

अधिकांश दुकानों में सागौन, चीड़, हल्दू कैंप, बैंगलौर बल्ली बडी मात्रा में रखी थीं। इनमें सागौन और चीड़ महंगी होती है। यह जलकर खाक हो गई। मार्केट में अधिकांश लकडी गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र से आती है।

### 50 लाख का नुकसान

सबसे ज्यादा नुकसान हमारा हुआ है। पीछे के हिस्से में लगी आग की जद में हमारी दुकान आ गई। करीब 50 लाख रुपए नुकसान का अनुमान है। दो ट्रक तो नई प्लाई पूरी तरह से जल गई है। इसके अलावा बल्ली, सेंटिंग प्लाई जली है। पूरी तरह से नुकसान का आंकलन कुछ दिनों के बाद ही हो सकेगा।
**परवेज खान, संचालक, नेशनल शॉ मिल, टिंबर मार्केट**

आग से टिंबर मार्केट में भारी नुकसान हुआ है। आठ दुकानें पूरी तरह से जल गईं हैं। दो करोड़ से ज्यादा के नुकसान का अनुमान है। कलेक्टर के साथ टिंबर व्यवसायियों की बैठक भी हुई है।
**बदर-ए-आलम, अध्यक्ष, टिंबर एसोसिएशन, पुल पातरा**

सोमवार को टिंबर मार्केट में दुकानों व गोदामों की जांच इसलिए की गई कि कहीं कोई चिंगारी से आग न भडक जाए। फायर सेफ्टी उपकरण और फायर एनओसी नहीं मिलने को लेकर टिंबर संचालकों को नोटिस जारी किए जाएंगे।
**सौरभ कुमार पटेल, फायर आफिसर, नगर निगम**

### कलेक्टर से मिले टिंबर कारोबारी, बोले-एक साथ हो शिफ्टिंग

शहर के पातरा क्षेत्र भारत टॉकीज एरिया में 48 साल बसे टिंबर मार्केट को लेकर पिछले अठारह साल से चल रही शिफ्टिंग की कवायद एक बार फिर तेज हो गई है, दरअसल रविवार को आरा मशीनों में आग लग गई थी, जिसकी वजह से आठ से अधिक मशीनों को आग ने चपेट में ले लिया था। फायर दमकलों की मेहनता से समय रहते आग पर काबू पाया जा सका। जिसके बाद सोमवार को भोपाल सॉ मिल्स एंड टिंबर मर्चेंट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कलेक्टर कौशलेंद्र से मिलकर छोटा रातीबड़ में सभी मशीनों की एक साथ शिफ्टिंग करने की मांग रखी।

#### पहले फेस में 46 होंगी शिफ्ट, 143 का प्रस्ताव

पातरा पुल, बोगदा पुल, निशातपुरा, काजीकैंप, बैरागढ़ सहित अन्य जगहों पर 143 आरा मशीनों का संचालन हो रहा है। एसडीएम ने इन मशीनों की शिफ्टिंग को लेकर प्रस्ताव तैयार किया है। जिसके तहत इन्हें परवलिया स्थित छोटा रातीबड़ में शिफ्ट किया जाना है। पहले फेस में 46 आरा मशीनों को शिफ्ट किया जाएगा। मेट्रो रेल कारपोरेश्न ने इसके लिए करीब छह करोड़ की राशि भी डेढ़ साल पहले दी थी, लेकिन यहां अब तक जरूरी सुविधाओं का इंतजाम नहीं किया गया है, जिसकी वजह से शिफ्टिंग अटकी हुई है।

#### जनवरी में करा देंगे शिफ्टिंग

आरा मशीन कारोबारियों के प्रतिनिधि मंडल ने आग लगने के बाद जल्द शिफ्टिंग की मांग की है। छोटा रातीबड़ में डीआइसी द्वारा तैयारियां की जा रही हैं। उनकी मांग पर डीआइसी के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि तेजी से काम पूरा करें, जिससे जनवरी में आरा मशीनों की शिफ्टिंग शुरू कर दी जाएगी। **कौशलेंद्र विक्रम सिंह, कलेक्टर**

---

### खबर संक्षेप

#### निगम अमले ने कोकता ट्रांसपोर्ट नगर से 12 अवैध छप्पर हटाए



**भोपाल।** राजधानी के कोकता ट्रांसपोर्ट नगर में सोमवार को बांस-बल्ली के सहारे बनाए गए 12 से ज्यादा छप्पर निगम के अतिक्रमण विरोधी अमले ने तोड़ने की कार्रवाई। यह अवैध निर्माण कब्जा करने के उद्देश्य से किया जा रहा था। इसकी जानकारी लगने पर निगम अमला कार्रवाई के लिए पहुंचा। इधर एक दर्जन से अधिक क्षेत्रों से भी अतिक्रमण हटाया गया।

#### निगम के दैवेभो कर्मचारियों का वेतन जारी, हुआ था विरोध प्रदर्शन

**भोपाल।** नगर निगम प्रशासन ने सोमवार को नगर निगम में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों का 15 दिन का वेतन जारी कर दिया। दरअसल अक्टूबर माह का 15 दिन का ही वेतन उक्त कर्मचारियों को दिया गया था, जिससे वे नाराज हो गए थे और शनिवार को माता मंदिर मुख्यालय पर एकत्र होकर प्रदर्शन किया था। सफाई कर्मचारियों की नाराजगी इतनी ज्यादा थी कि उन्होंने अलग-अलग स्थानों पर विरोध प्रदर्शन करते हुए कचरा वाहन नहीं चलाए थे। निगम प्रशासन के आश्वासन के बाद आधा दिन बीतने के बाद सफाई का काम शुरू हुआ था।

कथा स्थल पर भूत प्रेत के साथ निकाली गई शिव-बारात

## बिना शर्त किए गए प्रेम से शिव को पाना बहुत आसान: पं व्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्री बालाजी भक्त परिवार के द्वारा कराई जा रही महाशिवपुराण कथा में शिव विवाह की कथा हुई। व्यास पीठ पर विराजित पंडित रमाकांत व्यास ने कहा जब भोलेनाथ पार्वती को शिव सृष्टि का ज्ञान दे रहे थे तब उनका ध्यान भटक गया था यह जानते ही भगवान ने माता पार्वती को श्राप दिया जिसके फल स्वरुप वह सती हो गई। इसके बाद पुनर्जन्म राजा हिमाचल के यहां हुआ।

माताजी ने गहरा तप कर शिव को पुनः पाया। हम कहीं भी कथा सुनने जांये ध्यान से सुने उसका अनादर नहीं करें और ना ही अपना ध्यान भटकने दे। भगवान से प्रेम बिना शर्त बिना अपेक्षा के करें। पार्वती जी ने श्राप को सहनशीलता से प्रेम के साथ स्वीकार किया और यही प्रेम की पराकाष्ठा ने शिव पार्वती का पुनर्मिलन कराया। शिव को पाने के लिए पूजा, पाठ, जप, तप से ज्यादा बिना शर्त किया गया प्रेम आवश्यक है। कथा स्थल पर भूत-प्रेत के साथ आकर्षक शिव-बारात निकाली गई जिसके बाद हुए विवाह उत्सव में यजमान परिवार के सुनील, प्रशांत, दिनेश, अशोक राकेश गुप्ता सहित बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने जमकर नृत्य किया।


अयोध्या नगर में भागवत कथा सुनाते पं रमाकांत व्यास। दूसरे चित्र में भजनों पर झूमते श्रद्धालु।

प्रत्येक मंगलवार ऑनलाइन होगा प्रशिक्षण, उच्च शिक्षा विभाग की पहल

## 38 उच्च शिक्षण संस्थानों को एनआईआरएफ की प्रक्रिया में शामिल होने ट्रेनिंग देगा उच्च शिक्षा विभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के उच्च शिक्षण संस्थानों एनआईआरएफ से मिलने वाले अंक के लिए आवेदन कर सके, इसके लिए प्रदेश के 38 उच्च शिक्षण संस्थानों को ट्रेनिंग दी जाएगी। उच्च शिक्षण संस्थानों को यह प्रशिक्षण प्रति मंगलवार ऑनलाइन दिया जाएगा, जो पांच सप्ताह तक चलेगा। उच्च शिक्षा विभाग ने इसके लिए बकायदा कार्ययोजना भी तैयार कर ली है। प्रशिक्षण के लिए चयनित महाविद्यालयों को एनआईआरएफ के बारे में विशेषज्ञों द्वारा अवगत कराया जाएगा। साथ ही उसके मापदंड भी बताए जाएंगे। प्रति मंगलवार को होने वाले इस प्रशिक्षण में अलग_अलग विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा।

#### क्या है एनआईआरएफ

भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) के माध्यम से उच्च शिक्षा संस्थानों को उनकी गुणवत्ता और प्रदर्शन के आधार पर रैंक करने की एक प्रक्रिया है। यह देश भर के संस्थानों को रैंकिंग प्रदान करने के लिए एक पद्धति का उपयोग करता है। साथ ही विभिन्न मापदंडों जैसे शिक्षण, सीखने और संसाधन, अनुसंधान, स्नातक परिणाम, समावेशिता और सहकर्मीधारणा के आधार पर संस्थानों का मूल्यांकन करता है।

#### प्रशिक्षण के लिए चयनित कॉलेजों को एनआईआरएफ के बारे में विशेषज्ञों द्वारा अवगत कराया जाएगा

एनआईआरएफ के लिए फैकल्टी मेंबर और विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान और नवाचार में संलग्न होने के लिए प्रोत्साहित करना। शैक्षणिक संस्थाओं को औद्योगिक संस्थानों के साथ जोडने एवं ज्ञान के आदान-प्रदान के लिए प्रोत्साहित करना। प्रकाशन, पेटेंट और वित्तपोषित परियोजनाओं के माध्यम से अनुसंधान के लिए सकारात्मक वातावरण तैयार करने के साथ ही साक्ष्य और परिणाम आधारित अनुसंधान को बढ़ावा देने का विशेष रूप से प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## एसपीएम कॉलेज में जलवायु परिवर्तन और जैव विविधता पर राष्ट्रीय वेबिनार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उच्च शिक्षा विभाग के सहयोग से राजधानी स्थित शास. डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय के वनस्पति शास्त्र विज्ञान विभाग द्वारा सोमवार को एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया।

इसका विषय जलवायु परिवर्तन और जैव विविधता में विशेषज्ञों ने वैश्विक चुनौतियों पर गहन विचार-विमर्श किया। शुरुआत प्राचार्य डॉ. शालिनी सक्सेना और बॉटनी की विभागाध्यक्ष डॉ कीर्ति जैन के उद्बोधन से हुई।

मुख्य अतिथि, अतिरिक्त संचालक डॉ मथुरा प्रसाद ने वेदों एवं पुराणों के माध्यम से जैव विविधता संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। एएफआरसी के अध्यक्ष डॉ. रविन्द्र कन्हारे ने इस वेबिनार की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे मंच जलवायु अनुकूलन और शमन रणनीतियों पर विचार-विमर्श के लिए महत्वपूर्ण हैं।

सुविधाएं बढ़ाने और भीड़ प्रबंधन को बेहतर बनाने का प्रयास

आधा दर्जन ट्रेनों में लगेंगे अतिरिक्त कोच,एम-यूटीएस मशीन से टीटीई स्टाफ देंगे टिकट

## इज्तिमा पर भोपाल स्टेशन के छह नंबर पर भीड़ नियंत्रित करने बनेगा अस्थाई होल्डिंग एरिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इज्तिमा में लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे। इसके चलते रेलवे स्टेशन पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु ट्रेनों से आएंगे। इसको लेकर भोपाल रेल मंडल की ओर से तैयारी शुरू कर दी है। भोपाल स्टेशन के छह नंबर पर यात्रियों की भीड़ से निपटने के लिए अस्थाई होल्डिंग एरिया बनाया जाएगा। इस होल्डिंग एरिया में टिकट मशीन, पूछताछ केंद्र, करीब हजारों की संख्या में लोगों के बैठने की व्यवस्था रहेगी। यह कदम यात्रियों की सुविधा बढ़ाने और भीड़ प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए उठाया जा रहा है।


इज्तिमा को लेकर लांबाखेड़ा रोड पर सड़क निर्माण का कार्य।

### एम-यूटीएस मशीन यात्रियों को मिल सकेगी टिकट

इस मौके पर स्टेशन पर अधिक भीड़ को देखते हुए। भोपाल मंडल की ओर से भोपाल स्टेशन पर दो एम-यूटीएस मशीन की सुविधा शुरू की जाएगी। इस दौरान टीटीई स्टॉप से यात्री प्लेटफार्म पर ही जनरल टिकट ले सकेंगे। यात्रियों को टिकट खिड़की पर लाइन नहीं लगना होगा।

### पांच ट्रेनों में लगेंगे अतिरिक्त कोच

इस मौके पर रेलवे की ओर से इज्तिमा में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए। पांच ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाने का निर्णय लिया है।

#### इन ट्रेनों में लगेंगे एक्स्ट्रा कोच

| ट्रेन नंबर | ट्रेन का नाम |
|---|---|
| 18235 | भोपाल - बिलासपुर एक्सप्रेस |
| 12197 | भोपाल- लियर इंटरसिटी एक्सप्रेस |
| 12854 | भोपाल-दुर्ग अमरकंटक एक्सप्रेस |
| 11272 | भोपाल-विंध्याचल, विंध्याचल एक्सप्रेस |
| 14814 | भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस |

### भोपाल स्टेशन पर 6 नंबर प्लेटफार्म की पार्किंग व्यवस्था रेलवे ने की बंद, इज्तिमा के चलते रेलवे लिया निर्णय

भोपाल स्टेशन पर रेलवे की ओर से छह नंबर प्लेटफार्म की पार्किंग बंद कर दी है। इसके चलते अब छह नंबर की ओर से सफर करने वाले यात्रियों को दो से तीन किमी का चक्कर लगाकर एक नंबर की ओर गाड़ी पार्क करनी होगी। दरअसल राजधानी में होने वाले इज्तिमा को रेलवे की ओर से तैयारी शुरू कर दी है। इज्तिमा के दौरान स्टेशन परिसर पार्किंग व्यवस्था में बदलाव किया जा रहा है।

पुलिस मुख्यालय की तरफ से जारी किए गए दिशा-निर्देश

# मध्य प्रदेश में हाई अलर्ट-आईजी इंटेलिजेंस ने सभी एसपी को निर्देश दिए, संवेदनशील और भीड़भाड़ वाली इलाकों में संदिग्धों पर रखें नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दिल्ली के मेट्रो स्टेशन के पास हुए ब्लास्ट के बाद मध्य प्रदेश में आईजी इंटेलीजेंस डॉ. आशीष ने सभी एसपी को अलर्ट कर दिया गया है। मध्य प्रदेश में पुलिस को हाई अलर्ट पर रहने के लिए निर्देश पुलिस मुख्यालय की तरफ से जारी किए गए हैं। रात में पेट्रोलिंग और स्टेट बार्डर हाईवे में पुलिस को चेकिंग के लिए कहा गया है।

पुलिस मुख्यालय की तरफ से जारी किए गए आदेश में कहा गया कि सभी एसपी भीड़भाड़ वाले जगह रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, बाजारों और अन्य स्थानों पर संदिग्ध लोगों पर नजर रखें। रेलवे स्टेशनों पर चेकिंग व्यवस्था को बेहतर तरीके से रखा जाए। इसके अलावा लोकल इंटेलिजेंस सिस्टम को भी मजबूत रखा जाए। राज्य में किसी भी तरीके की संदिग्ध स्थिति पर पुलिस मुख्यालय और अन्य एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित किया जाए। इस संबंध में पुलिस मुख्यालय ने सभी स्पा को वायरलेस मैसेज के जरिए निर्देश दिए हैं।

- भीड़भाड़ वाले स्थानों पर और संदिग्ध लोगों पर नजर
- रेलवे स्टेशनों पर चैकिंग व्यवस्था को बेहतर रखें
- सुरक्षा एजेंसियों की हर स्थिति पर रहेगी निगाह
- सभी स्पा को वायरलेस के जरिए जारी किए निर्देश

## हम सभी एजेंसियों के संपर्क में हैं : आईजी इंटेलिजेंस



सघन चैकिंग करते पुलिसकर्मी।

आईजी इंटेलीजेंस डॉ. आशीष ने बताया कि सभी एजेंसियों के संपर्क में रहने के निर्देश पुलिस अफसर को दिए गए हैं। सभी राज्य के बॉर्डर के जिलों में चेकिंग व्यवस्था को बेहतर तरीके से करने के लिए भी कहा गया है। हमारी साइबर इंटेलिजेंस और लोकल इंटेलिजेंस भी पूरी तरीके से सक्रिय है। राज्य में किसी भी प्रकार के कानून व्यवस्था को बिगड़ने नहीं दिया जाएगा। दिल्ली की ओर आने जाने वाले रास्तों पर भी नजर रखी जा रही है। साथ ही ट्रेन और बस से आने वाले लोगों पर भी संबंधित पुलिस की टीम और रेल पुलिस भी नजर रखे हुए हैं।

## पार्किंग एरिया रेलवे स्टेशन बस स्टैंड सहित भीडभाड़ वाले इलाकों पर रखी जाए नजर



भारत टाकीज इलाके में कार की तलाशी करते पुलिसकर्मी।

मध्यप्रदेश में पूरी तरीके से हाईअलर्ट कर दिया गया है। इस घटना के बाद मप्र के डीजीपी कैलाश मकवाना ने देर शाम पुलिस अफसरों की बैठक ली। उन्होंने जिलों के एसपी, आईजी समेत अन्य पुलिस अधिकारियों को भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए खास तौर पर निर्देश दिए हैं। डीजीपी ने कहा कि मप्र में भीड़भाड़ वाले इलाके पार्किंग, बस स्टैंड रेलवे स्टेशन पर खास तौर पर गंभीरता से नजर रखी जाए। इसके अलावा रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड में बम स्क्वायड डॉग स्क्वाड की मदद से चेकिंग कराई जाए। डीजीपी ने कहा कि खास तौर पर बड़े धार्मिक नगर उज्जैन महाकालेश्वर सहित अन्य नगरों पर बड़ी संख्या पर आने जाने वाले लोगों पर नजर रखी जाए।

संदिग्धों पर नजर

## भोपाल स्टेशन पर हाई अलर्ट, आरपीएफ अमला कर रहा सघन चेकिंग

दिल्ली लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास तेज धमाका के बाद भोपाल रेल मंडल आरपीएफ अमला अलर्ट होगा। सुरक्षा प्रबंधों को और अधिक सुदृढ़ बनाने और आसमाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए भोपाल स्टेशन पर रेल सुरक्षा बल द्वारा सघन चेकिंग अभियान शुरू किया गया। इस दौरान स्टेशन परिसर, प्लेटफार्मों, प्रवेश द्वारों एवं आगमन/प्रस्थान क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को कड़ा किया गया। आने-जाने वाले यात्रियों के सामान की गहन जांच की जा रही है। मंगलवार से पार्सल बुकिंग केंद्र पर बुक होने वाले पार्सलों की भी विस्तृत जांच की जाएगी। स्टेशन के सभी प्रमुख प्रवेश द्वारों पर सुरक्षा कर्मियों की अतिरिक्त तैनाती की जा रही है। ताकि हर आने-जाने वाले व्यक्ति की निगरानी और जांच सुनिश्चित की जा सके।

लिव इन पार्टनर के साथ भोपाल आते समय खजूरी सड़क इलाके में हुई थी बेसुध

# उज्जैन से भोपाल आ रही मॉडल की तबीयत बिगड़ी, अस्पताल में मौत

विदिशा के मंडी बामोरा की रहने वाली थी मॉडल, सोशल मीडिया पर दस हजार से ज्यादा थे फॉलोवर्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उज्जैन से भोपाल आ रही मॉडल की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह अपने लिव इन पार्टनर के साथ उज्जैन से भोपाल बस से आ रही थी, तभी खजूरी टोल के पास उसकी तबीयत बिगड़ गई। लिव इन पार्टनर उसे भैंसाखेड़ी स्थित निजी अस्पताल लेकर पहुंचा। वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना रविवार रात करीब दस बजे के आसपास की है। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया था। सोमवार को शव का पीएम कराने के बाद परिजन को सौंपा गया है।

परिजन बेटी की मौत को संदिग्ध बता रहे हैं। उन्होंने बेटी के लिव इन पार्टनर पर संदेह जताया है। हालांकि पुलिस शॉर्ट पीएम रिपोर्ट मिल चुकी है। रिपोर्ट में मौत का कारण गर्भावस्था संबंधी समस्या की बात सामने आई है। पुलिस फुल पीएम रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है। पुलिस का कहना है कि शरीर पर जो निशान मिले हैं, वह चोट के नहीं हैं। बल्कि पीएम के बाद बॉडी रखने के कारण अकड़ने के निशान हैं।

शॉर्ट पीएम रिपोर्ट में मौत का कारण गर्भविस्था संबंधी समस्या की बात सामने आई



फाइल फोटो

### भोपाल के लिए निकले थे दोनों

खुशबू अहिरवार उर्फ खुशबू वर्मा (22) मूलतः मंडीबामोरा विदिशा की रहने वाली थी और भानपुर मल्टी में कासिम नाम युवक के साथ लिव इन रिलेशन में रह रही थी। कासिम उज्जैन का है और यहां कैफे का संचालन करता है। कासिम ने पुलिस को बताया कि दो दिन पहले वह खुशबू अहिरवार को अपने साथ घर उज्जैन लेकर गया था। वहां से रविवार शाम दोनों बस से भोपाल आने के लिए निकले। खुशबू की तबीयत बिगड़ी हुई थी। उसके पेट में दर्द था। उज्जैन से वह भोपाल पहुंचने वाले थे। खजूरी सड़क टोल के पास उसने खुशबू को नींद से जगाने का प्रयास किया, लेकिन वह बेसुध हो गई। कुछ दूरी पर पेट्रोल पंप के पास उसने बस रुकवाई और खुशबू को बस से उतारा। वह ऑटो से खुशबू को लेकर भैंसाखेड़ी स्थित निजी अस्पताल पहुंचा था।

### मां को दी मोबाइल पर जानकारी

पुलिस ने बताया कि अस्पताल से रात करीब साढ़े दस बजे खुशबू की मौत की सूचना मिली थी। परिजन का कहना है कि उन्हें भी रात में कासिम ने कॉल कर बताया था कि खुशबू की मौत हो गई है। वे रात में ही भोपाल पहुंच गए थे। सुबह खुशबू का पीएम कराने के बाद वह शव लेकर विदिशा अपने गांव मंडीबामोरा चले गए।

### शॉर्ट पीएम रिपोर्ट में गर्भावस्था संबंधी समस्या से मौत

रविवार शाम पुलिस को खुशबू अहिरवार की शॉर्ट पीएम रिपोर्ट मिल गई है। शॉर्ट पीएम रिपोर्ट में पता चला कि वह गर्भवती थी। गर्भ संबंधी समस्या के कारण उसकी मौत हुई है। डॉक्टर ने शरीर पर चोट होने और गुप्तांग पर भी चोट होने की बात नहीं बताई है। परिजन के आरोप के कारण पुलिस अलग अलग पहलुओं पर जांच कर रही है।

### कासिम के साथ रिलेशन में थी खुशबू

कासिम ने पुलिस को बताया कि दोनों डेढ़ साल से लिव इन रिलेशन में रह रहे थे। तीन दिन पहले कासिम ने खुशबू की मां को बताया था कि वह मुस्लिम है और खुशबू के साथ रहता है। उसने खुशबू से मां की बात भी कराई थी। उसने यह भी बताया था कि अपने घर उज्जैन लेकर जा रहा है। परिजन ने बेटी के साथ कुछ गलत होने की आशंका जताई है।



अस्पताल के सीसीटीवी फुटेज

### फुल पीएम रिपोर्ट मिलने का इंतजार

पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस को शॉर्ट पीएम रिपोर्ट मिल गई है। प्रथम दृष्टया मौत गर्भावस्था संबंधी समस्या के कारण हुई है। पुलिस अलग-अलग पहलुओं पर जांच कर रही है। फुल पीएम रिपोर्ट मिलने का इंतजार किया जा रहा है। साथ ही खुशबू के लिव इन पार्टनर कासिम से भी पूछताछ की जा रही है।

मयूर खंडेलवाल, डीसीपी जोन-4

# शाम से हवाओं में ठंडक, देर रात कोहरा छाया, चार दिन ऐसा ही रहेगा मौसम

## एक डिग्री बढ़ा पारा फिर भी शीतलहर का असर जारी



यूनियन कार्बाइड रोड पर रात 8.30 बजे का दृश्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में सोमवार को भी तीखी सर्दी का असर बरकरार रहा। दिन में धूप खिली, हवाओं की गति कुछ कम होते ही पारा एक डिग्री बढ़ गया। इसके बावजूद तीव्र शीतलहर का असर बरकरार रहा है। शहर में शाम होते ही तेज सर्द हवाओं और ठंडक का असर शुरू हो रहा है। सोमवार को देर शाम राजधानी की सड़कों और आसपास रात 12 बजे के बाद कोहरा बढ़ गया। मौसम केंद्र के अनुसार अभी कोहरे का असर बढ़ेगा। धूप खिलने से अभी तापमान में उतार चढ़ाव रहेगा, लेकिन रात में तेज सर्दी बरकरार रहेगी। यह क्रम दो दिन से तीन रहने की उम्मीद है।

### हवाएं धीमी हुईं तो दिन-रात का पारा बढ़ा

सोमवार को दिन और रात के तापमान में दशमलव 8 डिग्री तक की बढ़त रही है। दिन में सुबह के समय बर्फीली हवाओं का असर अधिक रहा, जो धूप खिलने के साथ धीरे धीरे कम होता गया। शाम 5 बजे से फिर से सर्द हवाएं लोगों को सताने लगीं, जिससे देर रात कड़ाके की सर्दी के साथ कोहरा छाया रहा। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार शहर में उत्तरी हवाओं का असर बना हुआ है। हवाओं की गति कुछ कम होने और धूप खिलने से तापमान में मामूली बदलाव हो सकता है। पारे में उतार-चढ़ाव इसी कारण अगले तीन से चार दिन बने रहने की उम्मीद है।

# एसआईआर में लगे दो बीएलओ ने फॉर्म लिए, बांटे नहीं, होंगे सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) में लापरवाह 2 बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) को सस्पेंड करने का प्रस्ताव कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह को भेजा गया है। इनमें से एक बीएलओ ने मैपिंग कार्य और फॉर्म भी ले लिए, पर फिल्ड में उतरे ही नहीं। इस वजह से बीएलओ के बूथ क्षेत्र में काम ही नहीं हुआ। इसी तरह दूसरे ने गणना पत्रक लेकर भी बांटना शुरू नहीं किया।

टीटी नगर तहसीलदार कुणाल रावत के प्रस्ताव को एसडीएम अर्चना शर्मा ने कलेक्टर सिंह को भेजा है। एक प्रस्ताव में बताया गया कि सहायक ग्रेड-3 संतोषकुमार तिवारी ने अब तक मैपिंग कार्य व गणना पत्रक प्राप्त नहीं किए। वहीं, दूसरे प्रस्ताव में सहायक ग्रेड-3 सक्षम सिंह राजपूत को सस्पेंड करने की अनुशंसा की गई। राजपूत 3 नवंबर को ड्यूटी पर न आने के लिए नोटिस दिया था। जिसका कोई जवाब नहीं दिया। इन्होंने मैपिंग कार्य एवं गणना पत्रक प्राप्त भी कर लिए, लेकिन काम नहीं किया। जनप्रतिनिधि अधिनियम 1950 की धारा 32 के तहत निलंबन की कार्रवाई प्रस्तावित की गई है।

अतिक्रमणकारियों ने दो महीने में अब तक पेश नहीं किया जवाब

# पशुपालन विभाग की जमीन से नहीं हटा कब्जा, बोर्ड लगाना शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पशुपालन विभाग की सरकारी जमीन पर कब्जा करने वालों को लेकर आनन-फानन में शुरु किए गए सीमांकन के बाद भी कार्रवाई नहीं की गई है। मछली परिवार सहित अन्य 40 कब्जेधारियों की सुनवाई में गोविंदपुरा तहसीलदार सौरभ वर्मा के कोर्ट में पेशियों की तारीख लगातार बढ़ाई जा रही है। हालात यह हैं कि बीस कब्जेदारों ने अब तक अपना जवाब तक पेश नहीं किया है। इसके पहले छह नवंबर को पेशी रखी गई थी, जिसे बढ़ाकर 19 नवंबर कर दिया गया है। तहसीलदार के बेदखली आदेश के बाद ही इन लोगों के कब्जे हटाए जाएंगे। इधर पशुपालन विभाग ने हथाईखेड़ा में सोमवार से अपनी जमीन पर बोर्ड लगाने और फेंसिंग का काम शुरु कर दिया है।

जानकारी के मुताबिक विभाग यहां पर करीब एक करोड़ की लागत से फेसिंग का काम कराएगा। इसके लिए टेंडर जारी किए जाएंगे। इसके बाद फेसिंग काम कराया जाएगा। पशुपालन विभाग के अफसरों ने बताया कि 27 अगस्त को गोविंदपुरा एसडीएम और तहसीलदार के निर्देशन में 99 एकड़ जमीन का सीमांकन शुरू किया गया था। जिसमें करीब 6 एकड़ जमीन पर अतिक्रमण सामने आया था, इससे यहां पर 40 लोगों को नोटिस तक जारी किए गए थे। यहां पर मकान, फार्म हाउस, होटल व रिसोर्ट, हॉस्टल, स्कूल, पेट्रोल पंप,कालोनियों की रोड, मुख्य गेट आदि का निर्माण शामिल है। इसी क्षेत्र के आसपास विभाग की टीम ने बोर्ड लगाना शुरू कर दिया है। जिनमें लिखा हुआ है कि यह भूमि मध्यप्रदेश शासन पशुपालन विभाग की है।

# एमपी में बदली पोशाक-शीतकालीन यूनिफॉर्म में पुलिसकर्मियों को फुल शर्ट और जर्सी के आदेश

मध्यप्रदेश में इस बार कड़ाके की ठंड पड़ रही है। पिछले माह अक्टूबर और इस माह यानि नवंबर में अभी तक प्रदेश के अनेक शहरों में सर्दी के कई दशक पुराने रिकार्ड टूट चुके हैं। पहाड़ों से आ रही बफीर्ली हवाओं की वजह से हाड़तोड़ ठंड पड़ रही है। ऐसे में प्रदेश का पुलिस विभाग भी सक्रिय हुआ है। पुलिस जवानों और अधिकारियों को ठंड से बचाने के लिए उनकी पोशाक बदल दी गई है। इस संबंध में भोपाल के पुलिस कमिश्नर हरिनारायण चारी ने आदेश भी जारी कर दिए हैं। आदेश पर 10 नवंबर से ही अमल की बात कही गई है। भोपाल पुलिस के अधिकारी, कर्मचारियों के लिए ठंड में विशेष यूनिफॉर्म निर्धारित की गई है। अब पुलिसकर्मी फुल शर्ट और जर्सी में नजर आएंगे।



पुलिस की पोषाक का प्रतीकात्मक चित्र।

प्रदेश में ठंड के दस्तक देने के साथ ही राजधानी भोपाल की पुलिस की पोशाक में यह बदलाव किया गया है। भोपाल पुलिस के लिए शीतकालीन यूनिफॉर्म के रूप में महिला व पुरुष पुलिसकर्मियों को फुल शर्ट और जर्सी पहनने के आदेश दिए गए हैं। पुलिस आयुक्त हरि नारायण चारी मिश्रा द्वारा जारी आदेश के अनुसार पुलिसकर्मियों को अंगोला शर्ट व जर्सी पहनने को कहा गया है।

बच्चों को लगभग एक महीने नहीं मिल पाएगा पोषण आहार

# सात सौ आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सौंपी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कार्यकर्ताओं की अनुपस्थिति में बच्चे भी नहीं आ रहे आंगनबाड़ी केंद्र

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की सेवाएं निर्वाचन आयोग के अधीन है

राजधानी में चार नवंबर से शुरु हुए स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के काम में जिले की करीब सात सौ आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बीएलओ की जिम्मेदारी सौंपी गई है। ऐसे में इन कार्यकर्ताओं के आंगनबाड़ी केंद्रों पर सन्नाटा पसर गया है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के केंद्र पर नहीं आने की वजह से यहां बच्चे भी नहीं आ रहे। ऐसे में 4 चार दिसंबर तक चलने वाले डोर-टू-डोर सर्वे की वजह से बच्चों को पोषण आहार से वंचित रहना पड़ सकता है।

राजधानी के दो हजार से अधिक आंगनबाड़ी केंद्रों को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक खोला जाता है, जहां पर बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा देने के साथ उन्हें कुपोषण से बचाने के लिए पोषण आहार भी दिया जाता है। इस बार एसआईआर को देखते हुए भारत निर्वाचन आयोग ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बीएलओ को काम सौंपने के निर्देश दिए थे। जिसके आधार पर जिले की सात विधानसभा सीटों पर 2029 बीएलओ में से करीब सात सौ आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को तैनात कर दिया गया।



अंकुर स्कूल के पास आंगनबाड़ी का एक दृश्य।

जिसकी वजह से पिछले एक हफ्ते से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अपने केंद्रों पर नहीं जा पा रहीं, उन्हें फील्ड में रहकर गणना पत्रक बांटने का काम करना पड़ रहा है। निर्वाचन से जुड़े अफसरों का कहना है कि वर्तमान में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की सेवाएं निर्वाचन आयोग के अधीन हैं, ऐसे में उन्हें बीएलओ का काम ही करना पड़ेगा।

### 22 फीसदी वोटर्स की ऑनलाइन मैपिंग

जिले के 21 लाख 25 हजार 908 मतदाताओं पर एसआईआर किया जा रहा है। जिसके तहत वर्ष-2003 की वोटर लिस्ट में शामिल वोटर्स और उनके बच्चों के नाम शामिल किया जाना है। जिसको लेकर फील्ड में उतरे 2029 बीएलओ ने फीजिकल रूप से 7 लाख 80 हजार 208 मतदाताओं की मैपिंग कर ली है। जबकि ऑनलाइन बीएलओ एप्प पर इसका प्रतिशत 22 दिखा रहा है। उपजिला निर्वाचन अधिकारी भुवन गुप्ता का कहना है कि बीएलओ तेजी से काम कर रहे हैं।

बच्चों से मांगी वॉलेंटियर्स मदद

# कलेक्टर की बेटी बोली, पापा मैं भी कराउंगी एसआईआर, बदला आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आज मेरी बेटी ने बताया कि एनसीसी के बच्चों को एसआईआर के लिए बीएलओ की मदद करना है। मैं भी एसआईआर का काम कराउंगी। उन्होंने कहा कि इसके लिए अठारह साल से अधिक उम्र के छात्र वॉलेंटियर्स की मदद ली जा सकती है। जब कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने टाइम लिमिट बैठक शुरु की तो यहीं से बात शुरु करते हुए उन्होंने उपजिला निर्वाचन अधिकारी भुवन गुप्ता से कहा कि एनसीसी के छात्रों के लिए 18 साल से अधिक उम्र के बच्चों को शामिल किया जाए। जिसके बाद दूसरा आदेश जारी कर जिला शिक्षाधिकारी नरेंद्र कुमार अहिरवार को भेजा है।

### शहर को स्लम फ्री बनाने एसडीएस करेंगे सर्वे

कलेक्टर ने कहा कि शहर को स्लम फ्री बनाने के लिए सभी एसडीएम अपने-अपने क्षेत्र में झुग्गी बस्तियों का सर्वे करा लें, जिससे पता चल सके कि किस जगह पर कितनी झुग्गियों में कितने परिवार रहते हैं। इन परिवारों को पक्के मकान देने के प्रयास किए जाएंगे। एसडीएम इस बात का भी ध्यान रखें कि कहीं भी नई झुग्गी बस्तियों का विस्तार नहीं होना चाहिए।




## जैकेट का शेष....

## लाल किला मेट्रो...

**और अफरातफरी फैल गईः** सूचना पर दमकल की कुल 10 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। सबने मिलकर आग पर काबू पाया गया। लेकिन, तब कर कई शरीरों के टुकड़े इधर-उधर बिखर गए थे। ऐसे में इन टुकड़ों को देखकर और धमाका सुनकर अफरातफरी का माहौल पैदा हो गया। विस्फोट के बाद दिल्ली में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। मौत का आंकड़ा बढ़ भी सकता है। यह धमाका हाई इंटेंसिटी का था।

**जल्द पता चलेगी धमाके की वजहः अमित शाह**
केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पत्रकारों से कहा कि मुझे उम्मीद है कि हमारी एजेंसियां जल्द ही विस्फोट के कारणों का पता लगा लेंगी और एफएसएल की सबसे वरिष्ठ टीम भी पहुंच गई है। विस्फोट की खबर मिलते ही मुझे प्रधानमंत्री का फोन आया। प्रारंभिक जानकारी लेने के बाद, मैंने प्रधानमंत्री को भी जानकारी दी। मंगलवार सुबह गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों की एक टीम के साथ बैठक कर विस्तृत जानकारी ली जाएगी। आतंकी हमले की आशंका के सवाल पर शाह ने कहा कि हम सभी पहलुओं को खुला रख रहे हैं और सभी एंगल से जांच कर रहे हैं। यह कहना बहुत मुश्किल है कि घटना का कारण क्या था। जब तक विस्फोट स्थल से बरामद नमूनों का एफएसएल और एनएसजी द्वारा विश्लेषण नहीं किया जाता, तब तक इसके बारे में कुछ भी कहना मुश्किल है। सभी संभावनाओं को ध्यान में रखकर जांच की जाएगी। इधर, पीएम मोदी ने घटना पर गहरा दुख जताया, उन्होंने पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

**पहले भी धमाकों से दहल चुकी दिल्ली 2005 की घटना में गई थी 60 की जान**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में पहले भी कई बार बम धमाके हो चुके हैं। सात ऐसे मामले, जब दिल्ली में धमाके हुए और लोगों के जान माल को नुकसान पहुंचा। 29 अक्टूबर 2005 को दिवाली से ठीक पहले दिल्ली के तीन इलाकों पहाड़गंज, गोविंदपुरी और सरोजिनी नगर में हुए सिलसिलेवार बम धमाकों में 60 लोगों की जान गई थी, जबकि 200 से अधिक घायल हुए थे।

**दिल्ली में पहले कब-कब धमाके...**

1. सितंबर 2011 को दिल्ली हाईकोर्टः 7 सितंबर 2011 को दिल्ली उच्च न्यायालय के गेट नंबर 5 के बाहर हुए धमाके में 15 लोगों की मौत हो गई और 79 घायल हो गए थे।
2. सितंबर 2008 में दिल्ली सीरियल ब्लास्टः 13 सितंबर 2008 को दिल्ली में हुए सिलसिलेवार बम धमाके हुए। यह धमाके करोल बाग, कनॉट प्लेस और ग्रेटर कैलाश-1 जैसे प्रमुख बाजारों में हुए, जिनमें कई लोग मारे गए और 100 से अधिक घायल हुए।
3. अक्टूबर 2005 में दिल्ली में सिलसिलेवार धमाकेः 29 अक्टूबर 2005 को दिवाली से ठीक पहले पहाड़गंज, गोविंदपुरी और सरोजिनी नगर में तीन सिलसिलेवार धमाके हुए, जिनमें 60 से ज़्यादा लोग मारे गए और 200 से अधिक घायल हुए थे।
4. जून 2000 में लाल किले के पास दो बम धमाकेः 18 जून 2000 को लाल किले के पास दो बम विस्फोट हुए, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई थी।
5. मई 1996 में लाजपत नगर में धमाकाः 21 मई 1996 को लाजपत नगर बाज़ार में हुए बम विस्फोट में 13 नागरिकों की मौत हो गई।

## कार के मालिक सलमान ...

और को बेच दी थी। जिसका रजिस्ट्रेशन 2014 में गुरुग्राम के पते पर हुआ था। कार की खरीद-फरोख्त में फर्जी कागजातों की इस्तेमाल किया गया था। सूत्रों के मुताबिक जिस कार में ब्लास्ट हुआ वो पुलवामा के तारिक को बेची गई थी। कड़ियां जोड़ने की कोशिश की जा रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि धमाके के वक्त यह कार किसके कब्ज़े में थी और इसका असली मालिक कौन है।

## 360 किलोग्राम ...

गुप्ता ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि यह एक संयुक्त ऑपरेशन है जो हरियाणा और जम्मू-कश्मीर पुलिस के बीच चल रहा है। इस ऑपरेशन के तहत, फरीदाबाद के धौज में एक आरोपी डॉ. मुजम्मिल को पकड़ा गया है। रविवार को लगभग 360 किलोग्राम अमोनियम नाइट्रेट जब्त किया है। यह आरडीएक्स नहीं है। पुलिस ने छानबीन में अल्फलाह मेडिकल कॉलेज से 3 किलोमीटर आगे फतेहपुर तगा गांव में इमाम के घर रेड शुरू की। फतेहपुर तगा गांव से भी 2550 किलो अमोनियम नाइट्रेट बरामद किया है। यानी, कुल 2910 किलो। ये मकान भी मुज्जमिल ने ही 3 महीने से किराए पर लिया हुआ था। गिरफ्तार किए गए दो व्यक्तियों में एक डॉक्टर और एक मुस्लिम इमाम शामिल हैं। इमाम की पत्नी ने बताया कि उनके पति को पुलिस ले गई है। जो पिछले 20 साल से मस्जिद में सेवा दे रहे थे। उन्होंने यह भी बताया कि डॉक्टर साहब (मुज्जमिल) हर दिन पांच बार नमाज पढ़ने आते थे और वह कश्मीर से ताल्लुक रखते हैं। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केपी मौर्य ने कहा कि देश के सुरक्षा एजेंसियां राष्ट्र के दुश्मनों का पता लगा रही हैं। यह देश में एक बड़े हमले की साजिश थी। आतंकवाद मुक्त भारत की दिशा में यह एक बड़ी सफलता है। इस मामले पर यूपी के पूर्व डीजीपी विक्रम सिंह ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सब कुछ टच एंड गो जैसा था। यह एक वेकअप कॉल है कि दुश्मन हमारे दरवाजों के अंदर है। यदि वे तीन क्विंटल विस्फोटक सामग्री की तस्करी कर सकते थे, तो कल्पना कीजिए कि इसका विनाशकारी प्रभाव क्या होता और 300 किलो की विनाशकारी शक्ति कितनी होती। जेईएम ने अपने काम को उन्नत किया है कि वे अब डॉक्टरों, स्नातकोत्तर डिग्री और डिप्लोमा वाले स्नातकोत्तर डॉक्टरों को स्लीपर सेल के रूप में शामिल कर रहे हैं। बीते रविवार को गुजरात आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए देश में बड़े आतंकी हमले की साजिश रच रहे तीन संदिग्धों को गिरफ्तार किया था। इन संदिग्धों के पास से भारी मात्रा में हथियार, कारतूस और रासायनिक जहर बनाने की सामग्री बरामद हुई।

**गिरफ्तार किए गए मुख्य आरोपी...**

- आरिफ निसार दर साहिल, नौगाम, श्रीनगर
- यासिर-उल-आशरफ, नौगाम, श्रीनगर
- मकसूद अहमद दर शाहिद, नौगाम, श्रीनगर
- मौलवी इरफान अहमद, शोपियां
- जमीर अहमद आहंगर मुत्लाशा, वाकुरा, गांदरबल
- डॉ. मुजम्मिल अहमद गनाई मुसायब, कोइल, पंपोर
- डॉ. आदिल, वानपोरा, कुलगाम

**राइसिन जहर तक बना रहे थे आरोपीः** गुजरात एटीएस के डीआईजी सुनील जोशी ने बताया कि खुफिया जानकारी के आधार पर हैदराबाद के सैयद अहमद मोहिउद्दीन नाम के एक व्यक्ति के आतंकी गतिविधियों में शामिल होने और अहमदाबाद आने की सूचना मिली थी। जांच के दौरान, अहमदाबाद में उसकी गतिविधि का पता चला और उसे अडालज के पास एक टोल प्लाजा पर गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से दो ग्लॉक पिस्टल, एक बेरेटा पिस्तौल, 30 जिंदा कारतूस और 4 लीटर अरंडी का तेल बरामद किया गया। गिरफ्तार सैयद अहमद मोहिउद्दीन, जिसकी उम्र 35-36 साल बताई जा रही है, ने चीन से एमबीबीएस की पढ़ाई की है। उसकी मंशा एक ऐसी आतंकी गतिविधि को अंजाम देने की थी जिससे भारी नुकसान हो सके। वह कई विदेशियों के संपर्क में था और अबू खदीजा नाम की एक टेलीग्राम आईडी से जुड़ा था, जिसके बारे में कहा जा रहा है कि वह इस्लामिक स्टेट - खुरासान प्रांत से संबंधित है। मोहिउद्दीन ने राइसिन नामक एक अत्यंत घातक रासायनिक जहर बनाने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी थी। यह जहर अरंडी के बीजों के प्रसंस्करण से बचे अपशिष्ट पदार्थ से बनाया जाता है। वह कलोल से हथियार की खेप लेने अहमदाबाद आया था।

## राजधानी में 400 करोड़ रुपए के अमृत 2.0 योजना के तहत...

# शाहपुरा, चार इमली व दूसरे तालाबों पर बनेंगे सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट

4 नए इंटकवेल, 4 नए फिल्टर प्लांट, 36 बड़ी टंकियां बनेंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में अमृत 2.0 योजना के तहत 400 करोड़ रुपए की लागत से सीवेज और पानी की लाइनों के बिछाने का काम शुरू हो गया है। सोमवार को निगम परिषद अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने गीतांजलि कॉम्प्लेक्स स्थित सोनिया गांधी परिसर में 18 किमी लंबी सीवेज लाइन बिछाने के काम का भूमिपूजन किया। इस योजना के तहत शाहपुरा, चार इमली व दूसरे तालाबों पर सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाए जाएंगे तो वहीं 4 नए इंटकवेल, 4 नए फिल्टर प्लांट, 36 बड़ी टंकियां बनेंगी।

■ गीतांजलि कॉम्प्लेक्स स्थित सोनिया गांधी परिसर में 18 किमी लंबी बिछेगी सीवेज लाइन



गीतांजलि कॉम्प्लेक्स स्थित सोनिया गांधी परिसर में 18 किमी लंबी सीवेज लाइन सीवेज लाइन बिछाने का भूमिपूजन करते निगम परिषद अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी व रहवासी।

सूर्यवंशी ने सोमवार को वार्ड-28 के अंतर्गत सोनिया गांधी परिसर क्षेत्र में सीवेज नेटवर्क संबंधी कार्यों के लिए भूमिपूजन किया। उन्होंने कहा कि इस योजना के पूरी होने पर भोपाल शहर सीवेज समस्या से मुक्त होगा। उन्होंने बताया कि शहर के सभी तालाबों के पानी को भी साफ, स्वच्छ पानी के तालाब बनाएंगे। इसके लिए शाहपुरा, चार इमली सहित अन्य तालाबों पर सीवेज ट्रीटमेंट प्लांटों की स्थापना भी की जा रही है।

## ट्रेन में यात्रियों को परेशान कर रहे थे किन्नर, आरपीएफ विशेष अभियान



जीआरपी की गिरफ्त में किन्नर।

**भोपाल।** राजधानी से गुजरने वाली कई ट्रेनों में पिछले कुछ दिनों से किन्नरों की आंतक देखने को मिल रहा था। इसको लेकर यात्रियों द्वारा लगातार शिकायत की जा रही है। इसको लेकर आरपीएफ की ओर से विशेष अभियान चलाकर तीन किन्नरों को पकड़ा। जानकारी के अनुसार गाड़ी संख्या 19489 अहमदाबाद-गोरखपुर एक्सप्रेस के सामान्य कोच में विगत शुक्रवार को कुछ किन्नरों द्वारा यात्रियों से जबरन पैसे मांगने एवं गाड़ी में न्यूसेन्स (अशांति) फैलाने के साथ-साथ गाड़ी पर पथराव करने की घटना घटित हुई। इस संबंध में तत्काल कार्रवाई करते हुए रेलवे सुरक्षा बल एवं जीआरपी द्वारा संयुक्त रूप से तीन किन्नरों रिसिका, सिम्मी एवं गोल्डी, निवासी गली नं. 2, फूटा मकबरा भोपाल को गिरफ्तार किया गया। उक्त घटना के संबंध में निशातपुरा पोस्ट पर अपराध क्रमांक 446/2025, धारा 153, 145, 137 रेल अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया गया। उल्लेखनीय है कि 9 नवंबर को तीनों आरोपियों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से न्यायालय द्वारा 18 नवंबर, तक न्यायिक अभिरक्षा (खउ वारंट) जारी किए जाने पर तीनों को केंद्रीय कारागार भोपाल भेजा गया है। सीनियर डीसीएम सौरभ कटारिया ने बताया कि रेलवे प्रशासन यात्रियों की सुरक्षा एवं सुव्यवस्थित यात्रा सुनिश्चित करने हेतु इस प्रकार की घटनाओं पर सख्त कार्रवाई कर रहा है।

## इटारसी होकर भागलपुर से उधना के लिए वन वे अनारक्षित स्पेशल ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रेलवे द्वारा अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए गाड़ी संख्या 03415 भागलपुर जंक्शन से उधना के लिए एक तरफा 01 ट्रिप के लिए 12 नवम्बर को अनारक्षित स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। यह ट्रेन पूर्व रेलवे से इटारसी स्टेशन से होकर गुजरेगी। गाड़ी संख्या 03415 भागलपुर से उधना अनारक्षित स्पेशल ट्रेन 12 नवम्बर को भागलपुर जंक्शन स्टेशन से प्रातः 5 बजे प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन मार्ग में 23:35 बजे सतना, मध्यरात्रि 00:55 बजे कटनी, 02:15 बजे जबलपुर, 04:25 बजे पिपरिया, 06:15 बजे इटारसी एवं 07:12 बजे हरदा स्टेशनों पर ठहरते हुए 13 नवम्बर को 18बजे उधना पहुंचेगी। यह गाड़ी रास्ते में सुल्तानगंज, बरियारपुर, जमालपुर, अभयपुर, कजरा, किऊल जंक्शन, लक्खीसराय जंक्शन, बड़हिया, मोकामा, बाढ़, पटना साहिब, पटना, दानापुर, आरा, प्रयागराज , मानिकपुर, सतना, कटनी, जबलपुर, इटारसी, हरदा, खंडवा, भुसावल, नंदुरबार, व्यारा एवं चलथान स्टेशनों पर रुकेगी।

इंडियन बैंक Indian Bank
इलाहाबाद ALLAHABAD
प्रथम तल, ऑफिस काम्पलेक्स, ब्लॉक-सी, गौतम नगर, भोपाल-462023

**आर्किटेक्ट/कन्सलटेन्ट के इम्पैनलमेंट हेतु आवेदन आमंत्रण सूचना**

इंडियन बैंक, आंचलिक कार्यालय, भोपाल, भोपाल अंचल के अंतर्गत इंडियन बैंक की शाखाओं आदि में सिविल निर्माण, इंटीरियर प्रोजेक्ट एवं कम्पोजिट कार्यो आदि (80 लाख रुपये तक के कार्य) के लिए आर्किटेक्ट/कन्सलटेन्ट के इम्पैनलमेंट में शामिल होने हेतु आवेदन आमंत्रित करता है।
पूर्ण विवरण और आवेदन पत्र 'इंडियन बैंक, आंचलिक कार्यालय भोपाल' से 07/11/2025 से 29/11/2025 तक किसी भी कार्यदिवस में प्राप्त किए जा सकते हैं या हमारे बैंक की वेबसाइटः www.indianbank.bank.in/tender. से डाउनलोड किए जा सकते हैं।
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 01/12/2025 है।
बिना किसी कारण या किसी भी आधार पर कोई या सभी निविदाओं/सम्पूर्ण प्रक्रिया को निरस्त करने के अधिकार बैंक के पास सुरक्षित होंगे।
उप अंचल प्रबंधक

**मध्यप्रदेश राज्य वन विकास निगम लिमिटेड**
कार्यालय संभागीय प्रबंधक, रामपुर भतोडी परियोजना मण्डल
कन्या महाविद्यालय के सामने, इटारसी रोड, सदर, बैतूल (म.प्र.)
फोन/फैक्स नं. : 07141-350013, ई-मेल : dmrbpbetul@gmail.com
CIN:U02001MP1975SGC001341

**अल्पकालिक ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

वर्ष 2025-26 में परियोजना मण्डल अंतर्गत वनरक्षक भवन, हाईटेक नर्सरी, मुनारा निर्माण एवं विदोहन कार्य में उपयोग होने वाली आवश्यक सामग्री क्रय हेतु ई-टेण्डरिंग पद्वति से https://mptenders.gov.in पोर्टल पर ऑनलाइन अल्पकालिक ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण निगम की वेबसाइट www.mpsfdc.com पर भी उपलब्ध है।
म.प्र. माध्यम/122924/2025 संभागीय प्रबंधक

## पेज एक का शेष....

## 1.26 करोड़ लाड़ली...

**सांस्कृतिक प्रस्तुति 'अमृतस्य मध्यप्रदेश'ः** संस्कृति विभाग की ओर से प्रसिद्ध नृत्य संयोजिका मैत्रीय पहाड़ी एवं समूह की ओर से अमृतस्य मप्र शीर्षक से एक भव्य नृत्य प्रस्तुति दी जाएगी। यह प्रस्तुति दर्शकों को मप्र की प्राचीन सभ्यता, भक्ति, प्रेम और प्रकृति की लय से जोड़ती है। इस नृत्यगाथा की शुरुआत भीमबेटका की गुफाओं से होती है, जहां मानव सभ्यता की प्रथम झलक दिखाई देती है। आगे खजुराहो के मंदिरों की मूर्तिकला, सांची के स्तूपों की शांति, और चित्रकूट की पवित्र भूमि के भावनात्मक दृश्यों को नृत्य के माध्यम से अभिव्यक्त किया गया है। उज्जैन और ओंकारेश्वर के ज्योतिर्लिंगों की दिव्यता, ग्वालियर किले की ऐतिहासिकता, मांडू की प्रेम गाथा और ओरछा के मंदिरों की भव्यता मंच पर जीवंत होती है।

## मोहन कैबिनेट आज ....

एक भारत श्रेष्ठ भारत के ध्येय को दृष्टिगत रखते हुए देश की विविधता में एकता को प्रदर्शित करना है।

## स्टूडियो किचन में...

डिंडोरी क्षेत्र का पारंपरिक सूप कंगनी दाल का शोरबा, मालवा का प्रसिद्ध स्नैक भुट्टे की कीस, चना बेसन से बना स्वादिष्ट नमकीन व्यंजन चंबल का थोपा, सीधी क्षेत्र का पारंपरिक नाश्ता बेड़ई धुमना आलू, बघेलखंड क्षेत्र का लोकप्रिय व्यंजन मटर का निमोना और सादी पूरी, शहडोल क्षेत्र की प्रसिद्ध मिठाई कुटकी की खीर आगंतुकों को परोसे जाएंगे। इन व्यंजनों के माध्यम से प्रदेश के विविध भौगोलिक और सांस्कृतिक स्वादों को प्रदर्शित किया जा रहा है।

## दिल्ली में 'उद्योग ...

पीयूष गोयल मुख्य अतिथि रहेंगे। इस सम्मेलन में परिणाम जारी किए जाएंगे और इज ऑफ डूइंग बिजनेस के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले राज्यों को सम्मानित किया जाएगा। मप्र में उद्योग संवर्धन को लेकर 434 सुधारों का प्रभावी क्रियान्वयन किया गया है। इन सुधारों में प्रोसेस इंजीनियरिंग, डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन और निवेश प्रोत्साहन से जुड़े कई कदम शामिल हैं, जिनसे राज्य की औद्योगिक छवि सशक्त हुई है।

## महिलाओं के लिए ....

ठाकुर की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर, शोभा गुप्ता एवं वरुण ठाकुर ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि संविधान (106वां संशोधन) अधिनियम, 2023 में नारी शक्ति वंदन अधिनियम जोड़ा गया है, जिसे संसद ने पारित भी कर दिया है। दलील दी गई कि आरक्षण को भविष्य की किसी ऐसी प्रक्रिया से जोड़ना, जो अब तक शुरू भी नहीं हुई है, तर्कसंगत नहीं है। उन्होंने कहा कि अब तक कोई प्रक्रिया शुरू नहीं हुई है। यह स्पष्ट नहीं है कि यह प्रक्रिया कब शुरू होगी और कब पूरी होगी। अभी तक जनगणना भी शुरू नहीं हुई है।

## दरवाजा तोड़ने पर....

सुरक्षा उपायों के साथ घर का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया, जहां अवैध केमिकल निर्माण की एक फैक्ट्री संचालित होते मिली। तलाशी के दौरान मौके से कई केमिकल जार, मिक्सिंग मशीनें, सीलिंग उपकरण और औद्योगिक रासायनिक कंटेनर बरामद हुए। एक कंटेनर पर थियोनिल क्लोराइड लिखा मिला, जिसे अत्यंत ज्वलनशील और विषैला माना जाता है।
सुरक्षा के मद्देनजर पूरे परिसर को सील कर दिया गया है और बरामद रसायनों के सैंपल जांच के लिए लैब भेज दिए गए हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह मकान कृषि विभाग से सेवानिवृत्त कर्मचारी जयपाल सिंह का है, जो कई वर्षों से बंद पड़ा था। ग्रामीणों ने बताया कि जयपाल सिंह का नाती रिप्पू सिंह देर रात एक गाड़ी से आता था और कुछ सामग्री रखकर लौट जाता था। घटना के बाद से रिप्पू सिंह फरार है।

## रोटावेटर मशीन में ...

सोमवार को किसान बबलू यादव (30) गांव के संतोष प्रजापति के खेत में सरपंच राजेश साहू का ट्रैक्टर किराए पर लेकर रोटावेटर से जुताई कर रहा था। जुताई करते समय रोटावेटर मशीन की शाफ्ट में कोई कपड़ा फंस गया था। बबलू ने मशीन को बंद किए बिना ही उसे निकालने की कोशिश की। इसी दौरान वह मशीन की शॉफ्ट की चपेट में आ गया था।

## गर्भवती महिला और ....

लाया गया, जहां इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई। मनीषा गर्भवती थी। गांव में लगातार नए मरीज सामने आने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम तुरंत सक्रिय हुई। विभाग ने गांव में स्वास्थ्य शिविर लगाकर जांच शुरू कर दी है। मौके पर आधा दर्जन से अधिक स्वास्थ्यकर्मी तैनात किए गए हैं। साथ ही जल स्रोतों में दवाओं का छिड़काव भी किया जा रहा है ताकि संक्रमण को फैलने से रोका जा सके। मरीजों का कहना है कि वे रविवार को मजदूरी करने दूसरे गांव गए थे। जहां खेत के कुए का पानी पीया था। घर आने के बाद सभी लोगों की तबीयत खराब हो गई।

## शीतलहर के बीच...

आदि जिलों में भी सुबह मध्यम कोहरा छाया रहा। मंगलवार को पूर्वी मप्र में भी शीतलहर बढ़ेगी। भोपाल, राजगढ़, इंदौर जिलों में सीवियर कोल्ड वेव और सीहोर, नर्मदापुरम, बैतूल, देवास, शाजापुर, रीवा, मऊगंज, शहडोल, छिंदवाड़ा, मंडला, मैहर जिलों में कोल्ड वेव के साथ मलाजखंड में कोल्ड डे भी रह सकता है।
सोमवार को छह जिलों में रात का पारा 9 डिग्री के नीचे रहा है। प्रदेश में सबसे सर्द शहडोल में पारा 7.2 डिग्री रहा। राजगढ़ 7.6, इंदौर 7.9, अमरकंटक (अनूपपुर) 8.4 और उमरिया में न्यूनतम पारा 8.5 डिग्री रहा है। इन जिलों में भी सुबह हल्के से मध्यम कोहरा रहा है।

## अभिनेता धर्मेंद्र की....

उन पर दवाइयों का असर भी नहीं हो रहा। धर्मेंद्र की पहली पत्नी प्रकाश कौर से उनकी दोनों बेटिया- अजीता (जो अमेरिका में रहती हैं) और विजेता (जो लंदन में रहती हैं)तबीयत की खबर सुनते ही वहां से निकल चुकी हैं। दोनों बेटे सनी व बॉबी देओल भी अस्पताल पहुंच चुके हैं। हेमामालिनी फिलहाल अस्पताल में ही हैं। इस बीच उनका हाल जानने बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान-शाहरुख खान भी अस्पताल पहुंचे हैं।

## विंध्य वाले भी कहेंगे...

सेवा के शुभारंभ कार्यक्रम को मंत्रालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित किया। उन्होंने कहा कि खनिज संपदा और उद्योगों से समृद्ध यह क्षेत्र, मां शारदा धाम मैहर और चित्रकूट की आस्था से भी जुड़ा है। विमान सेवा से बांधवगढ़ नेशनल पार्क, पन्ना नेशनल पार्क, खजुराहो और अमरकंटक से भी कनेक्टिविटी बढ़ेगी। यह विमान सेवा खनिज-उद्योग गतिविधियों, धार्मिक स्थल और नेशनल पार्क सबके लिए वरदान सिद्ध होगी। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला, नगरीय विकास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी सहित जनप्रतिनिधि मौजूद थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र देश के उन राज्यों में शामिल है, जो विमानन क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रहे हैं। राज्य सरकार स्पष्ट विजन के साथ हर 150 किमी पर एक वाणिज्यिक हवाई अड्डा, हर 75 किमी पर एक हवाई पट्टी और हर 45 किमी पर हेलीपैड उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्धतापूर्वक कार्य कर रही है। पिछले 2 वर्षों में रीवा, सतना और दतिया 3 नए एयरपोर्ट शुरू हुए। इसके पहले 68 वर्षों में केवल 5 एयरपोर्ट विकसित हुए थे। आज प्रदेश में 8 एयरपोर्ट, 20 हवाई पट्टियां तथा 220 हेलीपेड मौजूद हैं। जल्द ही उज्जैन और शिवपुरी में 2 नए एयरपोर्ट विकसित होने जा रहे हैं। मप्र में विमानन क्षेत्र के समग्र विकास के लिए मध्यप्रदेश नागरिक विमानन नीति-2025 लागू की है।

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644, 9977912473

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm



Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473


प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईटः- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोप्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

हरिभूमि
रनिंग क्लासीफाइड
उठावना, शोक संदेश, जन्मदिन, आम सूचना/कोर्ट नोटिस

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
– व्यावस्थापक

## शब्द पहेली - 6044



**बाएँ से दाएँ**
1.उपासना करना-6
5.अलमस्त, उत्साही-4
8. हरे रंग का-2
9.चाह,इच्छा-3
10.अधिकार,आरोप-2
11.निर्दय, हिंसक-4
12.आंदोलन-2
14.सज्जन,सभ्य-4
15.स्मृति,अविस्मरण-2
17.रूखा, रसहीन-3
19.गुप्तचर-4
21.संकट मोचक,नाविक-5
24.चुगली करना-5
27.नेता पथ प्रदर्शक-4
29.प्रेम,चाहत-3
31.एक ग्रह-2
32.अनर्गल प्रलाप-4
33.नौकर,सेवक-2
35.उद्विग्न,आतुर-4
36.श्रवणेंद्रिय-2
38.दीपक,दिया-3
39.बोलने के लिये कहना-2
40.एक मुस्लिम महीना-4
41.सहायता करना-3,3

**ऊपर से नीचे**
1.सहिष्णुता,उदारता-6
2.थोड़ा,कम-2
3.कपड़ों के टुकड़े-4
4.असफल-5
5.राजी करना-3
6.वजन,वायदा-2
7.अनाथ,बेवारिस-4
11.वैधव्य-4
13.राजा की पत्नी-2
16.टूटना-4
18.धावक (अंग्रेजी-3)
19.खबरी,खबर देने वाला-4
20.हमारा पड़ोसी देश-2
22.घूमना-3
23.पराजय-2
25.खतरनाक, खौफनाक-4
26.पसंद नहीं होना, अस्वीकृत-4,2
28.अशोक कुमार, मीना कुमारी, प्रदीप कुमार की फिल्म-5
29.हमले का जवाब देना,प्रतिशोध-4
30.कभी-2
32.जब्त,प्राप्त होना-4
34.मास्टर ब्लास्टर-3
37.भीगा हुआ-2
39.टैक्स,हाथ-2

**शब्द पहेली- 6043 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ब | ल | शा | ली | ■ | रु | ख | सा | र | ■ |
| अ | न | ■ | ली | ■ | प | त | न | ■ | जा | न |
| न | ■ | ज | मा | दा | र | ■ | न | म | ■ | फा |
| म | ग | रु | र | ■ | ■ | आ | ■ | द | र | स |
| ना | ■ | र | ■ | अ | ज | ग | र | ■ | वा | त |
| ■ | मि | त | वा | ■ | ही | ■ | स | प | ना | ■ |
| म | ल | ■ | दा | वा | न | ल | ■ | य | ■ | फि |
| त | न | य | ■ | ल | ■ | ■ | ह | ज | र | त |
| ल | ■ | म | त | ■ | का | र्या | ल | य | ■ | र |
| बी | ज | ■ | म | का | न | ■ | च | ■ | सा | त |
| ■ | य | ल | गा | र | ■ | ब | ल | शा | ली | ■ |

## सूडोकु नवताल - 6054

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | 6 | | | |
| | | | | | 2 | 7 | | |
| 2 | 6 | 8 | | | | 9 | | |
| 5 | 3 | | | | | | | 6 |
| | | | | 6 | | | | |
| 7 | | | | | | | 9 | 2 |
| | | 9 | | | | 8 | 5 | |
| | | 2 | 1 | | | | | |
| | | | 3 | | 4 | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6053 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 7 | 1 | 3 | 6 | 4 | 8 | 5 |
| 3 | 1 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 9 | 7 |
| 5 | 4 | 8 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 1 | 4 | 7 | 3 | 8 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 2 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 9 | 2 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 9 | 3 | 6 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 8 | 4 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 8 | 5 | 9 | 3 | 6 | 1 | 7 | 4 | 2 |

## राशिफल

**मेष** मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। माता-पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर भी ध्यान दें। पिता का साथ मिलेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। बौद्धिक कार्यों से आय बढ़ेगी।

**मिथुन** मन परेशान रहेगा। संयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। भाइयों के सहयोग से नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कर्क** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**सिंह** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

**कन्या** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

**तुला** मन प्रसन्न रहेगा। परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**वृश्चिक** आत्मसंयत रहें। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। रुके हुए धन की प्राप्ति होगी।

**धनु** आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में आशातीत परिणाम मिलेंगे।

**मकर** वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**कुंभ** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा। फिर भी व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**मीन** परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जाना हो सकता है।

## खबर संक्षेप

### शरद मल्होत्रा प्रबंध निदेशक नियुक्त

**नई दिल्ली।** जापान की निप्पॉन पेंट होल्डिंग्स की अनुषंगी निप्सिया ग्रुप ने शरद मल्होत्रा को निप्पॉन पेंट



इंडिया का प्रबंध निदेशक नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति 1 दिसंबर, 2025 से प्रभावी होगी। शरद मल्होत्रा प्रबंध निदेशक के तौर पर जोन टैन का स्थान लेंगे और ग्रुप के सीईओ वी स्यू किम को रिपोर्ट करेंगे। शरद मल्होत्रा इस कंपनी में प्रबंध निदेशक के पद पर नियुक्त होने वाले पहले भारतीय बन गए हैं।

### बिरला कॉर्पोरेशन का राजस्व 2,233 करोड़

**भोपाल।** सीमेंट की मांग में कमी और प्रमुख बाजारों में कमजोर कीमतों के बावजूद, बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड का सितंबर तिमाही का कंसोलिडेटेड एबिटिडा पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 71 फीसदी बढ़कर 332 करोड़ रुपए हो गया।सीमेंट और जूट दोनों डिवीजनों में बेहतर लाभप्रदता के कारण, कंपनी ने इस तिमाही में 90 करोड़ रुपए का कंसोलिडेटेड शुद्ध लाभ अर्जित किया।

### एयरटेल पेमेंट्स बैंक का राजस्व 800 करोड़ के पार

**नई दिल्ली।** एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने 30 सितंबर 2025 को समाप्त हुई दूसरी तिमाही के लिए अपने वित्तीय नतीजों की घोषणा की। बैंक का त्रैमासिक राजस्व पहली बार 19.4 प्रतिशत की साल-दर-साल वृद्धि करते हुए 800 करोड़ रुपए से अधिक हुआ है। इस तिमाही के लिए एबिटडा 89.3 करोड़ रुपए था, जो पिछले साल की इसी अवधि के मुकाबले 17.4 प्रतिशत ज्यादा है। इस तिमाही बैंक ने 11.8 करोड़ रुपए का लाभ दर्ज किया।

### ओरिएंट ग्रीन का लाभ 110 करोड़ रुपए दर्ज

**चेन्नई।** ओरिएंट ग्रीन पावर कंपनी लिमिटेड ने वित्तवर्ष 2026 की दूसरी तिमाही और पहली छमाही के अनऑडिटेड वित्तीय परिणाम घोषित किए हैं। दूसरी तिमाही में कंपनी की कुल आय 135.45 करोड़ और एबिटडा 104.31 करोड़ दर्ज हुआ। कंपनी का शुद्ध लाभ 80.94 करोड़ रुपए और शुद्ध लाभ मार्जिन 60 फीसदी दज हुआ। पहली छमाही में कंपनी कुल आय 228.62 करोड़ , एबिटडा 170.23 करोड़ रुपए, शुद्ध लाभ 109.56 करोड़ और शुद्ध लाभ 48 फीसदी दर्ज हुआ।

### कैप्टन की कुल आय में 48 फीसदी उछाल

**राजकोट।** कैप्टन पॉलिप्लास्ट लिमिटेड ने वित्तवर्ष 2026 की दूसरी तिमाही और पहली छमाही के अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की रिपोर्ट जारी की। दूसरी तिमाही में कंपनी की कुल आय 80.09 करोड़, एबिटडा 8.24 करोड़, असाधारण लाभ को छोड़कर 5.76 करोड़ और शुद्ध लाभ 4.24 करोड़ रुपए दर्ज हुआ। कंपनी ने कहाकि हमने छत और सोलर पंप सेक्टर दोनों में उपस्थिति बढ़ाए है।

### उत्सव गोल्ड का मुनाफा 197 फीसदी उछला

**मुंबई।** उत्सव सीजेड गोल्ड ज्वेल्स लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026 पहली छमाही के अनऑडिटेड वित्तीय परिणाम घोषित किए हैं। कंपनी की कुल आय 476.46 करोड़ रुपए रही, वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि 67.16 फीसदी रही। एबिटडा 45.03 करोड़ रुपए, एबिटडा मार्जिन 9.45फीसदी रहा। शुद्ध लाभ 29.42 करोड़ रुपए दर्ज हुआ।

### नीतू योशी लि. के लाभ में 45 फीसदी की वृद्धि

**मुंबई ।** नीतू योशी लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026 की पहली छमाही के लिए अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणाम घोषित किए हैं। वित्त वर्ष 2026 की पहली छमाही में कंपनी कुल आय 45.89 करोड़, एबिटडा 15.93 करोड़, शुद्ध लाभ 11.54 करोड़ रुपए प्राप्त हुए। इसमें वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि 45 फीसदी हुई। वित्त वर्ष 2026 की पहली छमाही हमारे लिए नीतू योशी लिमिटेड में मजबूत प्रगति का दौर रही है।

## यूपीईएस ने किया आचार्य बालकृष्ण को डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी उपाधि से सम्मानित

# आचार्य के कुशल नेतृत्व में पतंजलि मॉडल देश का अग्रणी व्यवसाय मॉडल बन गया है : डॉ. राम शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरिद्वार

उत्तराखंड का अग्रणी विश्वविद्यालय यूपीईएस ( यूनिवर्सिटी ऑफ पेट्रोलियम एंड एनर्जी स्टडीज ) जो देश ही नहीं विश्व रैंकिंग में शुमार होता है, इसके स्कूल ऑफ बिजनेस के 23वें दीक्षांत समारोह में पतंजलि योगपीठ के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। जहां उन्हें उनकी अभूतपूर्व उपलब्धियों के लिए सर्वोच्च शैक्षणिक डिग्री- डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पी.एच-डी मानद उपाधि) उपाधि से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर सर्वप्रथम यूपीईएस प्रबंधन, विद्यार्थियों एवं शिक्षकगणों ने आचार्य का स्वागत अभिनंदन किया।

इस अवसर पर आचार्य ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सेवा में निरंतरता, सेवा में समर्पण तथा सेवा में संलग्नता ही हमारी शक्ति है। स्वामी के नेतृत्व में पतंजलि के लाखों भाई-बहनों के तप व पुरुषार्थ से पतंजलि विश्वव्यापी सेवा कार्यों को मूर्तरूप प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सम्मान हमें और दृढ़ता से अपने सेवा कार्यों को आगे बढ़ाने के प्रति प्रेरित करते हैं।



यूपीईएस स्कूल ऑफ बिजनेस का दीक्षांत समारोह

### छात्र-छात्राएं अपने जीवन की नई पारी नव-ऊर्जा का आरंभ करने के लिए होंगे प्रेरित : कुलपति

कार्यक्रम में यूपीईएस के कुलपति डॉ. राम शर्मा ने मानवता की सेवा में आचार्य के समर्पण एवं निःस्वार्थ योगदान की सराहना करते हुए कहा कि इनकी प्रेरणा प्राप्त कर स्नातक छात्र-छात्राएं अपने जीवन कि नई पारी नव-ऊर्जा के साथ आरंभ करने के लिए प्रेरित होंगे। उन्होंने कहा कि आचार्य के कुशल नेतृत्व में पतंजलि मॉडल आज देश का एक अग्रणी व्यवसाय मॉडल बन गया है। पतंजलि मॉडल भारतीय परंपराओं के अनुरूप ग्राहकों के विश्वास को और मजबूती से आगे बढ़ाता है। देश के प्रतिष्ठित उद्यमी आज पतंजलि मॉडल से प्रेरणा ले रहे हैं। इस सम्मान के लिए आचार्य ने विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. सुनील रॉय, कुलपति डॉ. राम शर्मा, प्रति कुलपति डॉ. जय शंकर, कुलसचिव प्रो. मनीष मदान, निदेशक स्कूल बिजनेस प्रो. राहुल नैनवाल, डीन-रिसर्च डॉ. अश्विनी नांगिया, एमडी, स्क्लम्बर्गर ललित अग्रवाल, अकेडमिक काउंसिल तथा गवर्निंग बॉडी के सदस्यों तथा सभी विद्यार्थियों का धन्यवाद दिया।

## पुराने शहर की आवासीय गलियां अब व्यावसायिक गलियों में हो गईं तब्दील

पुराने शहर के लोग और व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधि बोले...

# आगजनी से निपटने के लिए पर्याप्त इंतजाम नहीं, कब 'चेतेगा' प्रशासन

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी जो 30 लाख से अधिक आबादी वाला शहर है। पुराने



लखेरापुरा बाजार

शहर की संरचना गलियों पर आधारित है ,जो पहले आवासीय थीं लेकिन यहां के गलियों व्यवसायिक हो गई हैं। बिडंबना नगर प्रशासन द्वारा आगजनी की घटना होने पर उससे निपटने के लिए पर्याप्त इंतजाम नहीं किए गए हैं। चौक लोहा बाजार, कसेरा गली, खजांची गली, मारवाड़ी रोड, ललवानी गली सहित अन्य दर्जनों गलियां है जहां रोजाना लाखों का व्यापार होता है बतौर टैक्स के रूप में शासन और नगर प्रशासन को बतौर टैक्स के रूप में लाखों रूपए मिलता है मगर आगजनी से निपटने के इंतजाम पर्याप्त नहीं हैं और अगर है भी तो फैले अतिक्रमण के चलते 20 फीट चौड़ी गलिया 8 से 5 फिट में तब्दील है जिसके चलते फायर बिग्रेड वाहनों का समय पर पहुंचना नामुमकिन होता है।





हनुमानगंज

### भोपाल के व्यस्त बाजारों में बिजली तारों का मकड़जाल दे रहा आमंत्रणः सुनील जैन



एफएमसीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन मप्र के अध्यक्ष सुनील जैन 501 ने कहाकि व्यस्त बाजारों में बिजली के तारों का मकड़जाल दुर्घटनाओं दे रहा है। चौक बाजार में जमा मस्जिद के आसपास तो बिजली के तार हटाकर ट्रांसफार्मर लगा दिए गए। परंतु अन्य बाजारों का हाल बहुत खराब है जुमेराती , घोड़ा निक्कास जैसा व्यस्त बाजार जहां प्रतिदिन तीस चालीस हजार लोगों का आवागमन होता है। विद्युत मंडल को और शासन को शीघ्र ध्यान देकर सुरक्षा के उपाय करना चाहिए ।

### सराफा चौक में अंडर ग्राउंड फायर की व्यवस्था लेकिन नाकाफी : तेजकुलपाल



भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पूर्व अध्यक्ष तेजकुलपाल सिंह पाली के अनुसार चौक सराफा बाजार को जब हेरीटेज लुक दिया गया था तब अंडर ग्राउंड फायर की व्यवस्था की गई है, लेकिन यह नाकाफी है। इसके अलावा यूनानी शफाखाना के पास नगर निगम के वार्ड कार्यालय में एक छोटी फायर बिग्रेड गाड़ी खड़ी रहती है। मगर अतिक्रमण और सघन एरिया होने के चलते इसे यहां तक पहुंचने में आधा घंटा लगता है।

### सघन बाजारों में फायर के पर्याप्त इंतजाम करेंः नवनीत

भोपाल व्यापारी महासंघ के महासचिव नवनीत अग्रवाल के



अनुसार पुराने के शहर के बाजार जो गलियों में है यहां आगजनी से निपटने प्रशासन की ओर से कोई पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए है। दुकानदार ही अपनी सुरक्षा की दृष्टि से फायर सिलेंडर रखे हुए हैं। गलियां जो कभी आवासीय थीं और अब व्यावसायिक हो गई हैं में कभी भी एक छोटी सी चिंगारी बड़ा नुकसान कर सकती है। अतः प्रशासन से अपील है सघन बाजारों में फायर के पर्याप्त इंतजाम करें।

### 10 मिनट की जगह लगता है आधे से पौन घंटा समयः संगतानी

पुराने शहर का थोक बाजार हनुमानगंज, जुमेराती जहां चावल-



दाल, आटा, मैदा, तेल, शक्कर सहित किराना सामग्री का होलसेल कारोबार होता है। यहां के व्यापारियों की संस्था चावल-दाल थोक व्यापारी संघ के अध्यक्ष ईश्वरदास संगतानी के अनुसार मार्केट में फायर बिग्रेड गाड़ी आने की पर्याप्त जगह है मगर दुकानदारों द्वारा अपने सामान का फैलाव किए जाने से 10 मिनट की जगह गाड़ी आने में आधा से पौन घंटे का समय लगेगा। अतः शासन - प्रशासन के अपील है कि अतिक्रमणकारियों पर त्वरित चालानी कार्रवाई की जाए।

### अंडरग्राउंड वायरिंग का जाल बिछाया जाना चाहिएः प्रेमनारायण

व्यवसायी और संचालक कुंदन नमकीन सेंटर प्रेमनारायण



यादव ने चौक बाजार को हैरिटेज लुक दिया गया है वहां पर अंडरग्राउंग वायरिंग की व्यवस्था विद्युत निगम द्वारा की गई है, लेकिन बाकी के बजारों में ये व्यवस्था लागू नहीं है। जैसे की सभी को अवगत है कि इन सारे मार्ग से सामजिक जुलूस में निकले जाते है जिसमें हमेशा कोई बड़ी घटना का भय बना रहता है। अतः इस व्यवस्था को दुरस्त करने के लिए अंडरग्राउंड वायरिंग का जाल बिछाया जाना चाहिए।


### श्रीजी मंदिर के पास फायर इंस्ट्रूमेंट की व्यवस्थाः गर्ग

लखेरापुरा बाजार स्थित दीपाली साड़ी के सुमित गर्ग ने कहाकि छह साल पहले क्षेत्र में जब आगजनी हुई थी तब उसके बाद नगर निगम द्वारा श्रीजी मंदिर के पास फायर इंस्ट्रूमेंट की व्यवस्था की गई थी। उसके बाद अभी प्रशासन द्वारा स्थापित इंस्ट्रूमेंट का परीक्षण हुआ। नगर प्रशासन से अपील हैं क्षेत्र में आगजनी से निपटने के लिए बाजारों में फैले अतिक्रमण को हटाए और अतिक्रमणकारियों पर चालानी कार्रवाई करें।



### अतिक्रमण के कारण दुपहिया वाहन निकाने के लिए करनी पड़ती है मशक्कत : अग्रवाल

पुराने शहर के लोहा बाजार स्थित रेडीमेड वस्त्र व्यवसायी राकेश अग्रवाल ने कहा कि गलिया तो 20 फीट चौड़ी है, लेकिन आलम यह है कि दुपहिया वाहन निकालने में लोगों को मशक्कत करनी पड़ती है। ऐसे में फायर बिग्रेड की गाड़ी घटना के समय कैसे उचित स्थान पर पहुंचेगी। अतः नगर प्रशासन से मेरी पुरजोर अपील है कि नगर निगम अमला अतिक्रमणकारियों में पर तगड़ा स्पॉट फाइन (चालानी कार्रवाई) करें। ताकि आगजनी की घटना घटित होने पर वाहन आसानी से घटना स्थल तक पहुंच सके।



### बिजली तारों का मकडजालः अग्रवाल

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, मध्यप्रदेश महासचिव, अनुपम अग्रवाल ने कहा कि पुराने भोपाल के कई बाजारों में बिजली के तारों का मकडजाल बना हुआ है। जनकपुरी, सोमवारा, लखेरापुरा,काजीपुरा,लोहा बाजार, मारवाड़ी रोड़ एवं इसके आसपास के इलाकों में बिजली के खंभों में तारों का मकडजाल है। बरसात के दिनों में शार्ट सर्किट होने की वजह से बिजली गुल हो जाती है। साथ ही करंट फैलने का खतरा भी बना रहता है। बिजली लाइन के साथ उन्ही खम्बों पर टेलीफोन लाइन, इंटरनेट, लाइन भी डली होने की वजह से तारों का मकड़ जाल काफी बढ़ा हुआ है। सभी तारो को अलग अलग से व्यवस्थित करना चाहिए।



## आरसीएम की रूपांतरण यात्रा में 20 हजार से अधिक की सहभागिता





वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

आरसीएम की राष्ट्रव्यापी रूपांतरण यात्रा सोमवार को भोपाल पहुंची । भोपाल के लोगों ने इस यात्रा का भव्य स्वागत किया। हजारों लोग अवधपुरी हेलिपैड ग्राउंड में आयोजित इस आयोजन में शामिल हुए। इस यात्रा का प्रभाव प्रतिभागियों की साझा कहानियों में झलकता दिखा है।

आरसीएम यात्रा का नवीनतम पड़ाव भोपाल रहा, जहां हजारों नागरिकों ने स्वास्थ्य, सेवा और संस्कार को बढ़ावा देने वाली विभिन्न सामुदायिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी की। आरसीएम के संस्थापक तिलोकचंद छाबड़ा के जीवन पर आधारित कंपनी की यह यात्रा प्रमुख आकर्षण का केंद्र रही। आरसीएम कंज्यूमर प्रोडक्ट्स प्रा. लि. के मैनेजिंग डायरेक्टर सौरभ छाबड़ा ने कहाकि भोपाल से मिला जबरदस्त प्रतिसाद हमारे जन-आधारित आंदोलन की शक्ति और भावना को दर्शाता है। मैनेजिंग डायरेक्टर प्रियंका अग्रवाल ने कहाकि भोपाल में रूपांतरण यात्रा का आयोजन हमारी 17,000 किलोमीटर लंबी परिवर्तन यात्रा का एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। हम हर महिला को गरिमा, शक्ति और आत्मविश्वास के साथ जीवन जीने का अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध हैं, ताकि वे पुरुषों के साथ मिलकर नए भारत के निर्माण में समान रूप से योगदान दे सकें।

सीईओ मनोज कुमार ने कहा, कि मुझे गर्व है कि रूपांतरण यात्रा ने भोपाल में जो उत्साह और प्रेरणा जगाई है, वह पूरे भारत में लाखों लोगों को सशक्त बनाती रहेगी और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्थायी और समृद्ध भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेगी। 16 सितंबर 2025 को रूपांतरण यात्रा की शुरुआत के बाद से अब तक 20,000 से अधिक लोग आरसीएम परिवार से जुड़ चुके हैं, जिससे कंपनी के दो मिलियन से अधिक सक्रिय एसोसिएट बायर्स के नेटवर्क को और मजबूती मिली है।

## इंडिया मैन्युफैक्चरिंग शो में रैंप योजना के तहत एमएसएमई उद्यमियों का एक्सपोजर विजिट

**भोपाल ।** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार की रेजिंग एंड एक्सीलरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस (रैम्प) योजना के अंतर्गत मध्यप्रदेश के चयनित एमएसएमई उद्यमियों के लिए सातवें संस्करण के इंडिया मैन्युफैक्चरिंग शो बेंगलुरु में भाग लेने हेतु एक एक्सपोजर विजिट का आयोजन किया जा रहा है। मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम लिमिटेड , सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग, मध्यप्रदेश शासन केअंतर्गत इस कार्यक्रम के संचालन एवं आयोजन के लिए नोडल एजेंसी के रूप में कार्य कर रहा है।

इस कार्यक्रम के इंडस्ट्री पार्टनर के रूप में पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री सहयोग प्रदान कर रहा है। राज्य के विभिन्न जिलों से कुल 16 एमएसएमई इकाइयों का चयन संबंधित जिला उद्योग केन्द्रों के महाप्रबंधकों द्वारा नामांकन के पश्चात किया गया है।

नीति आयोग, नैसकॉम और बीसीजी की रिपोर्ट

# भारत की एआई अर्थव्यवस्था में भोपाल की संभावनाएं



वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

देश में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के तेजी से बढ़ते प्रभाव के बीच नीति आयोग, नैसकॉम और बीसीजी द्वारा जारी रिपोर्ट रोडमैप फॉर जॉब क्रियेशन इन एआई इकोनॉमी, अक्टूबर 2025 ने यह चेतावनी दी है कि यदि भारत ने समय रहते एआई टैलेंट, कम्प्यूट इंफ्रास्ट्रक्चर और डेटा इंटीग्रेशन को संगठित नहीं किया, तो 2031 तक तकनीकी क्षेत्रों में 1.5 मिलियन नौकरियों की क्षति हो सकती है, परंतु समन्वित नीति से यही संख्या 4 मिलियन नई नौकरियों के अवसर में भी बदल सकती है।

### एआई का प्रयोग पारदर्शिता, रोजगार और नीति-निर्माण के नए अवसर खोल सकता है

मनोज मीक ने इस अवसर पर अपना विचार लेख आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के युग में भोपाल की भूमिका -'कमाल का प्रयोग जारी किया है, जिसमें उन्होंने बताया है कि नागरिक स्तर पर एआई का प्रयोग पारदर्शिता, रोजगार और नीति-निर्माण के नए अवसर खोल सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत का एआई-संबंधित रोजगार और निवेश 2030 तक 500 बिलियन डॉलर लगभग 41 लाख करोड़ रुपये की अर्थव्यवस्था को प्रभावित करेगा। इसी दृष्टि से 'कमाल का भोपाल' अभियान ने भेल भूमि पर एआई फैक्ट्री, स्मार्ट इंडस्ट्री कॉरिडोर और क्लीन कम्प्यूट कैंपस की परिकल्पना राज्य सरकार को प्रस्तुत की गई है।मीक के मुताबिक हमारे पास भूमि है, डेटा है और संकल्प भी अब केवल निर्णय की गति चाहिए। भोपाल इस युगांतकारी अवसर का नेतृत्व कर सकता है।

### भोपाल के पास सभी संसाधन हैं जो आयोग की रिपोर्ट में सुझाए

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर शुरुआती दौर से काम कर रहे 'कमाल का भोपाल' नागरिक अभियान के फाउंडर मनोज मीक ने कहाकि भोपाल के पास वह सभी संसाधन हैं जो नीति आयोग की रिपोर्ट में सुझाए गए एआई टैलेंट मिशन और फेडरेटेड नेशनल कम्प्यूट ग्रिड को मूर्त रूप दे सकते हैं। भेल एवं रिडेवलपमेंट क्षेत्र की रिक्त भूमि, ग्रिड-सक्षम इंफ्रास्ट्रक्चर और मजबूत शैक्षणिक संस्थान राजधानी को देश का पहला 'एआई लाइटहाउस सिटी' बना सकते हैं।

## बिजनेस न्यूज

### गांधी पीआर महाविद्यालय में वंदे मातरम् धूमधाम से गाया



**भोपाल।** गांधी पी आर महाविद्यालय के प्रांगण में वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर राष्ट्र गीत के साथ उत्सव बड़े धूम धाम से मनाया गया। जिसमें महाविद्यालय के चेयरमैन सर सुरेंद्र गांधी ने सर्व प्रथम सरस्वती पूजन और दीप प्रजवलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस मौके पर डायरेक्टर , प्रिंसिपल , विद्यार्थियों और स्टॉफ सदस्यों की भी सहभागिता रही। छात्राओं द्वारा रंगोली के माध्यम से वंदे मातरम के 150वें वर्ष के चित्र को दर्शाया गया।

### बैंक ऑफ इंडिया के 'सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी' का आयोजन

**भोपाल।** बैंक ऑफ इंडिया, भोपाल जोनल ऑफिस ने केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा आरंभ किए गए सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत "सतर्कताः हमारी साझा जिम्मेदारी" विषय पर आधारित विभिन्न गतिविधियों का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस अवसर पर बैंक ऑफ इंडिया के मुख्य सतर्कता अधिकारी विष्णु कुमार गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण, सतर्कता जागरूकता के लिए गुब्बारे छोड़ना तथा इंटीग्रिटी सिग्नेचर वॉल अभियान जैसी गतिविधियाँ आयोजित की गईं। इन पहलों के माध्यम से अधिकारियों और कर्मचारियों ने ईमानदारी, पारदर्शिता, जवाबदेही और नैतिक कार्य संस्कृति को बनाए रखने की अपनी प्रतिबद्धता को पुनः दोहराया। कार्यक्रम में मुख्य सतर्कता अधिकारी विष्णु कुमार गुप्ता, महाप्रबंधक एफजीएमओ. भोपाल संजय श्रीवास्तव, उप महाप्रबंधक सुदोद्ध कुमार, सहायक महाप्रबंधक डॉ. भंवरलाल हर्ष, जोनल मैनेजर भोपाल जोन बिकाश रंजन पटनायक, उप जोनल मैनेजर संगीता गुप्ता, उप जोनल मैनेजर (रिकवरी) सुनील प्रेमचंदानी तथा सतर्कता अधिकारी नियोदित खोब्रागड़े सहित कई गणमान्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### आईईएस पब्लिक स्कूल का दो दिवसीय वार्षिक उत्सव इस्क्रा संपन्न



**भोपाल।** आईईएस पब्लिक स्कूल के छात्रो द्वारा दो दिवसिय वार्षिक उत्सव इस्क्रा का आयोजन आईईएस कॅम्पस के ओपन ऑडिटोरियम में किया गया। जिसमें छात्रों ने धरोहर थीम पर शानदार एवं मनमोहक प्रस्तुतिया दी। इस्क्रा 2025 का शुभारंभ विश्वास सारंग , मंत्री खेल, युवा कल्याण एवं सहकारिता एवं देवांश सिंह, सीईओ, आईईएस यूनिवर्सिटी भोपाल द्वारा किया गया। प्रथम दिन किंडर गर्टेन के फंक्शन में सृष्टि की यात्रा को दर्शाते शानदार प्रदर्शन हुए। जिसमें सृष्टि के जन्म से लेकर दिव्य देवताओं के नृत्य और शक्तिशाली पंचतत्व नृत्य तक, जिसमें पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और अंतरिक्ष को दर्शाया गया। भारत की प्रसिद्ध हस्तियों पर एक जीवंत प्रस्तुति ने देश के दिग्गजों को श्रद्धांजलि दी, जबकि विचारोत्तेजक एआई का संदेश ने छात्रों से नवाचार को मानवीय मूल्यों के साथ संतुलित करने का आग्रह किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सर्व तत्व नृत्य, नाटक - वीर संभाजी इंडो-वेस्टर्न और ग्रैंड फिनाले प्रस्तुति थी, जो परंपरा और आधुनिक दृष्टि के मिश्रण का प्रतीक थी, जिसे दर्शकों ने खड़े होकर तालियां बजाकर सराहा। कार्यक्रम के अंत में छात्रों के लिए ओपन डीजे का भी आयोजन किया। कार्यक्रम के अंत में मनीषा कवाथेकर, ग्रुप डाइरेक्टर, आईईएस पब्लिक स्कूल ने छात्रों को उनके प्रयासों के लिए छात्रों और आईईएस पब्लिक स्कूल के स्टाफ को बधाई दी।

### शक्ति पंप्स की कुल आय 666.4 करोड़ रु. दर्ज

**इंदौर।** शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही और पहली छमाही में मजबूत प्रदर्शन दर्ज किया। लंबे मानसून और कच्चे माल की बढ़ती कीमतों जैसी चुनौतियों के बावजूद कंपनी ने अपने इतिहास की सबसे अधिक तिमाही आय में से एक हासिल की।कंपनी ने वित्त वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही में कुल आय 666.4 करोड़ रुपये दर्ज की, जो पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 5 फीसदी ज्यादा है। पहली छमाही में कंपनी की कुल आय 1288.9 करोड़ रुपए रही, जिसमें 7.2फीसदी की वार्षिक वृद्धि दर्ज हुई। इस तिमाही में कंपनी का एबिटडा 136 करोड़ रुपए रहा, जबकि मार्जिन 20.4 फीसदी पर रहा। कॉपर, स्टील और सोलर पैनल की कीमतों में 3 से 4 फीसदी बढ़ोतरी का असर मुनाफे पर पड़ा। कर पश्चात लाभ दूसरी तिमाही में 90.7 करोड़ रुपए रहा।

### कनेक्ट सर्विसेज के संस्थापक ने दी नई दिशा

**नई दिल्ली।** कनेक्ट मीडिया सर्विसेज के संस्थापक संगीत कुमार एक ऐसे दूरदर्शी उद्यमी और इनोवेटर हैं जिन्होंने आधुनिक बिजनेस की परिभाषा को मीडिया और मार्केटिंग के नए आयामों के साथ जोड़ा है। उनके लिए मार्केटिंग केवल अभियानों और दृश्यता का माध्यम नहीं, बल्कि मीनिंगफुल कनेक्शन, विश्वास और ब्रांड वैल्यू को सशक्त बनाने का जरिया है। संगीत के अनुसार हर अभियान को केवल ध्यान आकर्षित करने वाला नहीं, बल्कि प्रेरणादायक और एंगेजिंग होना चाहिए। उनका मानना है कि मार्केटिंग की असली ताकत सुनने में निहित है यह समझना कि ग्राहक क्या देखना, सुनना या महसूस करना चाहते हैं।

### डाबर हाजमोला का डिजिटल आईपी, 'इंडियाज नं. 1 चटकारेबाज' का समापन

**भोपाल।** डाबर हाजमोला ने अपने जबरदस्त डिजिटल आईपी, इंडियाज नं. 1 चटकारेबाज' का सफलतापूर्वक समापन किया है। यह देश का पहला सोशल मीडिया रियलिटी शो था जो विशेष रूप से इंस्टाग्राम पर आयोजित किया गया। यह शो एक शानदार फिनाले के साथ समाप्त हुआ, जिसमें विजेताओं को 3 लाख का पुरस्कार पूल वितरित किया गया, जिन्होंने रोजमर्रा की ख़बरों को मज़ेदार, 'चटपटा' कमेंट्री में बदल दिया। डाबर के वाइस प्रेसिडेंट, मार्केटिंग, अजय परिहार ने कहाकि इंडियाज नं. 1 चटकारेबाज' के साथ, हम उन लोगों का जश्न मनाना चाहते थे जो सुर्खियों में हास्य ढूंढते हैं और रोजमर्रा की ख़बरों के माध्यम से हंसी पैदा करते हैं।

### आईआईएम और श्रीश्री विवि ने नवाचार व शोध के लिए किया समझौता

**भुवनेश्वर ।** भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) सम्बलपुर ने श्रीश्री विश्वविद्यालय (एसएसयू) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते का उद्देश्य नवाचार, शोध और समग्र शिक्षा को प्रोत्साहित करना है। इस साझेदारी के माध्यम से दोनों संस्थान दीर्घकालिक शैक्षणिक और अनुसंधान सहयोग स्थापित करेंगे, जिसके तहत कार्यशालाएं, शोध परियोजनाएं, प्रकाशन और छात्र विनिमय कार्यक्रम जैसे कई संयुक्त उपक्रम संचालित किए जाएंगे। हस्ताक्षर समारोह में श्रीश्री विश्वविद्यालय के संस्थापक पूज्य गुरुदेव श्रीश्री रविशंकर की उपस्थिति रही। इस अवसर पर आईआईएम सम्बलपुर के निदेशक प्रो. महादेव प्रसाद जायसवाल, श्रीश्री विश्वविद्यालय की अध्यक्ष प्रो. (श्रीमती) रजिता कुलकर्णी, तथा दोनों संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारी और संकाय सदस्य उपस्थित थे।

### राजपूताना को 333.02 करोड़ रुपए हुई कुल आय

**मुंबई।** राजपूताना इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026 की पहली छमाही के लिए अप्रकाशित (अन-ऑडिटेड) वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। वित्त वर्ष 2026 की पहली छमाही में कपनी की कुल आय 333.02 करोड़ रुपए, एबिटडा 12.84 करोड़ रुपए और कर पूर्व लाभ 7.28 करोड़ एवं शुद्ध लाभ 5.41 करोड़ रुपए दर्ज हुआ। कंपनी के अध्यक्ष शिवानी शेख ने कहाकि वित्त वर्ष 2026 की पहली छमाही निरंतर संचालन प्रगति को दर्शाती है।

### एमआईटी-डब्ल्यूपीयू की वर्ल्ड टेक्नोलॉजी समिट का सफल समापन

**पुणे।** एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी (एमआईटी-डब्ल्यूपीयू ) ने वर्ल्ड टेक्नोलॉजी ग्रुप के सहयोग से वर्ल्ड टेक्नोलॉजी समिट 2025 इंडिया का सफल आयोजन पुणे स्थित वर्ल्ड पीस डोम में किया। इस दो दिवसीय वैश्विक सम्मेलन में 25 देशों के 200 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इसका उद्देश्य तकनीक, विज्ञान और नवाचार के माध्यम से वैश्विक चुनौतियों का समाधान खोजते हुए एक अधिक जुड़ा हुआ और सतत भविष्य बनाना था। प्रभाव के लिए नवाचारः वैश्विक कनेक्टिविटी में तेजी लाना विषय पर केंद्रित इस सम्मेलन ने इस बात पर बल दिया कि कैसे उभरते नवाचार डिजिटल विभाजन को कम कर सकते हैं और वैश्विक समुदायों के लिए नए अवसर सृजित कर सकते हैं।

## चिंतन

# आतंकवाद के आकाओं को सहन नहीं कश्मीर की शांति

विदेशी धरा पर बैठे आतंकियों के आकाओं से कश्मीर की शांति सहन नहीं हो पा रही। वे रह-रहकर ऐसे प्रयास कर रहे हैं कि किसी भी तरह से एक बार फिर घाटी को आतंकवाद के गर्त में धकेला जा सके। जम्मू-कश्मीर में अक्टूबर 25 वर्षों में सबसे शांतिपूर्ण और 2025 का अब तक का सबसे शांत महीना रहा। इस महीने में केवल दो लोगों की हत्या की सूचना मिली। ये दोनों भी आतंकवादी थे। उनको सुरक्षा बलों ने कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा के पार घुसपैठ की कोशिश के दौरान मार गिराया। पूरे महीने में किसी भी नागरिक या सुरक्षा बल के हताहत होने की खबर नहीं आई। यह 2000 के बाद से सबसे शांतिपूर्ण माह रहा। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 और 35ए को निरस्त किए जाने के बाद जम्मू और कश्मीर शांति की राह पर हैं। कश्मीर घाटी के चारों ओर तरक्की की बातें हो रही हैं। कभी पाकिस्तान का राग अलापने वाले आज आतंकवाद विरोधी दिख रहे हैं। यहां का युवा पत्थरबाजी-प्रदर्शन को छोड़ अब अमन से बैठ गया है। वह धरती का स्वर्ग कहे जाने वाले कश्मीर के लिए विकास चाहता है और उन्हें पता है कि देश विरोधी लोग उन्हें इस्तेमाल करते थे, जो अब नहीं होगा। कश्मीरी युवा भारतीय सेना में भर्ती होकर देश सेवा करना चाहता है। यहां की आबोहवा अब बदल चुकी है। पूरे जम्मू कश्मीर में आतंक के गढ़ रहे इलाकों से सरहद तक अमन की बयार बह रही है। गांवों-शहरों में सरकारी इमारतों से लेकर सरहद तक हर ओर तिरंगा लहरा रहा है, यहां तक कि लाल चौक पर भी तिरंगा देखने को मिलता है। आतंकवाद को दरकिनार कर युवा पीढ़ी काम-धंधे में जुटने लगी है। पिछले दिनों सेना में भर्ती होने के लिए कश्मीर और जम्मू में बड़ी-बड़ी कतारें देखी गईं। कश्मीर में बच्चे सड़कों में खेलते हुए नजर आ रहे हैं। आतंक की वजह से पीर पंजाल की सेवन लेक्स पर भी लोगों की आवाजाही कम हो गई थी, अब लोग जा रहे हैं। आतंकियों के आकाओं से यही सहन नहीं हो पा रहा। घाटी में कड़ी सुरक्षा है तो वे अब घाटी से बाहर आतंकवाद का साजो सामान जुटाने की फिराक में हैं ताकि किसी भी समय कश्मीर को फिर से आग की लपटों में धकेला जा सके, लेकिन हमारे सुरक्षा बल उनके हर प्रयास को विफल कर रहे हैं। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने हरियाणा के फरीदाबाद में एक डॉक्टर के घर से 360 किलो विस्फोटक अमोनियम नाइट्रेट बरामद किया है। इसके साथ ही असॉल्ट राइफल और कारतूस भी मिले हैं। गिरफ्तार डॉक्टर का नाम मुजम्मिल शकील है। यह फरीदाबाद की अलफलाह यूनिवर्सिटी में पढ़ाता था। यह पुलवामा के कोइल का रहने वाला है। पुलिस ने लखनऊ से भी एक महिला डॉक्टर शाहीन शाहिद को गिरफ्तार किया गया है। शाहीन डॉक्टर मुजम्मिल शकील की महिला मित्र है। मुजम्मिल, डॉक्टर शाहीन की कार इस्तेमाल करता था। शाहीन की कार से ही एके-47 राइफल, जिंदा कारतूस और अन्य संदिग्ध सामग्री बरामद हुई। जम्मू कश्मीर पुलिस ने अब तक कुल 2900 किलो बम बनाने की सामग्री बरामद की है। यह मॉड्यूल जैश-ए-मोहम्मद और अंसर गजवात-उल-हिंद जैसे प्रतिबंधित संगठनों से जुड़ा हुआ था, जो घाटी में दहशतगर्दी फैलाने की फिराक में थे। सुरक्षा बलों ने यह बेहतरीन काम किया है, लेकिन जरूरत है कि उन लोगों का पक्का इलाज किया जाए, जो दूर रहकर आतंक को हवा देने की कोशिशों में जुटे हैं। तभी कश्मीर में स्थायी शांति कायम हो पाएगी।



आर्थिकी
डॉ. अश्विनी महाजन

# शटडाउनः अमेरिकी व्यवस्था की कमज़ोरी

> 1 अक्टूबर से अमेरिकी सरकार का कामकाज लगभग ठप हो गया है। लगभग 900,000 संघीय कर्मचारियों को छुट्टी पर भेज दिया गया है, और 20 लाख अन्य को बिना वेतन के काम करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। केवल स्वास्थ्य सेवा, स्वास्थ्य सहायता और परिवहन सुरक्षा प्रशासन जैसी आवश्यक सेवाएं ही अपवाद हैं। अमेरिकी इतिहास में यह 11वां शटडाउन है जिसके परिणामस्वरूप सरकारी सेवाएं ठप हो गई हैं। वास्तव में, अमेरिका का बंद होना उभरती अर्थव्यवस्थाओं, विशेषकर भारत के लिए आत्मनिर्भरता, संतुलित व्यापार और सहकारी संघवाद पर आधारित एक नए वैश्विक आर्थिक नेतृत्व को स्थापित करने का एक अवसर है।

जबकि दुनिया इस समय अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा लगाए गए अनुचित और बहुपक्षीय व्यापार नियमों के विरुद्ध टैरिफ पर चर्चा कर रही है, एक महत्वपूर्ण विषय जिस पर अभी तक विस्तृत चर्चा नहीं हुई है, वह है अमेरिकी सरकार का शटडाउन, जो 1 अक्टूबर, 2025 से चल रहा है और 4 नवंबर को, इस शटडाउन ने पिछले ट्रंप प्रशासन के दौरान 2018 के पिछले 35 दिनों के शटडाउन को पीछे छोड़ते हुए एक नया रिकॉर्ड बनाया है। 1 अक्टूबर से अमेरिकी सरकार का कामकाज लगभग ठप हो गया है। लगभग 900,000 संघीय कर्मचारियों को छुट्टी पर भेज दिया गया है, और 20 लाख अन्य को बिना वेतन के काम करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। केवल स्वास्थ्य सेवा, स्वास्थ्य सहायता और परिवहन सुरक्षा प्रशासन जैसी आवश्यक सेवाएं ही अपवाद हैं। अमेरिकी इतिहास में यह 11वां शटडाउन है जिसके परिणामस्वरूप सरकारी सेवाएं ठप हो गई हैं। इससे पहले सबसे लंबा शटडाउन 2018-19 में हुआ था, जो पिछले ट्रंप के कार्यकाल में 35 दिनों तक चला था, हालांकि यह पूर्ण सरकारी शटडाउन नहीं था। ज़रा सोचिए, अगर ऐसा भारत में होता, जहां सभी सरकारी प्रतिष्ठान बंद हो जाते और सरकारी कर्मचारियों को छुट्टी पर जाने के लिए मजबूर होना पड़ता, तो दुनिया भर में, खासकर अमेरिका में, भारतीय संविधान और व्यवस्था की आलोचना करते हुए ढेरों लेख लिखे जाते। फिर भी, अमेरिका में हुई इतनी बड़ी घटना की भी बहुत कम रिपोर्टिंग हो रही है। अमेरिका में दो प्रमुख पार्टियां हैं रिपब्लिकन पार्टी और डेमोक्रेटिक पार्टी। गौरतलब है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप रिपब्लिकन पार्टी से हैं। रिपब्लिकन द्वारा संचालित सदन ने तुरंत एक वित्त पोषण विधेयक पारित किया, लेकिन सीनेट में इसे समर्थन नहीं मिला। डेमोक्रेटिक पार्टी का दावा है कि स्वास्थ्य बीमा सब्सिडी (खासकर अफोर्डेबल केयर एक्ट से संबंधित) बजट में शामिल नहीं हैं। इसके अलावा, कांग्रेस ने शिकायत की है कि राष्ट्रपति प्रशासन बजट प्रक्रिया में कांग्रेस की शक्तियों का अतिक्रमण कर रहा है। कांग्रेस को डर है कि बिना शर्त बजट अनुमोदन कांग्रेस की शक्तियों का हनन होगा। शटडाउन ने न केवल सरकारी कामकाज को ठप कर दिया है, बल्कि 4 करोड़ से ज़्यादा लोगों के लिए खाद्य सहायता, खासकर पूरक पोषण सहायता कार्यक्रम (स्नैप) के बंद होने का भी खतरा पैदा कर दिया है। कुछ विभागों ने सैन्य कर्मियों को वेतन सुनिश्चित करने के लिए निजी क्षेत्र से भी धन जुटाया है। हालांकि, डेमोक्रेट अड़े नहीं हैं; उन्होंने अपनी मांग को घटाकर केवल 20 अरब डॉलर कर दिया है, जो उनकी पिछली मांग से काफ़ी कम है, फिर भी समाधान दूर की कौड़ी है। मौजूदा मामले में, संघर्ष सिर्फ़ पार्टियों के बीच का नहीं है; सत्तारूढ़ रिपब्लिकन पार्टी के भीतर भी मतभेद हैं। गौरतलब है कि संयुक्त राज्य अमेरिका में 3 नवंबर, 2026 को बड़े पैमाने पर चुनाव होने वाले हैं। इन मध्यावधि चुनावों में अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की सभी 435 सीटों और अमेरिकी सीनेट की 100 में से 35 सीटों के लिए चुनाव होंगे, जिससे 120वीं संयुक्त राज्य कांग्रेस का गठन होगा। 29 राज्य और क्षेत्रीय गवर्नर चुनाव, साथ ही कई राज्य और स्थानीय चुनाव भी लड़े जाएंगे। अमेरिका में आगामी मध्यावधि चुनाव वास्तव में सरकारी बंद के त्वरित या स्थायी समाधान में बाधा बन रहे हैं। राष्ट्रीय हित



पर आम सहमति से ज़्यादा राजनीतिक गुणा-भाग महत्वपूर्ण होते जा रहे हैं। हमें यह समझना होगा कि संयुक्त राज्य अमेरिका में लगातार जारी बंद केवल प्रशासनिक विफलता नहीं, बल्कि अमेरिकी आर्थिक और राजनीतिक व्यवस्था की गहरी संरचनात्मक और वैचारिक कमज़ोरियों का लक्षण है। इतना लंबा शटडाउन अमेरिकी राजनीतिक व्यवस्था की प्रतिस्पर्धी हितों, खासकर राजकोषीय विवेक और राजनीतिक लोकलुभावनवाद के बीच सामंजस्य बिठाने में असमर्थता को दर्शाता है। बजट को मंजूरी देने या ऋण सीमा बढ़ाने में विफलता (जैसा कि हमने पहले भी देखा है) एक खंडित लोकतंत्र को दर्शाती है जो निहित स्वार्थों के हाथों बंधक बना हुआ है, जहां अल्पकालिक राजनीतिक लाभ दीर्घकालिक राष्ट्रीय प्राथमिकताओं पर भारी पड़ते हैं। पिछले कुछ वर्षों में, पश्चिमी अर्थव्यवस्थाओं की ऋण और घाटे के वित्तपोषण पर असंतुलित निर्भरता से हमें कोई राहत नहीं मिली है। इस शटडाउन ने उजागर किया है कि कैसे अमेरिकी आर्थिक मॉडल लगातार उधार लेने का आदी हो गया है और राजनीतिक नेता राजकोषीय अनुशासनहीनता के परिणामों का सामना करने को तैयार नहीं हैं। अमेरिकी नीति निर्माताओं के दोहरे मापदंड पूरी तरह से उजागर हो गए हैं, क्योंकि अमेरिका आईएमएफ और विश्व बैंक जैसी संस्थाओं के माध्यम से विकासशील देशों को राजकोषीय जिम्मेदारी का उपदेश देता है, लेकिन घरेलू स्तर पर इसका पालन करने में बुरी तरह विफल रहता है।

हम देखते हैं कि वैश्विक आर्थिक असंतुलन एक तरह से अमेरिकी डॉलर के आधिपत्य से जुड़े हैं। हम समझते हैं कि शटडाउन और बार-बार ऋण सीमा संकट अमेरिकी वित्तीय प्रणाली में वैश्विक विश्वास को कमज़ोर कर रहे हैं। यह दुनिया में डॉलर-विमुद्रीकरण की प्रक्रिया को बढ़ावा दे रहा है और भारत में अस्थिर पश्चिमी अर्थव्यवस्थाओं पर निर्भर रहने के बजाय आत्मनिर्भर वित्तीय तंत्र बनाने के विश्वास को मज़बूत कर रहा है। कोई भी आसानी से समझ सकता है कि शटडाउन एक व्यक्तिवादी और उपभोग-आधारित आर्थिक व्यवस्था का परिणाम है जो लोगों की तुलना में बाज़ारों को प्राथमिकता देती है। आम अमेरिकी नागरिकों-बिना वेतन वाले सरकारी कर्मचारी, सेवाओं में देरी और सामाजिक असुरक्षा स्पष्ट रूप से इस नव उदारवाद की विफलता का संकेतक है। विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने के कारण इस शटडाउन का प्रभाव केवल अमेरिका तक सीमित नहीं रहता, अपितु पूरे विश्व तक पहुंचता है। अंतरराष्ट्रीय निवेशक अमरीकी स्थिति देखकर चिंतित हो जाते हैं। डॉलर की स्थिरता पर प्रश्न खड़े होने लगते हैं और विदेशी निवेशक अपने धन सुरक्षित रखने के लिए अन्य विकल्प खोजने लगते हैं। हालांकि सामान्य रूप से पश्चिमी मीडिया और विशेष रूप से अमेरिका भारतीय संस्थानों को कमज़ोर दिखाने का कोई अवसर नहीं छोड़ता, शटडाउन उस कहानी को ध्वस्त कर रहा है, क्योंकि हम देख रहे हैं कि पश्चिमी आर्थिक प्रणाली की तुलना में भारत में कहीं बेहतर संस्थागत स्थिरता को है। राजनीतिक मतभेदों के बावजूद, भारत को कभी भी इस तरह के शटडाउन का सामना नहीं करना पड़ा है क्योंकि बजट अनुमोदन को राष्ट्रीय जिम्मेदारी माना जाता है, न कि राजनीतिक सौदेबाज़ी। वास्तव में, अमेरिका का बंद होना उभरती अर्थव्यवस्थाओं, विशेषकर भारत के लिए आत्मनिर्भरता, संतुलित व्यापार और सहकारी संघवाद पर आधारित एक नए वैश्विक आर्थिक नेतृत्व को स्थापित करने का एक अवसर है। जब पश्चिम अपने विरोधाभासों के बोझ तले लड़खड़ाता है, तो भारत को अपने मूल्यों के आधार पर आगे बढ़ना चाहिए, न कि उनके उधार लिए गए मॉडलों के आधार पर।

*(लेखक पूर्व प्रोफेसर, पीजीडीएवी कॉलेज, दिल्ली विवि है, ये उनके अपने विचार हैं।)*

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।


## जयंती विशेष

विवेक शुक्ला



# प्रतिभाओं के पारखी थे मौलाना आजाद

मौलाना अबुल कलाम को आज उनकी राजधानी में जामा मस्जिद के पास स्थित मजार पर श्रद्धांजलि देने के लिए कुछ लोग पहुंचेंगे। इनकी संख्या बीसेक ही रहती है। ये मोटे तौर पर वही लोग होते हैं, जो हर बरस उनकी जयंती (11 नवंबर) और पुण्यतिथि (22 फरवरी) पर वक्त निकाल कर आते हैं। अब आप समझ सकते हैं कि मौलाना आजाद की मजार पर सामान्य दिनों में तो कोई भी नहीं आता। तो कहा जा सकता है कि भारत के पहले शिक्षा मंत्री, स्वतंत्रता सेनानी,हिंदू-मुस्लिम एकता के प्रतीक के प्रति देशका किस तरह का ठंडा रवैया है। कुछ साल पहले तक राष्ट्रपति और दिल्ली के उप राज्यपाल की ओर से मजार पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए जाते थे, मगर वह रिवायत अब टूट चुकी है। अगर आप राजधानी में जनपथ से मौलाना आजाद रोड की तरफ बढ़ते हैं, तो आपको सड़क के शुरू में ही बायीं तरफ विज्ञान भवन मिलता है। इस सड़क की पहचान इसलिए होती है, क्योंकि इधर विज्ञान भवन और लंबे समय तक रहा देश के उप राष्ट्रपति का आवास रहा है। कुछ समय पहले यहां से उपराष्ट्रपति आवास शिफ्ट हो चुका है। ये सड़क किंग एडवर्ड रोड से मौलाना आजाद रोड इसलिए हो गई थी, क्योंकि इसी सड़क के 4 नंबर के बंगले में मौलाना आजाद 1947 से 22 फरवरी 1958 को अपनी मृत्यु तक रहे थे। दरअसल जिधर विज्ञान भवन की एनेक्सी है वहां पर ही था मौलाना आजाद का सरकारी बंगला। दूसरे हिस्से में विज्ञान भवन बना। कौन रहता था मौलाना के साथ जब मौलाना आजाद 4 नंबर एडवर्ड रोड में रहते थे तब उनके साथ उनका एक भतीजा नुरूदीन अहमद, जिसे वे अपना पुत्र ही मानते थे, और कुछ अन्य रिश्तेदार भी रहते थे। मौलाना आजाद कोलकाता से सन 1920 के आसपास दिल्ली आ गए थे, जब महात्मा गांधी और पंडित नेहरू ने उन्हें भारत के स्वाधीनता संग्राम को सशक्त बनाने के लिए यहां रहने के लिए आमंत्रित किया। तब मौलाना आज़ाद के पास रहने को जगह और देने को किराया नहीं था। फिरोज बख्त अहमद बताते हैं कि उन्हें दिल्ली में रहने के लिए एक घर 'हमदर्द दवाखाना' के हकीम अब्दुल मजीद ने दरियागंज में दिया था। मौलाना आजाद का घर देखते-देखते दिल्ली के दानिशमंदों,लेखकों और नौजवानों का पसंदीदा स्थान बन गया।




मौलाना आज़ाद के घर में किताबों का अंबार था। मौलाना आजाद अपने दोस्तों को भी किताबें भेंट किया करते थे। मौलाना अबुल कलाम आजाद ने देश के शिक्षा मंत्री के रूप में कई प्रतिभाओं को पहचाना और तराशा। उनमें डॉ. कपिला वात्स्यायन भी थीं। भारत के सामने 1947 के बाद अपनी सांस्कृतिक विरासत को उसका सही स्थान देने की चुनौती थी। उस दौर में मौलाना आजाद ने कपिला वात्स्यायन को अपने साथ जोड़ा। यह बात 1956 की है। मौलाना आजाद ने देश में संग्रहालयों को लेकर व्यापक नीति बनाने के लिए बैठक बुलाई। उसमें, उन्होंने इस बात पर चिंता जताई कि ब्रिटिश काल के दौरान देश की बहुत सी बहुमूल्य धरोहरें देश से बाहर चली गईं। उन्हें वापस लाने के प्रयास करने होंगे। इसके साथ ही नए संग्रहालयों के निर्माण पर फोकस रखना होगा। मौलाना आजाद के विभाग से जुड़े कई आला अफसर, जिनमें कपिला वात्स्यायन भी थीं, का 4 किंग एडवर्ड रोड में आना-जाना लगा रहता था। मौलाना आजाद देश के टूटने से बुरी तरह से हिल गए थे। मौलाना आजाद कहते थे कि अगर मुसलमानों के लिए अलग मुल्क बनाना सही है तो यहुदियों के लिए अलग मुल्क बनाना गलत कैसे है। इस संवाद को जब-जब मशहूर एक्टर टॉम आल्टर ने डॉ.एम. सईद आलम द्वारा लिखित और निर्देशित एकल नाटक मौलाना आजाद में बोला तो उन्हें दर्शकों की भरपूर तालियां मिलीं।

मौलाना आजाद के भतीजे फिरोज बख्त अहमद बताते हैं कि उन्होंने 23 अक्तूबर, 1947 को मुसलमानों का आह्वान किया था कि वे पाकिस्तान जाने का इरादा छोड़ दें। वे भारत में ही रहें। उन्हें किसी बात की फिक्र करने की कोई वजह नहीं है। भारत उनका है। मौलाना आजाद की तकरीर के बाद सैकड़ों मुसलमानों ने पाकिस्तान जाने के अपने इरादे को छोड़ दिया था। बहरहाल, मौलाना आजाद की विरासत को जीवित रखने की जरूरत है।

*(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*


## श्रद्धामयोऽयं पुरुषो यो यच्छ्रद्धः स एव सः



संकलित
**दर्शन**

गीताकार ने कहा है कि श्रद्धामयोऽयं पुरुषो यो यच्छ्रद्धः स एव सः अर्थात जिसकी जैसी श्रद्धा होती है, वह स्वयं ही वही यानी उसी के अनुरूप बन जाता है। शिष्य और गुरु के मध्य जो श्रद्धा के सूत्रों का सशक्त बंधन होता है, वही लक्ष्य तक पहुंचाने और अध्यात्म की समस्त विभूतियां प्राप्त कराने में प्रमुख भूमिका निभाता है। जिस श्रद्धा के सहारे मीरा ने गिरधर गोपाल को साथ रहने के लिए विवश किया, एकलव्य ने द्रोणाचार्य की मिट्टी से बनी प्रतिमा को असली द्रोण से भी अधिक समर्थ बनाया और रामकृष्ण परमहंस ने पत्थर की प्रतिमा को जीवंत काली जैसा भोग ग्रहण करने के लिए सहमत कर लिया था, वह श्रद्धा तत्व ही आत्मिक प्रगति का आधारभूत है। इसे उपार्जित करने के लिए जीवंत गुरु का आश्रय लेना पड़ता है। जीवन के प्रत्येक महत्वपूर्ण कार्य के लिए सद्गुरु के अवलंबन की आवश्यकता पड़ती है। आत्मिक प्रगति के लिए सद्गुरु का आश्रय लिए जाने की बात प्राचीन आर्ष ग्रंथों से लेकर ऋषि-मुनियों तक ने कही है। आत्मिक प्रगति, भिन्न स्तर का सोच अपनाने और तदनुरूप अपने क्रियाकलापों को ढालने के लिए सशक्त अवलंबन की आवश्यकता पड़ती है। यह कार्य समर्थ आदर्शवादी और श्रेष्ठ स्तर के व्यक्तित्वों के साथ घनिष्ठता स्थापित करने पर ही बनता है। इसी व्यवस्था को गुरुवरण कहते हैं। गुरु के रूप में एक ऐसी सत्ता के प्रति संपूर्ण समर्पण, जो उत्कृष्टताओं और सत्प्रवृत्तियों का समुच्चय हो।

## राजा हैं, फिर भी घमंडी ना बनें



संकलित
**प्रेरणा**

एक राज्य में एक राजा रहता था जो बहुत घमंडी था। उसके घमंड के चलते आस पास के राज्य के राजाओं से भी उसके संबंध अच्छे नहीं थे। उसके घमंड की वजह से सारे राज्य के लोग उसकी बुराई करते थे। एक बार उस गाँव से एक साधु महात्मा गुजर रहे थे उन्होंने भी राजा के बारे में सुना और राजा को सबक सिखाने की सोची। साधु तेजी से राजमहल की ओर गए और बिना प्रहरियों से पूछे सीधे अंदर चले गए। राजा ने देखा तो वो गुस्से में भर गया। राजा बोला- ये क्या उदण्डता है महात्मा जी, आप बिना किसी की आज्ञा के अंदर कैसे आ गए? साधु ने विनम्रता से उत्तर दिया- मैं आज रात इस सराय में रुकना चाहता हूँ। राजा को ये बात बहुत बुरी लगी वो बोला- महात्मा जी ये मेरा राज महल है कोई सराय नहीं, कहीं और जाइये। साधु ने कहा- हे राजा, तुमसे पहले ये राजमहल किसका था? राजा- मेरे पिताजी का, साधु- तुम्हारे पिताजी से पहले ये किसका था? राजा- मेरे दादाजी का। साधु ने मुस्करा कर कहा- हे राजा, जिस तरह लोग सराय में कुछ देर रहने के लिए आते है वैसे ही ये तुम्हारा राज महल भी है जो कुछ समय के लिए तुम्हारे दादाजी का था, फिर कुछ समय के लिए तुम्हारे पिताजी का था, अब कुछ समय के लिए तुम्हारा है, कल किसी और का होगा। ये राजमहल जिस पर तुम्हें इतना घमंड है ये एक सराय ही है जहां एक व्यक्ति कुछ समय के लिए आता है और फिर चला जाता है। साधु की बातों से राजा इतना प्रभावित हुआ कि सारा राजपाट, मान सम्मान छोड़कर साधु के चरणों में गिर पड़ा।

## सटाका




## आज की पाती

### मिलावटी चीजों से सावधान रहें

आज बहुत से ऐसे लोग भी हैं जो अपने थोड़े से फायदे के लिए खाने-पीने की चीजों में मिलावट करके दूसरों की जान को भी जोखिम में डाल देते हैं। लेकिन चंद सिक्कों की खातिर दूसरों की जान जोखिम में डालना मानवता के खिलाफ है। खाने-पीने की मिलावटी चीजें तो जहर समान होती है। स्वस्थ भारत के लिए खानपान की चीजों में मिलावट रोकना भी बहुत जरूरी है। खाद्य पदार्थों में मिलावट इस कारण नहीं रुक रही, क्योंकि एक तो आमजन सरकार द्वारा बनाए गए उपभोक्ता संरक्षण के कानून के प्रति जागरूक नहीं है, दूसरा सरकार और प्रशासन मिलावट रोकने के लिए गंभीरता नहीं दिखाते। तीसरा कारण सरकारी तंत्र में फैला भ्रष्टाचार है। इसके कारण खाद्य पदार्थों की जांच समय-समय पर नहीं होती।

*- प्रवीण शुक्ला, धमतरी*

## ट्रेंड

### कितनी नौकरियां दी



कभी राहुल गांधी, तो कभी तेजस्वी आते हैं और कहते हैं- हम हर घर में नौकरी देंगे। लेकिन अब तक तुमने कितनी नौकरियां दीं? ये दोनों बेईमान हमें पटियाने आए हैं; ये समझते हैं कि जनता बुद्धू बन जाएगी।

**-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री**


### प्रत्येक वार्ड सुंदर बने



जनता का आशीर्वाद, जनता के प्रति स्नेह, जनता का सेवाभाव। यही हमारा काम है और इस काम को करते हुए दिल्ली में 12 सीटों पर हम चुनाव लड़ेंगे। हम चाहते हैं कि दिल्ली का प्रत्येक वार्ड सुंदर बने, बेहतर बने और वहां विकास कार्य हों।

**-रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### अवैध प्रवासी बढ़े



आंकड़े बताते हैं कि अवैध प्रवासियों और एक खास समुदाय की आबादी, संपत्ति और ज़मीन के स्वामित्व में तेज़ी से बढ़ोतरी हुई है - यह मूल असमियों पर अपना दबदबा बनाने की साफ़कोशिश है।

**- हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

### महागठबंधन कुछ नहीं



महागठबंधन कुछ नहीं, एक-दूसरे की टांग खीचनें और धोखेबाजी का खेल है। इसके तीन खिलाड़ी राहुल गांधी, तेजस्वी यादव और अखिलेश यादव हैं। इन तीनों की अपनी-अपनी ढपली, अपना-अपना राग है। गांधी जी किसी भी क़ीमत पर नहीं चाहते कि दोनों यादव मुख्यमंत्री बनें।

**-केशव प्रसाद मौर्य, डिप्टी सीएम, उप्र**

## करंट अफेयर

# पाक के पंजाब में शेरशाह सूरी युग की सराय मिली

पाकिस्तान में पंजाब सरकार के पुरातत्व विभाग ने लाहौर से लगभग 220 किलोमीटर दूर हड़प्पा के खंडहरों के पास शेरशाह सूरी के युग की, 16वीं सदी की सराय (विश्राम स्थल) को खोजा है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। यह सराय मुख्य शेर शाह सूरी मार्ग के दक्षिणी हिस्से पर स्थित है। यह शेर शाह सूरी (1540-1545) के समय डाक काफिलों के लिए विश्राम स्थल था। शेर शाह सूरी एक अफगान शासक थे जिन्होंने मुगल साम्राज्य को कुछ समय के लिए हटाकर सूर साम्राज्य की स्थापना की थी। उन्होंने 1540 में मुगल बादशाह हुमायूं को हराकर अपने वंश का साम्राज्य स्थापित किया था, लेकिन सूर साम्राज्य बहुत समय तक नहीं चला, और 1545 में शेरशाह सूरी की मृत्यु के बाद मुग़ल साम्राज्य ने नियंत्रण हासिल कर लिया। पंजाब के पर्यटन सचिव डॉ. एहसान भुट्टा के अनुसार, स्थल पर मिलीं ईंट हड़प्पा काल की हैं, लेकिन इसमें शेर शाह सूरी के युग की विशेषताएं भी मौजूद हैं, जैसे बरामदा, जलाशय आदि। उन्होंने कहा, अधिक खुदाई करने से हमें यहां रहने वाले लोगों की जीवनशैली के बारे में पता चलेगा। उम्मीद है कि हड़प्पा काल की और भी विशेषताएं सामने आएंगी। उन्होंने बताया कि पुरातात्विक खुदाई में उत्तरी दिशा में मुख्य द्वार और द्वार के दोनों ओर तीन कमरे मिले हैं।



## ऑफ बीट

# डॉक्टरों की तुलना में आगे निकलता दिख रहा एआई

शतरंज, कला और चिकित्सकीय निदान में अपनी क्षमता साबित कर चुकी कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) तकनीक अब चिकित्सा के क्षेत्र में डॉक्टरों से आगे निकलती दिख रही है। मरीजों के लिए डॉक्टरों में पाया जाने वाला मानवीय गुण 'सहानुभूति' अब एआई में पाया जा रहा है। ब्रिटिश मेडिकल बुलेटिन में प्रकाशित हालिया समीक्षा में 15 अध्ययनों का विश्लेषण किया गया। इसमें एआई द्वारा लिखे गए जवाबों की तुलना स्वास्थ्य पेशेवरों के लिखित उत्तरों से की गई। शोधकर्ताओं ने दोनों प्रकार के उत्तरों का सहानुभूति के आधार पर मूल्यांकन किया। परिणाम चौंकाने वाले थे- 15 में से 13 अध्ययनों (करीब 87 प्रतिशत) में एआई के उत्तर अधिक सहानुभूतिपूर्ण पाए गए। हालांकि, विशेषज्ञों का कहना है कि इससे पहले कि हम स्वास्थ्य सेवा की मानवीय संवेदना एआई के हवाले कर दें, यह समझना जरूरी है कि वास्तव में हो क्या रहा है। इन अध्ययनों में आमने-सामने बातचीत के बजाय केवल लिखित उत्तरों की तुलना की गई थी, जिससे एआई को एक संरचनात्मक बढ़त मिली। न स्वर की गलत व्याख्या का जोखिम, न शरीर की भाषा को समझने की चुनौती, और सही उत्तर देने के लिए असीमित समय दिया गया। महत्वपूर्ण बात यह है कि इन अध्ययनों में किसी प्रकार की हानि को नहीं मापा गया।



**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016

**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

तत्कालीन गैरीसन इंजीनियर धनंजय प्रसाद चतुर्वेदी और उनकी पत्नी शिप्रा चतुर्वेदी द्वारा 1.38 करोड़ रुपए की बेहिसाब संपत्ति रखने का मामला

# ईडी ने की कार्रवाईः पूर्व गैरिसन इंजीनियर की 1.31 करोड़ की चल अचल प्रॉपर्टी कुर्क, ईडी ने पत्नी शिप्रा की संपत्ति को भी जोड़ा

*50 हजार की घूस लेते हुए किया गिरफ्तार, सीबीआई ने दर्ज किया था केस*

*जांच में चतुर्वेदी के पास करोड़ों की संपति, लखनऊ और नोएडा में कीमती जमीन के दस्तावेज मिले*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ईडी ने भोपाल के क्षेत्रीय कार्यालय ने रिटायर्ड गैरिसन इंजीनियर धनंजय प्रसाद चतुर्वेदी और शिप्रा चतुर्वेदी से जुड़ी करीब 1 करोड़ 31 लाख रुपए की प्रॉपर्टी कुर्क की हैं। धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत ईडी ने धनंजय प्रसाद चतुर्वेदी और शिप्रा चतुर्वेदी से संबंधित अचल और चल संपत्तियों को कुर्क किया है। ईडी ने सीबीआई, एसीबी, भोपाल द्वारा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 13(2) आर/डब्ल्यू 13(1)(बी) के तहत धनंजय प्रसाद चतुर्वेदी के खिलाफ दर्ज एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की।

इसके बाद सीबीआई ने एलडी स्पेशल कोर्ट, सीबीआई मामलों, भोपाल के समक्ष धारा 109 आईपीसी, 1860 आर/डब्ल्यू धारा 13(1)(बी) और 13(1)(ई) आर/डब्ल्यू पीसी अधिनियम, 1988 के तहत चार्जशीट फाइनल रिपोर्ट 18 जून 2024 को दायर की। यह मामला तत्कालीन गैरीसन इंजीनियर (एमईएस) धनंजय प्रसाद चतुर्वेदी और उनकी पत्नी शिप्रा चतुर्वेदी द्वारा 1.38 करोड़ रुपए की बेहिसाब संपत्ति रखने से संबंधित है। जांच के दौरान पाया गया कि धनंजय प्रसाद चतुर्वेदी और उनकी पत्नी के पास 1.38 करोड़ रुपए की आय से अधिक संपत्ति थी, जो जांच अवधि एक अप्रैल 2013 से लेकर 8 जून 2022 के दौरान उनकी ज्ञात आय के स्रोतों का 119.08% थी।


फाइल फोटो

### 46.12 लाख रुपए कैश बैंकों में जमा

जांच में कई बैंक खातों में 46.12 लाख रुपए की नगद जमा राशि और उसके बाद अचल संपत्तियों व दूसरी प्रॉपर्टी में पैसों का निवेश पाया गया। ये संपत्तियां पद के दुरुपयोग, बेहिसाब नकद जमा और झूठी कृषि आय, आभूषणों की बिक्री और ट्यूशन आय जैसे काल्पनिक स्रोतों से अर्जित आपराधिक आय से अर्जित पाई गईं। जांच में यह भी पता चला कि इन संपत्तियों को वैध संपत्ति के रूप में पेश करने के प्रयास किए गए थे।

### जून 2022 में रिश्वखोरी में हुआ था अरेस्ट

जून 2022 में ग्वालियर के मुरार केंटोनमेंट स्थित एमईएस (मिलिट्री इंजीनियरिंग सर्विस) में गैरीसन इंजीनियर धनंजय प्रसाद चतुर्वेदी 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते पकड़ा गया था। चतुर्वेदी के पास करोड़ों की संपत्ति मिली थी। लखनऊ और नोएडा में कीमती जमीन के दस्तावेज उसके पास से बरामद हुए थे। उसके पास से करीब 9.60 लाख रुपए सीबीआई एसीबी की टीम ने बरामद किए थे। सीबीआई एसीबी की टीम ने ग्वालियर के अलावा उसके यूपी के संत कबीर नगर स्थित घर और दफ्तर में भी तलाशी ली थी। टीम को कुछ और संदिग्ध दस्तावेज बरामद हुए थे। जिनकी पड़ताल की जा रही है। वहीं कार्रवाई के बाद उसे गिरफ्तार किया गया था।

### महिला ठेकेदार की शिकायत पर की थी कार्रवाई

महिला ठेकेदार के पति को 50 हजार रुपए पहली किस्त के रूप में देने थे। इसके बाद सीबीआई भोपाल एसपी को इसकी शिकायत की गई। सीबीआई एसपी भोपाल की टीम ग्वालियर पहुंची। टीम ने रिश्वत के रुपए लेकर शिकायतकर्ता को भेजा। जैसे ही रुपए दिए टीम पहुंच गई। टीम को देखकर चतुर्वेदी हड़बड़ा गया, उसने रुपए छिपाने की कोशिश की, लेकिन टीम ने उसे रंगे हाथों पकड़ लिया था।

### महिला ठेकेदार ने निर्माण कार्य का ठेका लिया था

सीबीआई की रिपोर्ट के अनुसार, एक महिला ठेकेदार ने निर्माण कार्य का ठेका लिया था। 84 लाख रुपए का कुल ठेका महिला ठेकेदार को मिला था। ठेका मिलने के बाद गैरिसन इंजीनियर धनंजय महिला के पति से रिश्वत मांगने लगे। ठेके की रकम का 5 प्रतिशत यानी करीब 4 लाख 20 हजार रुपए की मांग की। मना करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दी गई थी।

## खबर संक्षेप



### शिक्षाविद विष्णु गेहाणी का किया सम्मान

**संतनगर।** करुणा धाम के पीठाधीश्वर गुरुदेव सुदेश शांडिल्य महाराज द्वारा सोमवार को वरिष्ठ शिक्षाविद विष्णु गेहाणी का सम्मान किया गया। इस अवसर पर डॉ. केशव बुधवानी, भारत विकास परिषद के रीजनल प्रेसिडेंट सुनील कोठारी, रीजनल पर्यवेक्षक डॉ. सुरेंद्र प्रधान, कार्यक्रम संयोजक कमल प्रेमचंदानी, डॉ. जीटी खेमचंदानी, राजेश हिंगोरानी, बसंत चेलानी सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

### कैलाश और चावला के बीच हुई गुप्त चर्चा

**औबेदुल्लागंज।** व्यापार महासंघ के उपाध्यक्ष कैलाश डब्बू नागर एवं वरिष्ठ नीरज चावला के बीच गुप्त चर्चा हुई। कुछ व्यापारियों ने अनुमान लगाते हुए कहा कि कैलाश डब्बू नागर व्यापार मिलन समारोह का कार्यक्रम बना रहे हैं। व्यापार महासंघ के कोषाध्यक्ष आशीष दीक्षित ने कहा कि यह उनका निजी मामला है, जब आशीष दीक्षित से पूछा कि 2 साल हो गए हैं व्यापार महासंघ का मिलन समारोह अभी तक नहीं हुआ तो उन्होंने कहा मैं व्यापार महासंघ के अध्यक्ष जगदीश चंदानी और महामंत्री प्रदीप अरोरा से चर्चा करूंगा।

### रिटायर्ड डीजी की शिकायत पर पड़ोसी पर मामला दर्ज

**भोपाल।** कोलार पुलिस ने दानिशकुंज चौराहा पर रहने वाले रिटायर्ड डीजी मैथिलीशरण गुप्त की शिकायत पर पड़ोस में बिल्डिंग का निर्माण कर रहे गुप्ता और ठेकेदार पर मामला दर्ज किया है। दरअसल, पड़ोसी द्वारा मकान बनाने से पूर्व प्लॉट पर दस फीट गहरी खुदाई की गई। खुदाई करते समय उनके प्लॉट के बीच में लगे दो पेड़ टूटकर गिर गए, घर के गमले और सीवर लाइन भी टूटी है।

### 10 हजार की रिश्वत लेते पेंशन अधिकारी धराया

**भोपाल।** जबलपुर में सहायक पेंशन अधिकारी को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया है। पुलिस महानिदेशक लोकायुक्त योगेश देशमुख ने बताया कि आवेदक किशोर कुमार झारिया रिटार्यड लैब टेक्नीशियन हैं। पहली पत्नी की मृत्यु के बाद दूसरी पत्नी का नाम पारिवारिक पेंशन में नॉमिनी के रूप में जुड़वाने के लिए संभागीय पेंशन कार्यालय जबलपुर में सहायक पेंशन अधिकारी सचिन झा से मुलाकात की थी। पेंशन अधिकारी सचिन झा ने काम करने की एवज में 10 हजार रुपए की मांग की थी। जिसकी शिकायत आवेदक द्वारा लोकायुक्त कार्यालय जबलपुर में पुलिस अधीक्षक के समक्ष की थी। आरोपी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधन)2018 की धारा-7,13(1)इ, 13(2) के अंतर्गत कार्वाई की जा रही है।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याणः | 9450 | | |
| दिनः | 135 | 91 | 128 |
| रातः | 279 | 86 | 169 |
| ताराः | | | |
| दिनः | 368 | 74 | 356 |
| रातः | 244 | 04 | 248 |

मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित 11 मील के पास कौशल नगर में हुई वारदात

# पैसों के विवाद में ठेकेदार पर चाकू से जानलेवा हमला, हालत गंभीर, सीसीटीवी में वारदात कैद

**मनोज के सीने और पेट के बीच चाकू लगने से ऑफिस में बेहोश होकर गिर गया था**


फाइल फोटो

***दोनों आरोपी मौके से फरार, पुलिस फुटेज के आधार पर तलाश में जुटी***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित 11 मील के पास कौशल नगर में रविवार देर रात पैसों के लेन-देन को लेकर दो लोगों के बीच हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। आरोपी ने ठेकेदार पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। पूरी वारदात प्रॉपर्टी ब्रोकर के ऑफिस में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। मिसरोद पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

पुलिस के अनुसार अवधपुरी थाना क्षेत्र के खजूरी कलां निवासी 35 वर्षीय मनोज अवस्थी बिल्डिंग मटेरियल सप्लाई और कंस्ट्रक्शन का काम करता है। कुछ समय पहले उसने सतीश विश्वकर्मा नाम के व्यक्ति के घर पर निर्माण कार्य किया था। इसी काम के पैसे को लेकर दोनों के बीच विवाद चल रहा था। एएसआई अमोद शर्मा ने बताया कि 9 नवंबर की रात करीब 10 बजे दोनों पक्ष कौशल नगर, भैरपुर में स्थित प्रॉपर्टी डीलर बंटी डांगी के ऑफिस में मिले। यहां पर दोनों के बीच पैसों को लेकर बहस शुरू हुई, जो धीरे-धीरे झगड़े में बदल गई। इसी दौरान सतीश और उसके साथी ने अचानक चाकू निकालकर मनोज पर हमला कर दिया। उसने मनोज के सीने और पेट के बीच चाकू मार दिए। हमले के बाद ऑफिस में खून फैल गया और मनोज वहीं गिर पड़ा। मौके पर मौजूद बंटी दांगी और मनोज के दोस्त जितेंद्र मालवीय ने तुरंत उसे उठाकर नजदीकी प्राइवेट अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों के मुताबिक मनोज की हालत गंभीर है और वह बयान देने की स्थिति में नहीं है। एएसआई शर्मा ने बताया कि पुलिस ने सतीश और उसके साथी के खिलाफ हत्या के प्रयास का प्रकरण दर्ज किया है। वारदात के बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस उनकी तलाश में जुटी है। फिलहाल घायल मनोज का इलाज जारी है और पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच आगे बढ़ा रही है।

### निजी बैंक के कर्मचारी ने किस्त के 3 लाख रुपए का किया गबन

कमलानगर पुलिस ने नेहरू नगर स्थित बंधन बैंक के ब्रांच मैनेजर की शिकायत पर बैंक के कर्मचारी के खिलाफ धोखाधड़ी और अमानत में खयानत की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। कर्मचारी ने ग्राहकों से लोन की किश्त का पैसा लेकर दो लाख 73 हजार 390 रुपए बचाकर अपने निजी इस्तेमाल में ले लिए। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि देवेन्द्र विश्वकर्मा बंधन बैक की नेहरू नगर शाखा में बीयू मैनेजर के पद पर पदस्थ हैं। उनकी ब्रांच में चंदन सराफ की बाड़ी हरदा निवासी दीपक राठौर कस्टमर रिलेशनशिप के पद पर कार्यरत था। वह बैंक की ऋण किस्त उगाही का काम करता था। उसका काम ग्राहकों से मिली लोन की किस्त लेकर बैंक में डिपॉजिट करना था। दीपक राठौर ने 2023 से 2024 के बीच 108 ग्राहकों से करीब पांच लाख 40 हजार 370 रुपए कलेक्शन किए और उसमें से बैंक के सिस्टम में सिर्फ दो लाख 66 हजार 440 रुपए ही डिपाजिट किए। कलेक्शन की कुल राशि में से दो लाख 73 हजार 390 रुपए बचाकर अपने निजी इस्तेमाल में ले लिए। ग्राहक काजल सूर्यवंशी और आशा सूर्यवंशी से दीपक राठौर ने क्रमशः 5790 रुपए और 4500 रुपए किस्त वसूली में से बचाकर निजी उपयोग में लिए। इसी प्रकार अन्य 106 कस्टमर से पृथक से लोन वसूली कर पैसे बचाकर अपने उपयोग में लिए। पुलिस ने आवेदन जांच के बाद आरोपी दीपक राठौर के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

### सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने फांसी लगाकर दी जान

*कोलार थाना क्षेत्र स्थित राजहर्ष कॉलोनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से एक सुसाइड नोट भी मिला है। सुसाइड नोट में उसने पर्सनल मेटर माय व्वाइस लिखा है। हालांकि उसने आत्महत्या करने के कारण नहीं लिखे हैं। पुलिस ने शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार रोहित रजक पिता मुन्नालाल रजक (25) राजहर्ष कॉलोनी, कोलार में रहता था और औद्योगिक क्षेत्र गोविंदपुरा की कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर था। परिवार में उसके माता-पिता और पत्नी है। जनवरी 2025 में ही उसने शादी की थी। पिता मुन्नालाल रजक ने बताया कि रविवार दोपहर वह पत्नी के साथ रिश्तेदारी में गए थे। घर पर बेटा और बहू थे। दोपहर के समय रोहित अपने कमरे में लैपटॉप पर काम कर रहा था। इसके बाद उठकर दूसरे कमरे में गया और फांसी लगा ली। बहू ने उन्हें मोबाइल पर घटना की जानकारी दी थी।*

#### इकलौता था रोहित

*रोहित के पिता मुन्नालाल रजक पोस्ट ऑफिस में क्लर्क हैं। उनकी दो बड़ी बेटियां है। दोनों की वह शादी कर चुके हैं। रोहित सबसे छोटा था और इकलौता था। उसकी शादी जनवरी 2025 में हुई थी। पुलिस का कहना है कि परिजन के विस्तृत बयान नहीं हो सके हैं। प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई कि पत्नी से उसकी अक्सर कहासुनी होती थी।*


औबेदुल्लागंज नगर परिषद की टूटी ट्रॉली से सड़कों पर फेल रहा कचारा।

औबेदुल्लागंज नगर परिषद का कारनामा...

## टूटी ट्रॉली से कचरे का परिवहन... सड़कों पर बिखेरता जा रहा कचरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर परिषद की ऐसी दयनीय हालत है कि टूटी ट्रॉली में कचरा भर कर फेंकने ले जाया जा रहा है। वहीं टूटी ट्रॉली में भरा कचार पूरी सड़क में गंदगी फैलाते हुए जा रहा है, जिस पर परिषद के जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी का ध्यान नहीं है।

सोमवार सुबह जब परिषद के कर्मचारी ट्रैक्टर ट्रॉली में कचरा भर कर ले जा रहे थे तो उसे हरिभूमि ने अपने केमरे में यह दृश्य कैद कर लिया, जो पूरे रास्ते में कचरा गिरता जा रहा था। तीन पार्षदों ने तंज कसते हुए कहा कि इस टूटे ट्रॉली का 35000 रुपए किराया देना पड़ता है। नगर परिषद से सूचना के तहत जानकारी मांगी तो पार्षदों ने कितने ट्रैक्टर ट्रॉली किराए पर लगे हैं तो इसकी जानकारी नगर परिषद ने नहीं दी। नगर परिषद के सीएमओ किरण रंहगडाले से जब इस विषय पर पूछा तो उन्होंने बताया कि अभी मैं नई-नई आई हूं, मैं इस मामले को देखवाती हूं।

### बी-फार्मा की छात्रा ने फांसी लगाकर दी जान

**भोपाल।** बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित राधाकृष्ण अपार्टमेंट में बी फार्मा की छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पड़ोस में रहने वाली सहेली ने सोमवार सुबह उसकी लाश फांसी के फंदे पर लटकी देख पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस को घटनास्थल से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने एफएसएल की मदद से घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया था। पुलिस के अनुसार वैष्णवी मुकाती पिता त्रिलोकचंद मुकाती (21) खंडवा की रहने वाली थी। वह राधा कृष्ण अपार्टमेंट, नारायण नगर, बागसेवनिया में रहती थी और बीफार्मा की पढ़ाई कर रही थी। पुलिस का कहना है कि वैष्णवी की दादी अयोध्या नगर में रहती है। उन्हें घटना की जानकारी दी गई थी।

तालाब का पानी दूषित होने से पैर धोने लायक भी नहीं बचा

## खेड़ापति माता मंदिर स्थित तालाब में मिल रहा नाली का गंदा पानी, लोग फेंक रहे कचरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

भाजपा नेता और पूर्व नपा उपाध्यक्ष रामेश्वर नागर, पार्षद पत्नी सरोज नागर ने सोमवार को सीएमओ नगर परिषद को 9वां आवेदन देते हुए मांग की है कि खेड़ापति माता मंदिर स्थित तालाब में गंदा पानी, सड़ा गला कचरा लाड़ने पर रोक लगाई जाए। साथ ही इसकी सफाई करवाई जाए। खेड़ापति माता मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि तालाब का पानी इतना दूषित हो गया है कि इसमें से बदबू आ रही है। तालाब का पानी पैर धोने लायक भी नहीं बचा है। इसीलिए नगर परिषद शीघ्र शीघ्र गंदे पानी की नालियां और कचरा फेंकने पर रोक लगाई जाए।

रामेश्वर नागर एवं पार्षद सरोज नागर ने बताया कि विधायक सुरेंद्र पटवा ने तालाब की साफ-सफाई के निर्देश दिए थे। पटवा ने कहा था कि मंदिर के तालाब की पवित्रता बनी रहना चाहिए, इसकी साफ सफाई समय-समय पर कराते रहना चाहिए। नगर परिषद औबेदुल्लागंज के जिम्मेदार विधायक पटवा के निर्देशों की खुली अवहेलना कर रहे हैं। खेड़ापति माता मंदिर का तालाब समिति के सदस्यों ने सांसद एवं कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, मंत्री, विधायक सुरेंद्र पटवा, कलेक्टर को भी ज्ञापन भेजा है।


खेड़ापति माता मंदिर स्थित तालाब में मिलता नाली का पानी।

### महिला से दुष्कर्म के आरोपी आरक्षक की जमानत निरस्त

**भोपाल।** भिवानी समसपुर हरियाणा निवासी केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल दिल्ली में कार्यरत आरक्षक भगवान पिता सिसपाल (34) की अग्रिम जमानत आवेदन को अपराध की गंभीरता को देखते हुए अपर सत्र न्यायाधीश नीलू संजीव श्रंगी ऋषि ने सुनवाई के बाद निरस्त कर दिया है। अभियोजन के अनुसार 34 वर्षीय पीड़ित महिला सीकर राजस्थान की निवासी है। महिला एलआईसी पॉलिसी का काम करती है। आरोपी ने एलआईसी पॉलिसी कराने के नाम पर पीड़ित महिला को 9 जुलाई 2024 को मिसरोद भोपाल बुलाकर एक होटल में उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़ित के विरोध किए जाने पर आरोपी ने उसके न्यूड फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी दी थी।

ट्रैफिक पुलिस नहीं देती ध्यान, व्यापारी भी हो रहे परेशान

## औबेदुल्लागंज में दिन में कई बार लगता जाम, रेंगते रहते हैं वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर में आए दिन घंटों जाम लगा रहता है, जिससे लोगों को काभी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, वहीं वाहन रेंगते रहते हैं। इस समस्या की निजाद के लिए नगर के जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारी और ट्रैफिक पुलिस का ध्यान नहीं रहता। नगर में 6 माह पूर्व अतिक्रमण हटाया गया था, तब रहवासियों में उम्मीद जागी थी कि अब जाम से राहत मिलेगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ, यहां दिन में कई बार जाम लग जाता हैं।

नगर में सबसे बड़ा जाम मुख्य चौराहे से लेकर स्टेट बैंक तक लगता है, यहां दिन में कई बार जाम के हालात बनते हैं, और वाहन चालकों को असुविधा का सामना करना पड़ता है। औबेदुल्लागंज के स्टेशन रोड एवं बरखेड़ा रोड सुबह 10 बजे के बाद अतिक्रमण के कारण मात्र 10 फीट ही रह जाती है। यही हाल सीताराम चौराहे से लेकर बैंक ऑफ इंडिया, बरखेड़ा रोड एवं मेन चौराहे से लेकर स्टेट बैंक, मेन चौराहे से लेकर रेलवे स्टेशन का है। यहां सड़कों पर वाहन खड़े होने से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। राम मंदिर के आसपास सड़क पर वाहन खड़े होने से दिन में कई बार जाम लगता है, लेकिन ट्रैफिक पुलिस भी इस ओर ध्यान नहीं रहता। शांति समिति की बैठक में एवं विधायक की समीक्षा बैठक में एसडीओपी एवं टीआई ने कहा था कि नगर में पुलिस मोबाइल वाहन से सर्च कराएंगे, मगर नागरिकों एवं व्यापारियों ने बताया कि जाम लगने पर पुलिस को फोन करते हैं तो वे तवज्जो नहीं देते।


सोमवार दोपहर को जाम में फंसे वाहन चालक।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने आयोजित किया प्रशिक्षण शिविर

## सूची में वास्तविक मतदाताओं का ही नाम हो, फर्जी का न जुड़े, सभी बूथों पर बनाए गए बीएलए करेंगे निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

संत हिरदाराम नगर में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में बीएलए को प्रशिक्षण दिया गया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक मारण ने बताया कि चुनाव आयोग द्वारा पुरे प्रदेश में एसआईआर किया जा रहा है, जिसके लिए कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी के निर्देश पर सभी बुथों पर कांग्रेस के कार्यकताओं को बीएलए के रूप में नियुक्त किया गया, ताकि एसआईआर में किसी भी सही मतदाता का नाम सूची से नहीं कटे और फर्जी नाम न जुड़े। इसी संबंध में सोमवार को शिविर में ब्लॉक के अंतर्गत सभी बूथों पर बनाए गए बीएलए को झूलेलाल मंदिर में भोपाल के प्रभारी रवि जोशी, हुजुर विधानसभा प्रदेश सचिव प्रमोद चौधरी बीएलओ प्रशिक्षक ज्ञान दुबे द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।


प्रशिक्षण शिविर में उपस्थित बीएलए और अन्य।

### नाम कटने से कई लोग नहीं डाल पाए वोट

इस अवसर पर प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते हुए भोपाल प्रभारी रवि जोशी ने कहा कि बिहार में चुनाव आयोग द्वारा किया गया एसआईआर से देखा गया कि कितने ही सही मतदाताओं के नाम चुनाव सुची से हटा दिए गए, जिस कारण वे वोट देने से वंचित हो गए। मध्यप्रदेश में हमारा यह प्रयास है कि किसी भी सही मतदाता का नाम सूची से नहीं कटे और फर्जी मतदाता का नाम न जुड़े। इसलिए हमने बीएलए को ट्रेनिंग देते हुए उन्हें निर्देशित किया है कि वह चुनाव आयोग द्वारा बनाए गए बीएलओ पर पूरी निगरानी रखें। यहां पर उपस्थित भोपाल के प्रदेश सचिव प्रमोद चौधरी ने कहा कि एक तरफ सरकारी बीएलओ हैं और दुसरी तरफ भाजपा के लोग हैं। हमें दोनों पर विषेश ध्यान रखना है कि किसी भी फर्जी व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में न जुड़े। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता महेश गुरबानी ने किया तथा आभार घनश्याम लालवानी ने व्यक्त किया यहां पर मुख्य रूप से जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष अभिषेक शर्मा, अशोक मारण, पूर्व विधायक जीतेन्द्र डागा, माधु चांदवानी, रामभरोसे राठोर, अब्दुल नासिर आदि मौजूद थे।

## आर्यिका 105 विज्ञाश्री माताजी ससंघ ने कराया जिनाभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

आर्यिका 105 विज्ञाश्री माताजी ससंघ ने औबेदुल्लागंज जैन मंदिर में हर्षोल्लास के साथ जिनाभिषेक सम्पन्न कराया। प्रवचन सभा का प्रारंभ मंगलाचरण, पाद प्रक्षालन व शास्त्र भेंट पूर्वक हुआ। श्रद्धालुओं को शुभाशीष देते हुए माताजी ने कहा कि जब भी महासंतों या महापुरुषों पर संकट मंडराया तो उन्होंने भक्ति मार्ग ही अपनाया। क्योंकि भक्ति ही निधत्ति-निकांचित जैसे कठोर कर्म को काटने में सहायक है।

माताजी ने कहा हम भक्ति क्यों करते हैं? ऐसा प्रश्न कभी अपने आपसे भी कर लिया करो। भक्ति या नमन करने का मुख्य उद्देश्य हमारा वंदे तद्गुण - लब्धये अर्थात आपके गुणों की प्राप्ति के लिए है। आर्यिका संघ का आहारचर्या निर्विघ्न संपन्न हुआ। जैन समाज के अध्यक्ष सुनील तामोट एवं एलसी जैन ने बताया की गुरु मां ससंघ का मंगलवार को श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर से शाम 3 बजे से शीतल धाम की और मंगल विहार संपन्न होगा।


श्रद्धालुओं को प्रवचन देतीं आर्यिका 105 विज्ञाश्री माताजी।

# स्वदेशी मेले में देशभक्ति गीतों संग नृत्य व महिला कवियित्रियों के काव्य पाठ से सजी संध्या

## एमवीएम कॉलेज में स्वदेशी मेले के अंतर्गत देशभक्ति गीतों की धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के एमवीएम कॉलेज ग्राउंड में स्वदेशी जागरण मंच द्वारा आयोजित स्वदेशी मेले में सोमवार को देशभक्ति गीतों से सजी संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें करीब 20 कलाकारों ने देशभक्ति से ओतप्रोत रचनाएं प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतियोगिता के निर्णायक गण में प्रसद्धि गायिका सुरेखा कांबले, शिक्षाविद उषा खरे, लघु उद्योग निगम की उमा, समाज सेविका प्रेरणा शर्मा एवं हरिभूमि समाचार पत्र की पत्रकार मधुरिमा राजपाल मौजूद थीं। इस अवसर पर ऐ मेरे वतन के लोगो..., हर करम अपना करेंगे..., वंदे मातरम... जैसे एक से बढ़कर एक देशभक्ति गीतों से सजी संध्या ने श्रोताओं की खूब तालियां बंटोरीं।


मेले में सोमवा को गीत प्रस्तुत करती बालिका।


एमवीएम कॉलेज में आयोजित स्वदेशी मेले में सोमवार को मेला सह संयोजक एवं स्वदेशी जागरण मंच मध्य भारत प्रांत प्रमुख सीमा भारद्वाज एवं सह–समन्वयक प्रतिभा शुक्ला आदि अतिथि उपस्थित रहीं।

### स्वदेशी के विचार को जन जन तक पहुंचाना है उद्देश्य

इस अवसर पर मेला सह संयोजक एवं स्वदेशी जागरण मंच मध्य भारत प्रांत प्रमुख सीमा भारद्वाज एवं सह-समन्वयक प्रतिभा शुक्ला ने कहा कि स्वदेशी का उद्देश्य जन जन तक स्वदेशी के विचार का प्रसार करना है, जिससे देश आत्मनिर्भरता के साथ साथ स्वावलंबी बने और स्वदेशी के माध्यम से उद्यमिता के भी नए द्वारा खुलें।


ग्रुप डांस में कृष्णा वंदना की मनभावन प्रस्तुति देती हुईं।

### कृष्णा वंदना पर आधारित नृत्य प्रस्तुति ने मोहा मन

वहीं, कार्यक्रम की अगली कड़ी में कल्याणी नृत्य कला कौशल समिति की संस्थापक दीक्षा अस्थाना के निर्देशन में उनकी शिष्याओं ने मनभावन नृत्य प्रस्तुति दी, जिसमें शुभांगी श्रीवास्तव ने देशभक्ति से ओतप्रोत एकल नृत्य प्रस्तुति दी, वहीं ग्रुप डांस में कृष्णा वंदना की मनभावन प्रस्तुति ने दर्शकों का दिल जीत लिया। इसके बाद हिंदी लेखिका संघ ने मंच संभाला जिसके अंतर्गत संघ की महिलाओं ने एक से बढ़कर एक कविताओं की प्रस्तुति दी और सभागार को कवितामय बना दिया।

---

स्टेच्यू ऑफ यूनिटी केवड़िया में आज मनाया जाएगा मध्यप्रदेश दिवस, मुख्यमंत्री डॉ. यादव होंगे शामिल

# भारत पर्व 2025 में मध्यप्रदेश की संस्कृति पर्यटन और स्वाद का दिखेगा अद्भुत संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर स्टेच्यू ऑफ यूनिटी केवड़िया गुजरात में 1 नवंबर से 15 नवंबर तक भारत पर्व का उत्साहपूर्वक आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव में विशिष्ट आतिथ्य में भारत पर्व 2025 के अंतर्गत मंगलवार, 11 नवंबर को मध्यप्रदेश दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए संस्कृति, पर्यटन और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने बताया कि एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना के तहत देश की विविधता में एकता को प्रदर्शित करना इस आयोजन का उद्देश्य है।


भारत पर्व का फाइल फोटो।

### मध्य प्रदेश की आत्मा से जोड़ने का प्रयासः शुक्ला

अपर मुख्य सचिव पर्यटन, संस्कृति गृह, धर्मस्व शिव शेखर शुक्ला ने कहा कि मध्य प्रदेश के पर्यटन, हस्तशिल्प, व्यंजनों और संस्कृति की प्रस्तुति के माध्यम से हम देशभर के आगंतुकों को अतुलनीय मध्य प्रदेश की आत्मा से जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। हमारी कोशिश है कि आगंतुक न केवल मध्य प्रदेश के स्वाद और संगीत का आनंद लें, बल्कि उसकी आत्मिक ऊर्जा और जीवंतता का भी अनुभव करें।

### डोकरा कला, मिट्टी के बर्तन और गोंड पेंटिंग को किया जाएगा प्रदर्शित

राज्य मंत्री लोधी ने बताया कि भारत पर्व के अंतर्गत मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा लगभग 25 वर्गमीटर क्षेत्रफल में एक आकर्षक थीम पवेलियन तैयार किया गया है, जिसमें राज्य की पर्यटन, संस्कृति और हस्तशिल्प विरासत को प्रभावशाली ढंग से प्रदर्शित किया जा रहा है। पवेलियन में सांची, खजुराहो, भीमबेटका, मांडू, ओरछा, उज्जैन और ओंकारेश्वर जैसे ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थलों के साथ-साथ बांधवगढ़, कान्हा और पेंच जैसे प्रसिद्ध राष्ट्रीय उद्यानों की झलक प्रस्तुत की जा रही है। साथ ही, राज्य के स्थानीय हस्तशिल्प और हस्तकला जैसे चंदेरी और महेश्वरी वस्त्र, बाघ प्रिंट, डोकरा कला, मिट्टी के बर्तन और गोंड पेंटिंग को भी प्रदर्शित किया जा रहा है।


भारत पर्व का फाइल फोटो।

### स्टूडियो किचन में मध्य प्रदेश का स्वाद

मध्य प्रदेश पर्यटन विकास निगम (एमपीएसटीडीसी) द्वारा 11 नवंबर को स्टूडियो किचन की विशेष प्रस्तुति दी जा रही है, जिसमें प्रदेश के पारंपरिक और प्रादेशिक व्यंजन लाइव तैयार कर परोसे जाएंगे। यह प्रस्तुति फ्लेवर्स फ्रॉम द हार्ट ऑफ इंडिया थीम पर आधारित है। बुंदेलखंड क्षेत्र का खट्टा-तीखा छाछ पर आधारित पेय सन्नाटा, डिंडोरी क्षेत्र का पारंपरिक सूप कंगनी दाल का शोरबा, मालवा का प्रसिद्ध स्नैक भुट्टे की कीस, चना बेसन से बना स्वादिष्ट नमकीन व्यंजन चंबल का थोपा आदि आगंतुकों को परोसे जाएंगे।

**सांस्कृतिक प्रस्तुति अमृतस्य मध्य प्रदेश**
संचालक, संस्कृति एन.पी. नामदेव ने बताया कि इस प्रतिष्ठित आयोजन में संस्कृति विभाग की ओर से मध्यप्रदेश के कलाकारों द्वारा अमृतस्य मध्य प्रदेश शीर्षक से एक भव्य समवेत प्रस्तुति दी जाएगी। यह प्रस्तुति दर्शकों को मध्य प्रदेश की प्राचीन सभ्यता, भक्ति, प्रेम और प्रकृति की लय से जोड़ती है। इस नृत्यगाथा की शुरुआत भीमबेटका की गुफाओं से होती है, जहां मानव सभ्यता की प्रथम झलक दिखाई देती है। आगे खजुराहो के मंदिरों की मूर्तिकला, सांची के स्तूपों की शांति, और चित्रकूट की पवित्र भूमि के भावनात्मक दृश्यों को नृत्य के माध्यम से अभिव्यक्त किया गया है।

---

# गोंड जनजातीय की सांस्कृतिक, शौर्य परक आध्यात्मिक निरंतर को दिखाती प्रस्तुतियां

*गोंड साम्राज्य के 52 में से 30 गढ़ों में आख्यान परक एवं ऐतिहासिक तथ्यों पर आधारित प्रस्तुतियों का जननायक समारोह आयोजित*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन के सहयोग से गोंड साम्राज्य के 52 गढ़ों में पहले चरण में 30 गढ़ों में प्रस्तुतियों का तीन दिवसीय समारोह जननायक आयोजित किया जा रहा है। गतिविधि अंतर्गत 10 से 12 नवंबर तक देवरी जिला सागर, हरदा एवं जबलपुर में संयोजित किया जा रहा है।

गतिविधि में स्वातंत्र्य समर की अप्रतिम गोंड नायिका वीरांगना रानी दुर्गावती, राजा पेमलशाह नृत्य नाट्य एवं राजा हीराखान सिंह, नृत्य नाट्य की प्रस्तुति दी जा रही है। विभाग की ओर से प्रस्तुतियों का निर्देशन एवं पुनसंर्योजन रामचंद्र सिंह, नवीन सिंह श्याम, आशीष पटेल द्वारा कराया गया है, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा।


तीन दिवसीय समारोह जननायक में प्रस्तुति देते हुए कलाकार।

### वीरांगना रानी दुर्गावती नृत्य नाट्य

वीरांगना रानी दुर्गावती नृत्य नाट्य में बताया कि कालिंजर के राजा महाराज कीर्ति सिंह चंदेल की पुत्री दुर्गावती का विवाह गढ़ा के गोंड राजवंश के महाराज संग्राम सिंह के पुत्र दलपत शाह से हुआ। दलपत शाह और दुर्गावती दोनों ही अस्त्र-शस्त्र शिक्षा में पारंगत थे, साथ ही दोनों धार्मिक और जनहित के कार्यों में भी रुचि लेते थे। रानी को एक पुत्र पैदा हुआ जिसका नाम वीर नारायण रखा गया। पुत्र अभी छोटा ही था कि दलपत शाह का निधन हो गया। गद्दी पर वीर नारायण को बिठाया गया, लेकिन राजकाज रानी देखती रहीं। मुगल सम्राट अकबर दुर्गावती के सौंदर्य और बहादुरी के चर्चे सुन चुका था और गढ़ा राज्य को अपने अधीन करना चाहता था।

### राजा हीराखान सिंह की कथा

कथा राजा हीराखान सिंह की है, जिन्होंने अपने बल और पराक्रम से सभी बड़े योद्धाओं को परास्त किया है। इनका वंश वृक्ष कुछ इस तरह का है- इजई के पुत्र हैं विजयी, उनके पुत्र हैं। ठाकुर देव, इनके पुत्र हैं श्रीदेव, श्रीदेव के पुत्र हैं पालोगढ़ लिंगों, इनके पुत्र हैं कारीकामा तथा इन्हीं कारीकामा के पुत्र हैं महान प्रतापी राजा हीराखान सिंह कारीकामा। एक दिन इनके पिता राजा कारीकामा, नेताम राजा तपेसिरिया के यहां सिंघोलागढ़ गए थे। कहते हैं कि वहीं उनका राजा तपेसिरिया से किसी बात पर विवाद हो गया। एक दिन कारीकामा अपनी तलवार सभी तथा रखकर वस्त्र उतार कर मैदान में नित्यकर्म के लिए गये ही थे कि राजा तपेसिरिया के सैनिक ने राजा का सिर काट दिया। कटे हुए सिर को राजा तपेसिरिया ने अपने महल के दरवाजे पर टांग दिया। राजा कारीकामा का घोड़ा जिसका नाम गिद्ध बाय बहेड़ा राई रोझिन था, युड़साल में बँधा था। राजा की हत्या उसके आंखों के सामने ही हुई थी।

---

# बाल सृजन और कला का उत्सव 7वीं टैगोर चिल्ड्रन पेंटिंग प्रतियोगिता 16 को

**भोपाल।** क्रिएटिविटी को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विश्वरंग, रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय (आरएनटीयू) तथा स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी (एसजीएसयू) के द्वारा 7वीं टैगोर चिल्ड्रन पेंटिंग प्रतियोगिता 2025 का आयोजन 16 नवंबर रविवार को किया जाएगा। यह प्रतियोगिता स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी परिसर, में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित होगी। यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों में कला, कल्पना और रचनात्मकता को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेगी।

प्रतिभागी चार श्रेणियों में भाग ले सकेंगे जिसमें कक्षा 3 से 5, कक्षा 6 से 7, कक्षा 8 से 9, तथा कक्षा 10 से 12 के विद्यार्थी की कैटेगरी शामिल है। प्रतियोगिता के अंतर्गत विद्यार्थी अपनी पसंद के विषय पर रचनात्मक कलाकृतियां बना सकते हैं। वे स्केचिंग, मंडला आर्ट, नेचर पेंटिंग, सामाजिक विषयों पर चित्र या किसी प्रेरणादायक संदेश पर आधारित कलाकृति तैयार कर सकेंगे। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य है कि बच्चे अपनी कल्पना शक्ति और रंगों के माध्यम से अपनी सोच को अभिव्यक्त करें।

---

# दया प्रकाश सिन्हा नाट्य-सांस्कृतिक, भारतीय कला साहित्य में बहुमूल्य योगदान के लिए रहेंगे सदैव जीवंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सुप्रसिद्ध नाटककार और सांस्कृतिक प्रशासक दयाप्रकाश सिन्हा के असामयिक निधन पर सोमवार को भारत भवन में भावभीनी शोकसभा आयोजित की गई। इस अवसर पर भारत भवन के निदेशक एनपी नामदेव, भारत भवन के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। शोकसभा में अशोक बुलानी, मांगीलाल शर्मा, सरोज शर्मा, बिस्ना चौहान सहित रंगमंच, साहित्य और कलाकारों के विभिन्न समूहों से प्रतिष्ठित व्यक्ति उपस्थित हुए।


*भारत भवन में दया प्रकाश सिन्हा के निधन पर भावभीनी श्रद्धांजलि देते भारत भवन के निदेशक एनपी नामदेव व अन्य।*

### सांस्कृतिक प्रशासन में योगदान अद्वितीय

भारत भवन के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी प्रेम शंकर शुक्ल ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि 2 मई 1925 को प्रयागराज में जन्मे दयाप्रकाश सिन्हा हिन्दी नाटककारिता के अग्रणी स्तंभ थे। उन्होंने कहा कि 90 के दशक में भारत भवन के निदेशक एवं वर्ष 2006-07 में न्यास के अध्यक्ष के रूप में उनके अविस्मरणीय योगदान के लिए संस्था हमेशा उनके प्रति कृतज्ञ रहेगी। प्रेम शंकर शुक्ल ने कहा कि दया प्रकाश सिन्हा का सांस्कृतिक प्रशासन में योगदान अद्वितीय रहा है। उन्होंने नाट्य कला को नए आयाम दिए, संस्कृति के संरक्षण और आयोजन को सजीव रखा। बीसवीं सदी के उत्तरार्ध और इक्कीसवीं सदी के प्रारंभिक दशकों में हिन्दी नाटकों की रचनात्मकता में उनका योगदान सर्वाधिक रहा।

---

# दुष्यंत में 63वां राग भविष्य युवा खोज समारोह 2025 आज

**भोपाल।** सांस्कृतिक संस्था अभिनव कला परिषद अपनी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए, 63वां 'राग भविष्य युवा खोज समारोह 2025' आयोजित करने जा रही है। यह आयोजन आज दुष्यंत कुमार संग्रहालय में संपन्न होगा, जिसमें प्रदेश के चार प्रतिभाशाली युवा कलाकार संगीत की प्रस्तुति देंगे। इनमें ऋषभ मलिक वायलिन वादन प्रस्तुत करेंगे, जबकि समर्थ शर्मा एवं अभिजीत गडेकर तबला जुगलबंदी करेंगे साथ ही विक्रमादित्य गुप्ता ध्रुपद गायन प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम में देश के प्रसिद्ध ध्रुपद गायक पद्मश्री पं. उमाकांत गुंदेचा, विख्यात तबला वादक पं. किरण देशपांडे और आकाशवाणी के प्रमुख राजेश भट्ट मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

■ प्रदेश के चार प्रतिभाशाली युवा कलाकार संगीत की प्रस्तुति देंगे

---

# विश्व रंग के अंतर्गत आयोजित पूर्व रंग की विशिष्ट लघुकथा हिंदी भवन में आयोजित


पूर्व रंग के अंतर्गत आयोजित समारोह में उपस्थित अतिथि।

## किसी भी विधा में लेखन किया जाए उसमें लघुकथा उपस्थित होती है...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सृजन का सार रूप होती है लघुकथा, किसी भी विधा में लेखन किया जाए उसमें लघुकथा उपस्थित होती है... यह उदगार हैं वरिष्ठ कथाकार एवं अध्यक्ष वनमाली सृजन पीठ मुकेश वर्मा के, जो लघुकथा शोध केंद्र समिति द्वारा रवीन्द्रनाथ टैगोर विश्विद्यालय द्वारा आयोजित विश्व रंग के अंतर्गत आयोजित पूर्व रंग के अंतर्गत 'लघुकथा के रंग विश्व रंग के संग' विषय पर हिंदी भवन में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए वरिष्ठ साहित्यकार अंजू जौहरी कैलीफोर्निया ने कहा कि लघुकथा वह विधा है जो थोड़े में बहुत कहने की क्षमता रखती है और आज यही उसकी लोकप्रियता का कारण है। वरिष्ठ साहित्यकार बलराम गुमास्ता ने लघुकथा लेखन को एक कठिन कार्य बताते हुए सहज भाषा में सृजन करने की बात कही।

---

**ब्राजील के पद्मश्री जोनास मसेट्टी ने अद्वैत और आधुनिक विज्ञान पर आईसर भोपाल में दिया प्रेरक संवाद**

अध्यात्म कोई विकल्प नहीं है, बल्कि अध्यात्म आत्म-विकास की प्रकिया है

# वैदिक संस्कृति को समझने के लिए वेदांत को जानना आवश्यक है : पद्मश्री जोनास मसेट्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास, संस्कृति विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा उपनिषदों में निहित अद्वैत सिद्धांत को जन-जन तक पहुंचाने के लिए शंकर व्याख्यानमाला, एकात्म संवाद एवं प्रेरणा संवाद जैसे विविध प्रेरक कार्यक्रमों का नियमित आयोजन किया जाता है। इसी श्रृंखला में सोमवार को आईसर में भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत प्रेरणा संवाद आयोजित हुआ। इसमें अद्वैत और आधुनिक विज्ञान विषय पर ब्राजील के पद्मश्री आचार्य जोनास मसेट्टी और स्वामी आत्मप्रियानंद (प्रति कुलपति, रामकृष्ण मिशन विवेकानंद शैक्षिक एवं अनुसंधान संस्थान, बेलूर मठ) ने वैज्ञानिक, प्रोफेसर, शोधार्थी एवं 750 से अधिक छात्रों से संवाद किया।


कर्नाटक के सुप्रसिद्ध गायक राहुल आर. वेल्लाल गायन प्रस्तुत करते हुए।

### भज गोविन्दम - भज गोविन्दम पर मंत्रमुग्ध हुए श्रोता

कार्यक्रम में कर्नाटक के सुप्रसिद्ध गायक राहुल आर. वेल्लाल ने आचार्य शंकर विरचित स्तोत्रों एवं भक्ति पदों का सुमधुर गायन किया। उन्होंने गणेश पंचरत्नम, शिव पंचाक्षर स्तोत्र, शिवाष्टकम, भवानी अष्टक, भज गोविन्दम, काल भैरवाष्टक, अयिगिरि नन्दिनि नन्दितमेदिनि विश्वविनोदिनि नन्दिनुते गिरिवरविन्ध्यशिरोऽधिनिवासिनि विष्णुविलासिनि जिष्णुनुते... महिषासुरमर्दिनी स्तोत्र एवं शिव शम्भो का गान किया।

### अध्यात्म कोई विकल्प नहीं, आत्म-विकास की है प्रकिया

पद्मश्री जोनास मसेट्टी ने कहा कि वैदिक संस्कृति को समझने के लिए वेदांत को जानना आवश्यक है। मानवता अचानक प्रकाशित नहीं होती; पहले भीतर परिवर्तन होता है, तब जाकर हमारे अंतःकरण में परिवर्तन घटित होता है। उन्होंने कहा अध्यात्म कोई विकल्प नहीं है, बल्कि अध्यात्म आत्म-विकास की प्रकिया है। आत्म-विकास एवं साधना के लिए गुरु की आवश्यकता होती है।



### जहां ज्ञान समाप्त होता है, वहीं से बुद्धि की यात्रा होती है प्रारंभ

स्वामी आत्मप्रियानंद ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि ज्ञान में कोई विभाजन या अंतराल नहीं होता, वह अखंड, अविभाज्य और एकीकृत संपूर्ण है। उन्होंने बताया कि शिक्षा का सबसे महत्वपूर्ण अंग श्रवण है, वेदांत का ज्ञान श्रवण से ही आरंभ होता है। जहां ज्ञान समाप्त होता है, वहीं से बुद्धि या प्रज्ञा की यात्रा प्रारंभ होती है।



---

# सैकड़ों मंदिरों, किलों और मस्जिदों की यात्रा से रोशन हुआ राज्य संग्रहालय



संबोधित करते आशीष भट्टाचार्य।

*भोपाल के राज्य संग्रहालय में आशीष भट्टाचार्य की मास्टर क्लास, प्रदेश की ऐतिहासिक धरोहरों का जीवंत परिचय*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल के राज्य संग्रहालय में सोमवार को आयोजित आशीष भट्टाचार्य की मास्टर क्लास ने इतिहास प्रेमियों और शोधार्थियों को मप्र की गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत से रूबरू कराया। इस विशेष सत्र में भट्टाचार्य ने प्रदेश के सैकड़ों प्राचीन मंदिरों, किलों और मस्जिदों की विस्तृत जानकारी दी।

अपने प्रस्तुतीकरण में उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश न केवल भारत का भौगोलिक हृदय है, बल्कि यह संस्कृति, कला और स्थापत्य का भी केंद्र है। उन्होंने खजुराहो के मंदिरों की शिल्पकला, ग्वालियर किले की भव्यता, मंडू की स्थापत्य सौंदर्यता, और भोपाल की ऐतिहासिक मस्जिदों की धार्मिक-सांस्कृतिक महत्ता पर विशेष चर्चा की।

### हमारे मंदिर सभ्यता विज्ञान, और जीवन दर्शन के हैं प्रतीक

आशीष भट्टाचार्य ने कहा कि हमारे मंदिर और किले केवल पत्थरों के ढांचे नहीं हैं, बल्कि ये हमारी सभ्यता, विज्ञान, और जीवन दर्शन के प्रतीक हैं। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे इतिहास को केवल पढ़ने तक सीमित न रखें, बल्कि इन धरोहरों का अनुभव करने के लिए स्थलों का भ्रमण भी करें।






# तेजस्वी ने मतदान से पहले लगाए गंभीर आरोप, कहा- पीएम मोदी बाहुबलियों के लिए वोट मांगते रहे और शाह यहां डेरा डाले रहे

## भाजपा ने किया पलटवार और शिकयत भी दर्ज कराई

एजेंसी ▶▶ पटना

पटना के पोलो रोड में दूसरे चरण के मतदान से पहले नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उनके साथ सांसद मीसा भारती भी मौजूद रहीं। तेजस्वी यादव ने चुनाव आयोग से पूछा कि चुनाव में भाजपा शासित प्रदेशों से ही सुरक्षा बल क्यों बुलाई गई। 208 कंपनियां भाजपा शासित राज्य की लगाई गई हैं। 68% पुलिस ऑबजर्वर भाजपा शासित राज्यों से हैं। तेजस्वी ने सवाल पूछा कि बंगाल तमिलनाडु झारखंड की पुलिस क्यों नहीं मंगवाई गई। तेजस्वी यादव ने कहा कि, हम लोग विकास की बात कर रहे हैं। पीएम कट्टे की। पता नहीं वो कौन सा वेब सीरीज देख रहे हैं। पीएम ने आपराधिक छवि के लोगों के साथ मंच साझा किया। सृजन घोटाले के मुख्य आरोपी विपिन शर्मा से एयरपोर्ट पर मिले और पीठ थपथपाई। प्रधानमंत्री ने अनंत सिंह, हुलास पांडेय जैसे बाहुबलियों के लिए भी प्रचार किया। वहीं भाजपा ने इस मामले में तेजस्वी के आरोपों को मनगढ़ते बताते हुए निर्वाचन आयोग से शिकायत की है। हम चुनाव आयोग से कुछ सवाल पूछना चाहते हैं। समस्तीपुर में पर्चियां फेंकी मिली थीं। लोग डरे हुए हैं। घबराए हुए हैं। गृहमंत्री को कोई काम नहीं पटना में डेरा बनाए हुए हैं। कई बड़े-बड़े अधिकारियों को बुलाया गया है, निर्देश दिए गए हैं। कहां गड़बड़ी करनी है। चुनाव से पहले किन-किन लोगों को उठाना है। ये बताया जा रहा है। ये बौखलाहट बता रही है कि ये लोग जाने वाले हैं। हम लोगों की पैनी नजर है। ये सूचना हमें उन्हीं अधिकारियों से मिली है, जिन्हें ये निर्देश दिए गए हैं।

समस्तीपुर में पर्चियां मिलने का भी जिक्र

### पूछा-झारखंड पुलिस क्यों नहीं बुलाई

तेजस्वी का दावा बिहार बदलाव के मूड में


तेजस्वी प्रेस कान्फ्रेंस में आंकड़े दिखाते हुए।

### राजद नेता ने लगाई वादों की झड़ी

बिहार विधानसभा चुनाव के प्रचार अभियान में राजद नेता तेजस्वी यादव ने कई बड़े वादे किए हैं। उन्होंने कहा कि अगर महागठबंधन की सरकार बनती है, तो 14 जनवरी को महिलाओं के खाते में 30 हजार रुपये भेजे जाएंगे। साथ ही जीविका दीदीयों का ब्याज माफ किया जाएगा और उन्हें 30 हजार रुपये की सहायता राशि दी जाएगी। तेजस्वी ने ओल्ड पेंशन स्कीम लागू करने, किसानों के लिए फ्री बिजली, और 'बेटी योजना' व 'मां योजना' शुरू करने का भी ऐलान किया। उन्होंने कहा कि राज्य में हर घर को सरकारी नौकरी देने की दिशा में काम किया जाएगा। कानून-व्यवस्था पर सख्त रुख अपनाते हुए तेजस्वी ने कहा कि लॉ एंड ऑर्डर के मामले में किसी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### तेजस्वी ने कहा

### महागठबंधन सरकार बनने का दावा

बिहार पूरी तरह से 20 साल की खटारा सरकार को बदलने के मूड में है। 14 नवंबर को नतीजे आएंगे। 18 को महागठबंधन की सरकार शपथ लेगी।

**जंगलराज वाली छवि सुधारने की बात**

सरकार बनने के बाद 26 नवंबर से 26 जनवरी के बीच बिहार के सभी अपराधी सलाखों के पीछे होंगे। प्रधानमंत्री ने बाहुबलियों के लिए प्रचार किया।

### आंकड़े छिपा रहा चुनाव आयोग

पहले चरण का मतदान 6 नवंबर को हुआ और आज 10 नवंबर 4 दिन बाद भी आकड़े सार्वजनिक नहीं किए गए हैं कि कितने पुरुष और कितनी महिलाओं ने मतदान किया। कोई भी आधिकारिक आंकड़ा नहीं आया है। पहले भी मैन्युअली उसी दिन आंकड़ा सामने आता था और तकनीक का जमाना है फिर भी आंकड़ा क्यों छिपाया जा रहा है।

### मोदी-शाह पर दबाव बनाने का आरोप

अमित शाह पटना में डेरा डाले हुए हैं। होटलों के सीसीटीवी बंद कराए जाते हैं। चुनाव आयोग के अधिकारियों से मुलाकात हो रही है। दबाव बनाने शुरू हो गया है। ये चुनाव में गड़बड़ी करना चाहते हैं। इसके अलावा उन्होंने पिछले 20 साल में एनडीए सरकार ने बिहार के लिए कुछ नहीं किया। क्राइम रेट देखिए कहां पहुंच गया है। हमारी सरकार आएगी तो पलायन रोकेंगे। हर घर में नौकरी देंगे। लॉ-एंड-ऑर्डर हमारी पहली प्राथमिकता होगी।

भाजपा ने किया चौतरफा हमला

### रविशंकर ने बताया राहुल गांधी की संगत का असर तेजस्वी पर हो गया है, होम वर्क नहीं करते



तेजस्वी यादव के आरोपों पर सांसद रविशंकर प्रसाद ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा, 'विपक्ष इतना हताश हो जाएगा, इसकी उम्मीद नहीं थी। वो अभी से हारने के बहाने ढूंढ रहे हैं। बिहार में इंडस्ट्री नहीं लगाए जाने के आरोप पर कहा, तेजस्वी यादव पर राहुल गांधी की संगत का असर हो रहा है। राहुल की तरह वो भी अपना होमवर्क नहीं करते हैं।

### भाजपा ने दर्ज कराई शिकायत

आरजेडी नेता तेजस्वी यादव के एक बयान को लेकर भाजपा ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से शिकायत की है। सोमवार को भाजपा नेता कृष्ण कुमार कल्लू ने यह शिकायत दर्ज कराई है और कहा है कि जो आरोप अमित शाह पर तेजस्वी यादव की ओर से लगाए गए हैं वह सरासर गलत एवं मनगढ़ंत हैं।

# डिप्टी सीएम का हेलिकॉप्टर खेसारी लाल के हेलीपैड पर लैंड करते-करते बचा



भागलपुर जिले के गोराडीह प्रखंड स्थित हाई स्कूल मुक्तापुर मैदान में रविवार दोपहर एक अजीब स्थिति पैदा हो गई थी। यहां कहलगांव विधानसभा सीट से राजद प्रत्याशी रजनीश भारती के समर्थन में भोजपुरी स्टार खेसारी लाल यादव की सभा आयोजित की जानी थी। इसके लिए मैदान में विशेष हेलीपैड बनाया गया था। करीब दोपहर 1 बजे, एक हेलिकॉप्टर वहां लैंड करने लगा। जब वह काफी नीचे उतर आया तो पायलट को एहसास हुआ कि यह हेलीपैड दरअसल राजद प्रत्याशी की सभा के लिए बनाया गया है। इसके बाद हेलिकॉप्टर ने बिना लैंड किए ही फिर से उड़ान भर ली। बाद में पता चला कि वह बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी का हेलिकॉप्टर था, जिन्हें इसी समय गोराडीह के सालपुर पंचायत स्थित रायपुर गांव में जदयू प्रत्याशी शुभानंद मुकेश के पक्ष में जनसभा को संबोधित करना था।

### कर्नाटक पुलिस के जवान की हार्ट अटैक से मौत

कैमूर जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र से बड़ी खबर सामने आई है। विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण की ड्यूटी में तैनात कर्नाटक पुलिस के हेड कॉन्स्टेबल राजकुमार की हार्ट अटैक से मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार, कर्नाटक पुलिस की एक टीम चुनावी ड्यूटी के लिए रामगढ़ पहुंची थी। सभी जवानों को रामगढ़ हाई स्कूल परिसर में ठहराया गया था। शुक्रवार सुबह जब साथी जवानों ने राजकुमार को जगाने की कोशिश की, तो वे अचेत अवस्था में पाए गए। इसके बाद उन्हें तुरंत रामगढ़ रेफरल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### नतीजों के पहले ही अनंत सिंह के समर्थकों ने की जश्न की तैयारी

वैसे तो बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजे 14 को आएंगे लेकिन अनंत सिंह के समर्थक अभी से जश्न की तैयारी करने लगे हैं। अनंत सिंह के समर्थक मोकामा और पटना में टेंट लगवा रहे हैं और सबके लिए खाने की तैयारी की जा रही है। अनंत सिंह के समर्थकों का अनुमान है कि नतीजे वाले दिन 25 से 30 हजार लोग जश्न के लिए जुटेंगे। जेडीयू उम्मीदवार अनंत सिंह के समर्थक केशव ने कहा, 14 नवंबर के लिए तैयारियां की जा रही हैं। हमें पूरा विश्वास है कि हम 30,000 से 35,000 वोटों की बढ़त से जीतेंगे। लेकिन इतना बड़ा आयोजन एक ही दिन नहीं हो सकता, इसलिए हम पहले से तैयारी कर रहे हैं। जब लोग हमारे पास आएंगे, तो हम उनके स्वागत की पूरी तैयारी कर रहे हैं। हमारा अनुमान है कि हमारे 25,000 से 30,000 कार्यकर्ता पूरे क्षेत्र से जुटेंगे।



## खबर संक्षेप

### फलौदी हादसे पर सुप्रीम कोर्ट ने मांगी रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान के फलौदी में हुए दिल दहला देने वाले सड़क हादसे पर स्वतः संज्ञान लेते हुए राष्ट्रीय राजमार्गों की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए हैं। इस हादसे में तीर्थयात्रियों से भरा एक टेंपो ट्रैवलर एक खड़े ट्रक से टकरा गया था, जिसमें 15 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी ।



### सीजेआई बोले-हमने भी अपनी तस्वीरें देखीं

**नई दिल्ली।** सीजेआई बीआर गवई बोले कि हमने अपनी मॉर्फ की हुई तस्वीरें भी देखी हैं। जनहित याचिका पर सुनवाई की। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका इस बात से भली-भांति अवगत है कि एआई और डिजिटल टूल्स का किस तरह से गलत इस्तेमाल किया जा रहा है। मुस्कुराते हुए कहा- हां हां, हमने अपनी मॉर्फ की हुई तस्वीरें देखी हैं।



### मिजोरम सीएम को ईसी ने लगाई फटकार

**आइजोल।** चुनाव आयोग ने मिजोरम के मुख्यमंत्री लालदुहोमा को आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के लिए फटकार लगाई है। यह कार्रवाई डम्पा उपचुनाव में पार्टी के लिए प्रचार के दौरान दिए गए उनके बयानों को लेकर की गई है। एक अधिकारी के मुताबिक, आयोग ने राज्य के सीईओ से मिली रिपोर्ट जो स्वीकार्य नहीं है।



### मकान का बेसमेंट धंसा 5 की मौत, कई दबे

**जयपुर।** सुभाष चौक थाना क्षेत्र में सोमवार शाम एक बड़ा हादसा हो गया। पानी गरो के मोहल्ले में निर्माणाधीन मकान का बेसमेंट अचानक धंस गया, जिससे 5 लोगों की मौत होने की खबर है। घटना से इलाके में अफरातफरी मच गई। हादसे की सूचना मिलते ही सिविल डिफेंस की टीम मौके पर पहुंची और बचाव शुरू कर दिया गया है।



## एसआईआर पर भड़की सीएम ममता बेनर्जी बोलीं

# चाहे मेरा गला काटो... या जेल भेजो, लेकिन वोटबंदी के खिलाफ लड़ेंगे, ये सुपर इमरजेंसी

बेनर्जी ने यह भी कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार एसआईआर के नाम पर लोगों को परेशान कर रही है। जैसे कुछ मुद्राओं को चलन से बाहर करना 'नोटबंदी' थी, वैसे ही एसआईआर अब एक तरह से 'वोटबंदी' ही है।

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कराने को 'वोटबंदी' करार दिया। साथ ही उन्होंने आयोग से यह प्रक्रिया तत्काल रोकने की मांग की। बेनर्जी ने कहा कि भाजपा एसआईआर के खिलाफ बोलने पर उन्हें जेल भेज सकती है या उनका गला भी काट सकती है। बेनर्जी ने यह भी कहा कि वह चुनाव से ठीक पहले एसआईआर कराने की जल्दबाजी को समझ नहीं पा रही हैं। ममता बेनर्जी ने सिलीगुड़ी में मीडिया से कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार एसआईआर के नाम पर लोगों को परेशान कर रही है। जैसे कुछ मुद्राओं को चलन से बाहर करना 'नोटबंदी' थी, वैसे ही एसआईआर 'वोटबंदी' है। उन्होंने कहा कि यह 'सुपर इमरजेंसी' का ही एक और रूप है। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि चुनाव से ठीक पहले एसआईआर कराने की इतनी जल्दी मुझे समझ नहीं आ रही। निर्वाचन आयोग को यह प्रक्रिया तुरंत बंद करनी चाहिए। मतदाता सूची का पुनरीक्षण दो या तीन महीने में पूरा नहीं हो सकता। इसे जबरन अंजाम दिया जा रहा है। उन्होंने सरकार से लोगों के मताधिकार पर अंकुश नहीं लगाने की अपील की।मुख्यमंत्री ने जीएसटी की आलोचना की और इसे एक भूल बताया और कहा कि इसे वापस लिया जाना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार जनता को जीएसटी के नाम पर लूट रही है।

चुनाव से ठीक पहले एसआईआर कराने की जल्दबाजी क्यों?

नोटबंदी से मुद्रा बाहर की, तो क्या वोटबंदी से वोटर बाहर करेंगे?

### सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया


सीएम ममता बेनर्जी ने मीडिया से की चर्चा

बता दें कि पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने राज्य में मतदाता सूचियों के एसआईआर में राहत की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। यह मामला सोमवार को जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच के सामने पेश किया गया। वकील ने कि याचिका को मंगलवार को सूचीबद्ध किए जाने का यह कहते हुए अनुरोध किया कि अन्य राज्यों में एसआईआर को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं पर कल सुनवाई होनी है।

**जनहित याचिका हाई कोर्ट में है लंबित**

पश्चिम बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया को चुनौती देने वाली जनहित याचिका पहले से ही कलकत्ता उच्च न्यायालय में लंबित है, जहां याचिकाकर्ता ने एसआईआर की समयसीमा बढ़ाने और प्रक्रिया की अदालत की निगरानी में निगरानी की मांग की है। हाई कोर्ट ने हाल ही में चुनाव आयोग को संशोधन के लिए अपनाई जा रही प्रक्रियाओं की व्याख्या करते हुए हलफनामा दायर करने का निर्देश दिया है।

### एसआईआर पर जागरूकता फैलाने में जुटे अल्पसंख्यक संगठन और इमाम

पश्चिम बंगाल में 2026 विधानसभा चुनाव से पहले स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन प्रक्रिया को लेकर बढ़ती चिंता के बीच अल्पसंख्यक संगठनों, मस्जिद समितियों और इमामों ने मुसलमानों की मदद के लिए एक राज्यव्यापी जागरूकता अभियान शुरू किया है।लगभग 40 हजार मस्जिदों से इमाम लोगों से शांत रहने, सही तरीके से फॉर्म भरने और अफवाहों से बचने की अपील कर रहे हैं। कोलकाता की रेड रोड नमाज के प्रमुख इमाम काजी फजलुर रहमान ने कहा इमामों की जिम्मेदारी सिर्फ मिंबर तक सीमित नहीं है। हम लोगों को घबराने के बजाय प्रक्रिया समझा रहे हैं। मस्जिद समितियां फॉर्म भरने में मदद कर रही हैं ताकि कोई गलती न हो। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री सिद्दीकुल्लाह चौधरी के नेतृत्व में जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने 22 जिलों में 200 से ज्यादा कैंप और व्हाट्सऐप हेल्पलाइन शुरू की हैं। चौधरी ने बताया हमारा उद्देश्य है कि लोग गलती से फॉर्म गलत न भरें और डुप्लिकेट एंट्री से बचें। यह गैर-राजनीतिक अभियान है।

### एसआईआर के नाम से क्यों घबरा रही है डीएमके?

तमिलनाडु की मुख्य विपक्षी पार्टी एआईएडीएमके के महासचिव ई पलानीस्वामी ने सवाल उठाए हैं कि सत्ताधारी डीएमके एसआईआर के नाम पर घबरा क्यों रही है? उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ताधारी दल झूठ बोलकर एसआईआर को लेकर भ्रम फैला रहा है। डीएमके का कहना है कि मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के लिए एक महीने का समय पर्याप्त नहीं है। इस पर पलानीस्वामी ने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया के लिए एक महीने का समय काफी है। मीडिया से बात करते हुए पूर्व सीएम ई पलानीस्वामी ने कहा कि 'बूथ स्तर के अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में आठ दिनों में 300 घर कवर कर सकते हैं। ऐसे में ये कहना कि एक महीने का समय काफी नहीं है, ये सही नहीं है।' डीएमके पर निशाना साधते हुए पलानीस्वामी ने कहा कि 'डीएमके और इसकी सहयोगी पार्टियां एसआईआर का नाम लेते ही घबरा क्यों जाती हैं? क्या वे नहीं चाहते कि मतदाता सूची की खामियां दूर हों?



## डीयू से शिक्षा मंत्री ने किया आव्हान

# हर कक्षा में वंदे मातरम का सामूहिक गायन शुरू करें



**बोले-राष्ट्रीय गीत एक विकसित और समृद्ध भारत के निर्माण में मार्गदर्शक प्रकाश बनेगा**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सोमवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रत्येक कक्षा में वंदे मातरम का सामूहिक गायन शुरू करने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह परंपरा न केवल प्रेरक होगी, बल्कि इसे जन-आंदोलन में भी बदल सकती है।

दिल्ली विश्वविद्यालय के रामजस कॉलेज में वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए उन्होंने कहा कि यह राष्ट्रीय गीत एक विकसित और समृद्ध भारत के निर्माण में मार्गदर्शक प्रकाश बनेगा। प्रधान ने कहा, हमारे युवा साथी वंदे मातरम का पूर्ण संस्करण गाएं और इसके भाव को आगे बढ़ाएं। दिल्ली विश्वविद्यालय इसकी भावना को जन-आंदोलन में बदलने में प्रमुख भूमिका निभा सकता है और इसे आने वाली पीढ़ियों से जोड़ सकता है। उन्होंने आगे कहा, विश्वविद्यालय की हर कक्षा में वंदे मातरम का सामूहिक गायन एक शक्तिशाली परंपरा बने। पहले हमने वंदे मातरम स्वतंत्रता के लिए गाया था, अब यही गीत विकसित भारत के निर्माण में हमारा मार्गदर्शन करेगा।

कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने छात्रों के साथ वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया और कहा कि यह क्षण बेहद प्रेरणादायक था। उन्होंने कहा, असंख्य देशभक्तों के संघर्ष और बलिदान से हमें 1947 में स्वतंत्रता मिली। वंदे मातरम उस राष्ट्रीय चेतना का उद्घोष था जिसने पूरे देश को एक सूत्र में बांध दिया।

### 1875 में हुई थी रचना

संस्कृति मंत्रालय के अनुसार, बंकिमचंद्र चटर्जी द्वारा रचित 'वंदे मातरम' की रचना 7 नवंबर 1875 को अक्षय नवमी के दिन मानी जाती है। यह पहली बार उनके उपन्यास 'आनंदमठ' के हिस्से के रूप में बंगदर्शन पत्रिका में प्रकाशित हुआ था, जिसे बाद में 1882 में पुस्तक के रूप में जारी किया गया। यह गीत मातृभूमि को शक्ति, समृद्धि और दिव्यता के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत करता है और देश की एकता व आत्मसम्मान की भावना को कवितामय रूप देता है। यह स्वतंत्रता संग्राम के दौरान राष्ट्रभक्ति का प्रतीक बन गया। 24 जनवरी 1950 को संविधान सभा के अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने घोषणा की थी कि वंदे मातरम, जिसने स्वतंत्रता संग्राम में ऐतिहासिक भूमिका निभाई, उसे राष्ट्रगान "जन गण मन" के समान सम्मान प्राप्त होगा।

## बजट पूर्व बैठक में दिए सुझाव

# कृषि क्षेत्र में रिसर्च के लिए अधिक धनराशि पर जोर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कृषि विशेषज्ञों ने सोमवार को जलवायु परिवर्तन की बढ़ती चुनौतियों के बीच अनुसंधान कार्यों के लिए अधिक धनराशि के साथ कृषि क्षेत्र के लिए मजबूत नीतिगत समर्थन की मांग की। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में आयोजित बजट-पूर्व परामर्श के दौरान, उद्योग और अनुसंधान संगठनों के एक दर्जन से अधिक कृषि विशेषज्ञों ने कृषि क्षेत्र की वृद्धि को मौजूदा स्तर से और बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक में कृषि सचिव देवेश चौधरी, भारतीय



कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक एमएल जाट, कृषि अर्थशास्त्री और उद्योग जगत के अंशधारकों ने भाग लिया। सूत्रों के अनुसार, बैठक सकारात्मक रही, जिसमें प्रतिभागियों ने कृषि और संबद्ध क्षेत्र के सामने आने वाली प्रमुख चुनौतियों पर प्रकाश डाला और सरकार से प्राथमिकता के आधार पर उनका समाधान करने की मांग की।

## प्रसाद में जानवरों की चर्बी वाले मिलावटी घी होने का दावा

# तिरुपति लड्डू विवाद: मिलावटी घी सप्लाई मामले में 50 लाख की मनी ट्रेल का हो गया बड़ा खुलासा

जांच में डेयरियों की गड़बड़ी भी सामने आई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

तिरुपति मंदिर से जुड़े लड्डू विवाद में एक और चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। लड्डू बनाने के लिए सप्लाई किए गए मिलावटी घी के सिलसिले में 50 लाख रुपये के मनी ट्रेल की बात सामने आई है। बता दें यह लड्डू हर साल मंदिर में आने वाले लाखों तीर्थयात्रियों, भक्तों और टूरिस्ट को प्रसाद के तौर पर बांटा जाता है। रिपोर्ट के अनुसार आंध्र प्रदेश की सत्ताधारी वायएसआर कांग्रेस पार्टी के लोकसभा सांसद और तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) के पूर्व चेयरमैन वायवी सुब्बा रेड्डी के पर्सनल असिस्टेंट कड्डुरु चिन्नप्पन्ना ने कथित तौर पर यह रकम यूपी की प्रीमियर एग्री फूड्स प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े हवाला एजेंटों से कैश में ली थी।चिन्नप्पन्ना ने कथित तौर पर दिल्ली के एक एजेंट अमन गुप्ता से 20 लाख रुपए और बाकी रकम प्रीमियर एग्री फूड्स के सीनियर एग्जीक्यूटिव विजय गुप्ता से ली थी। रिपोर्ट्स के अनुसार ये दोनों ट्रांजैक्शन दिल्ली के पटेल नगर मेट्रो स्टेशन के पास हुए थे। चंद्रबाबू नायडू ने पब्लिकली दावा किया कि पिछली सरकार के दौरान तब लड्डू बनाने में जानवरों की चर्बी वाला मिलावटी घी इस्तेमाल किया गया था। गुजरात की एक लैब की रिपोर्ट जारी की, जिसमें कहा गया था कि तमिलनाडु के डिंडीगुल में एक सप्लायर से खरीदे गए घी के सैंपल में मछली का तेल, बीफ टैलो और लार्ड (चर्बी के अंश) पाए गए थे।

### इन कंपनियों पर लगा गड़बड़ी का आरोप

**रुड़की में बनाया नकली घी**



भोले बाबा ऑर्गेनिक डेयरी मिल्क प्राइवेट लिमिटेड पर आरोप है कि उसने रुड़की में अपने प्लांट में मिलावटी घी बनाने के लिए पाम ऑयल और केमिकल्स मिलाए, जिसमें से कुछ घी तीन अन्य दूसरी कंपनियों के जरिए मंदिर तक पहुंचाए गए। श्री वैष्णवी डेयरी स्पेशलिटीज ने मिलावटी घी दिया।

**संयुक्त टीम ने मामले की जांच की**

पिछले साल तिरुपति के पवित्र लड्डू को मिलावटी घी से बनाए जाने के बाद विवाद खड़ा हो गया था। मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा तो कोर्ट ने एक ज्वॉइंट जांच के आदेश दिए, जिसमें सीबीआई, राज्य पुलिस बल और फूड सेफ्टी अधिकारियों को शामिल किया गया था। कई मामले बताए जिनमें सप्लाई करने वाली चार डेयरियों ने डॉक्यूमेंट्स और कीमतों में गड़बड़ी की।

# पूरे देश में सुरक्षा बलों ने शुरू किया तलाशी अभियानः जम्मू-कश्मीर में राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के आरोप में 50 से अधिक लोग हिरासत में


चप्पे-चप्पे में तैनात रहे सुरक्षाकर्मी

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

दिल्ली में धमाके के बाद पूरे देश में हाईअलर्ट जारी कर दिया गया है। वहीं कई शहरों के रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड पर तलाशी अभियान शुरु किया गया। वहीं जम्मू-कश्मीर पुलिस ने सोमवार को राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में कथित संलिप्तता के लिए घाटी के विभिन्न जिलों में 50 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। यह कार्रवाई बडगाम, बारामूला, गांदरबल, अनंतनाग, कुलगाम, पुलवामा और शोपियां जिलों में की गई। प्रवक्ता ने कहा कि दक्षिणी कश्मीर के कुलगाम में पुलिस ने 'ओवरग्राउंड वर्कर्स' (आतंकवादियों के सहयोगी), यूएपीए और पीएसए आरोपियों तथा सक्रिय आतंकवादियों के रिश्तेदारों को निशाना बनाया। यहां आठ ओजीडब्ल्यू को निवारक कानूनों के तहत हिरासत में लिया गया। उन्होंने बताया कि बारामूला में भी ऐसी ही कार्रवाई की गई, जहां पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के मूल निवासियों से संबंधित 16 संपत्तियों की तलाशी ली गई और 10 व्यक्तियों को निवारक प्रावधानों के तहत हिरासत में लिया गया। साथ ही 23 ओजीडब्ल्यू के ठिकानों पर छापेमारी हुई। पुलिस ने यह भी बताया कि दूरसंचार सेवाओं के दुरुपयोग को रोकने के लिए सिम कार्ड विक्रेताओं से पूछताछ की गई और राष्ट्रीय राजमार्गों पर 175 वाहनों की जांच की गई। विभिन्न जिलों में 32 घेराबंदी व तलाशी ऑपरेशन भी संचालित किए गए।

## राष्ट्रीय राजमार्गों पर 175 वाहनों की जांच


वाराणसी रेलवे स्टेशन पर पुलिस ने सघन चैकिंग अभियान चलाया

## जिलों में 32 घेराबंदी व तलाशी ऑपरेशन संचालित किए गए


जम्मू कश्मीर के बारामूला में छापेमारी


जम्मू कश्मीर के अनंतनाग में तलाशी अभियान


मुंबई में पुलिस ने हर एक सामान को जांचा


हावड़ा में कार की तलाशी लेते सुरक्षाकर्मी

## खबर संक्षेप

### ब्रिटिश एयरवेज के प्लेन में बम की झूठी धमकी



**नई दिल्ली।** लंदन से हैदराबाद आने वाली ब्रिटिश एयरवेज की फ्लाइट को सोमवार सुबह बम की धमकी वाला ईमेल मिला। जांच के बाद यह धमकी झूठी निकली। फ्लाइट में 200 से ज्यादा यात्री सवार थे। यह विमान सुबह करीब 5:30 बजे राजीव गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर सुरक्षित उतरा। एयरपोर्ट पर ईमेल मिलते ही सीआईएसएफ और पुलिस ने पूरी जांच की, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। पुलिस ने कहा कि धमकी फर्जी थी। इस मामले में केस दर्ज कर लिया गया है।

### डोनाल्ड ट्रंप हर अमेरिकी को 1.7 लाख देंगे



**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर दावा किया कि टैरिफ से अरबों डॉलर की कमाई हो रही है। उन्होंने कहा कि इस कमाई से अमीरों को छोड़कर हर अमेरिकी नागरिक को 2,000 डॉलर (करीब 1.7 लाख रुपए) का 'डिविडेंड' मिलेगा। ट्रंप ने पोस्ट में टैरिफ के आलोचकों को 'मूर्ख' करार दिया। उन्होंने कहा, 'टैरिफ के खिलाफ बोलने वाले लोग मूर्ख हैं। हमारी सरकार ने अमेरिका को दुनिया का सबसे अमीर और सम्मानित देश बना दिया है।

### पहाड़ से गिरकर बीएसएफ पोर्टर की मौत



**जम्मु कश्मीर।** पुंछ जिले की मंडी तहसील में नियंत्रण रेखा पर दो हादसे हुए, जिसमें एक बीएसएफ पोर्टर पहाड़ से गिरकर घायल हो कर दम तोड़ दिया और एक सेना का जवान बारूदी सुरंग के विस्फोट में घायल हुआ। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास सोमवार को दो अलग-अलग घटनाओं में एक बीएसएफ पोर्टर की मौत हो गई, जबकि एक सेना का जवान गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही बीएसएफ के जवानों ने मौके पर पहुंचकर शव को बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय अस्पताल भेज दिया।

## रक्षामंत्री ने कहा-तकनीकी आत्मनिर्भरता की दिशा में एक निर्णायक कदम

# राजनाथ सिंह ने डीपीएसयू भवन का किया शुभारंभ, तीन अहम एमओयू पर हुए हस्ताक्षर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को अत्याधुनिक डीपीएसयू भवन का उद्घाटन किया और आत्मनिर्भरता तथा सहयोग की भावना को सशक्त बनाने के उद्देश्य से रक्षा सार्वजनिक उपक्रमों के बीच तीन महत्वपूर्ण समझौतों पर हुए हस्ताक्षरों की अध्यक्षता की। इस अवसर पर उन्होंने चार रक्षा सार्वजनिक उपक्रमों को मिनीरत्न का दर्जा प्राप्त होने पर सम्मानित भी किया। बता दे कि कार्यक्रम के दौरान हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड और भारत डायनेमिक्स लिमिटेड ने यंत्र इंडिया लिमिटेड के साथ दो एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

इन समझौतों का उद्देश्य बिल के आधुनिकीकरण को सहयोग देना और 10,000 टन क्षमता वाले फॉर्जिंग प्रेस संयंत्र की स्थापना करना है, जो रक्षा और एयरोस्पेस क्षेत्रों में उपयोग होने वाले एल्युमिनियम अलॉय की आयात निर्भरता को कम करने की दिशा में अहम कदम है। एचएएल ने वायआईएल को 435 करोड़ रुपए का ब्याज-मुक्त अग्रिम देने की प्रतिबद्धता जताई है, जबकि (भारत डायनेमिक्स लिमिटेड) बीडीएल अगले दस वर्षों में 3,000 मीट्रिक टन तक के सतत कार्यभार की आपूर्ति करेगा। तीसरा एमओयू एमआईडीएचएएनआई में मेटल बैंक की स्थापना के लिए किया गया, ताकि राष्ट्रीय महत्व की रक्षा परियोजनाओं के लिए आवश्यक कच्चे माल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

समझौतों का उद्देश्य बिल के आधुनिकीकरण को सहयोग देना

रक्षा मंत्री ने की 16 डीपीएसयू के वार्षिक प्रदर्शन की समीक्षा

### इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड को 100 प्रतिशत ऊर्जा प्राप्त करने पर किया सम्मानित



नई दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह अत्याधुनिक डीपीएसयू भवन का उद्घाटन करते हुए।

*रक्षा मंत्री ने सभी डीपीएसयू से अपील की कि वे महत्वपूर्ण तकनीकों के तीव्र स्वदेशीकरण, समग्र आरएंडडी, उत्पाद गुणवत्ता सुधार, समयबद्ध डिलीवरी और निर्यात वृद्धि पर ध्यान दें। उन्होंने निर्देश दिया कि डीपीएसयू स्पष्ट आरएंडडी और इंडिजेनाइजेशन रोडमैप तैयार करें, जिनके परिणाम अगले समीक्षा बैठक में प्रस्तुत किए जाएं। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने इंडिया ऑप्टेल लिमिटेड और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड को 100 प्रतिशत हरित ऊर्जा उपयोग प्राप्त करने पर सम्मानित किया।*

### उत्पादन से स्वदेशी डिजाइन और विकास की दिशा में बदलाव संभव

रक्षा मंत्री ने इस अवसर पर कई आरएंडडी पहल भी शुरू कीं, जिनमें एचएएल आरएंडडी मैनुअल प्रमुख है। इसका उद्देश्य अनुसंधान और विकास तंत्र को डिजिटलीकरण, बौद्धिक संपदा सृजन और भारतीय शैक्षणिक संस्थानों के साथ सहयोग के माध्यम से मजबूत करना है। डीपीएसयू का आरएंडडी रोडमैप मौजूदा और भविष्य की रणनीतियों को एकीकृत करता है, जिससे लाइसेंस आधारित उत्पादन से स्वदेशी डिजाइन और विकास की दिशा में बदलाव संभव हो सके यह रक्षा क्षेत्र में तकनीकी आत्मनिर्भरता की दिशा में एक निर्णायक कदम है। वही रक्षा मंत्री ने नव उद्घाटित डीपीएसयू भवन, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर में सभी रक्षा सार्वजनिक उपक्रमों की व्यापक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता भी की।

### विलय करने की स्वतंत्रता मिलेगी

बैठक में चार डीपीएसयू म्यूनिशन इंडिया लिमिटेड , आर्मर्ड व्हीकल्स निगम लिमिटेड, इंडिया ऑप्टेल लिमिटेड और हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड को मिनीरत्न (श्रेणी-1) का दर्जा मिलने पर सम्मानित किया गया। रक्षा मंत्री ने कहा कि मिनीरत्न का दर्जा मिलने से इन उपक्रमों को क्षमता विस्तार, आधुनिकीकरण और नए उपक्रमों व साझेदारियों चाहे सार्वजनिक हों या निजी के साथ संयुक्त उपक्रम या विलय करने की स्वतंत्रता मिलेगी।

### भारत ने 1.51 लाख करोड़ का रक्षा उत्पादन किया

सभा को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा, हमारे सभी 16 डीपीएसयू देश की आत्मनिर्भरता के मजबूत स्तंभ हैं। ऑपरेशन सिंदूर जैसी अभियानों में उनकी उत्कृष्ट भूमिका हमारे स्वदेशी प्लेटफॉर्म्स की विश्वसनीयता और क्षमता का प्रमाण है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024-25 में भारत ने 1.51 लाख करोड़ रुपए का रक्षा उत्पादन हासिल किया, जिसमें डीपीएसयू का योगदान 71.6 प्रतिशत रहा। रक्षा निर्यात 6,695 करोड़ रुपए तक पहुंच गया, जो भारत के स्वदेशी रक्षा उत्पादों पर वैश्विक भरोसे का प्रतीक है।

## सम्मेलन 10 से 21 नवंबर तक चलेगा

# कॉप-30ः बड़ी चुनौतियों के बीच ब्राजील में जलवायु शिखर सम्मेलन शुरू

एजेंसी ▶▶ बेलेम (ब्राजील)

संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन कॉप- 30 बैठक से पहले उष्णकटिवंधीय वर्षा वनों को बचाने के लिए ब्राजील के वन कोष का भारत ने समर्थन किया है। ब्राजील में भारत के राजदूत दिनेश भाटिया ने ब्राजील के नेतृत्व वाले उष्णकटिबंधीय वन कोष में पर्यवेक्षक के रूप में भारत के शामिल होने की घोषणा करते हुए कहा कि भारत ब्राजील की पहल का स्वागत करता है।

ब्राजील ने गुरुवार को वनों के संरक्षण और विस्तार के लिए उष्णकटिबंधीय देशों को पुरस्कृत करने के लिए एक वैश्विक कोष के रूप में टीएफएफएफ की शुरुआत की थी। इसका उद्देश्य सार्वजनिक और निजी निवेश के माध्यम से लगभग 125 अरब अमेरिकी डॉलर जुटाना है। कॉप क्या है? कॉपी का मतलब है 'पार्टियों का सम्मेलन'। यह वार्षिक शिखर सम्मेलन उन देशों को एक साथ लाता है जिन्होंने

### भारत ने किया ब्राजील की पहल का स्वागत




1992 की संयुक्त राष्ट्र जलवायु संधि पर हस्ताक्षर किए थे। इस संधि का मुख्य उद्देश्य सभी देशों को मिलकर जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए प्रतिबद्ध करना है। यह संधि यह भी स्थापित करती है कि अमीर देशों की, जिन्होंने ग्रह-वार्मिंग उत्सर्जन में अधिक योगदान दिया है, समस्या को हल करने की जिम्मेदारी ज्यादा है।

इस बार 30वां सम्मेलन हो रहा है इसलिए इसे कॉप-30 कहा जा रहा। पिछले कुछ वर्षों में, ये वार्षिक शिखर सम्मेलन भू-राजनीतिक और वित्तीय चर्चा का एक प्रमुख केंद्र बन गए हैं।

### ब्राजील के बेलेम शहर में जुटे दुनियाभार के नेता

ब्राजील के बेलेम शहर में जुटे दुनियाभर नेता ट्रंप शामिल नहीं हो रहे, अन्य अमेरिकी नेता शामिल होंगे प्रमुख बातें - कॉप30 में 200 देशों के 50,000 से अधिक लोग शामिल होंगे - नेताओं के शिखर सम्मेलन में, 140 से अधिक प्रतिनिधिमंडल -लगभग 57 राष्ट्राध्यक्षों और 39 मंत्री, ब्राजील इस वर्ष का मेजबान है -10 से 21 नवंबर तक यह सम्मेलन चलेगा।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने किया स्मारक का दौरा...

**लुआंडा।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अंगोला की अपनी आधिकारिक यात्रा के दौरान लुआंडा में अंगोला के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. एंटोनियो अगोस्टिन्हो नेटो के स्मारक का दौरा करती हुई। बता दें कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अपनी छह दिवसीय विदेश यात्रा के पहले चरण में अंगोला में है, यह दौरा भारत और अंगोला के बीच राजनयिक संबंधों की 40वीं वर्षगांठ पर किया गया है।



## खांसी और सीने में दर्द बना काल ?

# अमेरिका में भारतीय छात्रा की रहस्यमय हालातों में मौत

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के टेक्सास में एक 23 साल की भारतीय छात्रा की मौत ने झकझोर कर रख दिया है।

आंध्र प्रदेश की रहने वाली राजलक्ष्मी (राजी) यार्लागड्डा टेक्सास ए एंड एम यूनिवर्सिटी-कोर्पस क्रिस्टी से हाल ही में ग्रेजुएट हुई थीं। वे अमेरिका में नौकरी की तलाश कर रही थीं, लेकिन 7 नवंबर 2025 को उनकी लाश उनके अपार्टमेंट में मिली। राजी आंध्र के बापटला जिले के करमचेडू गांव की थीं और किसान माता-पिता की मदद करने का सपना लेकर अमेरिका गई थीं। उनके चचेरे भाई चैतन्य वाईवीके ने बताया कि राजी पिछले दो-तीन दिनों से तेज खांसी और सीने में दर्द से पीड़ित थीं। 7 नवंबर की सुबह उनका अलार्म बजा, लेकिन वे नहीं उठीं। दोस्तों ने बाद में पता लगाया कि वे सोते-सोते ही दुनिया से चली गईं।

फिलहाल अमेरिका में राजी के शव का मेडिकल परीक्षण चल रहा है। डॉक्टरों की टीम सटीक वजह पता करने में लगी है।

## कर्नाटक के बेलगावी में इस वर्ष हो रहा है युद्धाभ्यास के 11वें

# भारत-श्रीलंका के बीच मित्र शक्ति युद्धाभ्यास से मजबूत होंगे द्विपक्षीय संबंध

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिकी टैरिफ संकट और हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) के तमाम देशों में बढ़ते चीन के प्रभाव के बीच ऐसा बिलकुल नहीं है कि भारत के उसके पड़ोसी देशों के साथ द्विपक्षीय और सामरिक संबंधों में प्रगाढ़ता नहीं है या उसमें कुछ कमी आई है। संबंधों में पहले जैसी गर्मजोशी और मजबूती कायम है। जिसकी ताजा तरीन मिसाल सोमवार से कर्नाटक के बेलगावी स्थित विदेशी प्रशिक्षण केंद्र में भारत और श्रीलंका के बीच शुरू हुए 'मित्र शक्ति-2025' युद्धाभ्यास ने पेश की है। इस वर्ष इसका 11 वां संस्करण आयोजित किया जा रहा है। जो 10 से लेकर 23 नवंबर तक चलेगा।

### सेनाओं संग वायुसेनाएं भी दिखाएंगी दम

सेना ने बताया कि भारत से इस युद्धाभ्यास में राजपूत रेजीमेंट के कुल 170 सैन्यकर्मियों का बड़ा दस्ता भाग ले रहा है। जबकि दूसरी ओर श्रीलंकाई पक्ष को उनकी गजबा रेजीमेंट के 135 सैन्यकर्मी नेतृत्व प्रदान कर रहे हैं। इसके अलावा युद्धाभ्यास में दोनों देशों की वायुसेनाओं की भी महत्वपूर्ण भागीदारी देखने को मिलेगी। भारतीय वायुसेना के 20 और श्रीलंका की वायुसेना के 10 कर्मी इस युद्धाभ्यास में भाग ले रहे हैं।

### यूं होगा हेलीपैड का बचाव

अभ्यास में दोनों पक्षों द्वारा हेलीपैड को सुरक्षित बनाए रखने और आतंकवाद रोधी अभियानों के जरिए घायलों को बचाने की ड्रिल का प्रदर्शन किया जाएगा। दोनों सेनाओं के सामूहिक प्रयासों के केंद्र में आपसी संचालन प्रक्रिया के स्तर को बढ़ाना और जीवन तथा संपत्ति के जोखिम को कम करना रहेगा।

## रक्षा उद्योग के क्षेत्र में सहयोग को मजबूती देने से जुड़े हुए आशय पत्र पर किए गए हस्ताक्षर

# भारत-वियतनाम के बीच बढ़ेगा पनडुब्बी खोज और बचाव के क्षेत्र में सहयोग

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

टैरिफ और वैश्विक स्तर पर बनी हुई सुरक्षा चुनौतियों के मध्य भारत और वियतनाम के बीच सोमवार को हनोई में रक्षा नीति संवाद (डीपीडी) के 15वें संस्करण का आयोजन किया गया। जिसमें भारत की तरफ से रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह और वियतनाम की ओर से उप-रक्षा मंत्री सीनियर लेफ्टिनेंट जनरल होआंग चेन शामिल हुए। इस संवाद में जहां एक ओर दोनों पक्षों ने क्षेत्रीय सुरक्षा स्थिति को लेकर विचारों का आदान-प्रदान किया। वहीं, दूसरी ओर संवाद के कुछ महत्वपूर्ण निष्कर्ष भी सामने आए हैं। जिनमें दोनों मित्र देशों के बीच साझा रूप से पनडुब्बी खोज, बचाव सहायता और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इसके अलावा रक्षा उद्योग के मामले में सहयोग को और अधिक मजबूती देने के आशय से जुड़े हुए एक पत्र पर भी दोनों देशों ने हस्ताक्षर किए हैं। संवाद का अगला यानी 16 वां संस्करण भारत में 2026 में आयोजित किया जाएगा।




### वियतनाम के रक्षा मंत्री से हुई मुलाकात

मंत्रालय के मुताबिक, बैठक के बाद रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने वियतनाम के राष्ट्रीय रक्षा मंत्री जनरल फान वान गियांग से भी मुलाकात की और उन्हें 15 वें संवाद में हुए प्रमुख निर्णयों के बारे में अवगत कराया। बताते चलें कि डीपीडी दोनों देशों की रक्षा भागीदारी की समीक्षा के साथ ही इस संबंध में जरूरी मार्गदर्शन हासिल करने का एक महत्वपूर्ण मंच है। जिसकी मदद से भारत- वियतनाम संयुक्त विजन स्टेटमेंट 2030 को बढ़ावा देने में मदद मिलती है। दोनों देशों की व्यापक सामरिक भागीदारी का महत्वपूर्ण स्तंभ द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को माना जाता है। भारत की पूर्व की ओर देखो नीति और हिंद-प्रशांत विजन में भी वियतनाम की बेहद अहम भूमिका है।

### दिसंबर में होगी महत्वपूर्ण बैठक

*मंत्रालय ने बताया कि भारत और वियतनाम ने उभरते हुए क्षेत्रों जैसे साइबर सुरक्षा, सूचनाओं के समयबद्ध आदान-प्रदान, सैन्य मेडिसिन-विशेषज्ञों के आदान-प्रदान को लेकर भी भविष्य में सहयोग को और अधिक गहराई प्रदान करने का निर्णय लिया है। एमओयू पनडुब्बी खोज और राहत अभियानों में सहयोग के लिए जरूरी तंत्र स्थापित करने से संबंधित है। जबकि रक्षा उद्योग सहयोग दोनों देशों के बीच तकनीक हस्तांतरण, उच्च तकनीक और उससे जुड़े मुख्य क्षेत्रों को प्राथमिकता देने, संयुक्त खोज अभियान, संयुक्त वेंचर, उपकरणों की खरीद, रक्षा उत्पादन से जुड़े मटेरियल के साथ-साथ विशेषज्ञों के आदान-प्रदान और सैन्य उपकरणों के उत्पादन से जुड़ा हुआ है। जिसे लेकर दोनों देशों के रक्षा उत्पादन विभाग अगले दिसंबर महीने में एक बैठक का आयोजन करेंगे।*

## किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं

# बांग्लादेश में यूनुस के ग्रामीण बैंक मुख्यालय के बाहर बम धमाका

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मुहम्मद यूनुस के ग्रामीण बैंक मुख्यालय के बाहर रविवार देर रात देसी बम से धमाका हुआ। हालांकि इसमें किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। पुलिस के अनुसार, अज्ञात हमलावरों ने मीरपुर में स्थित बैंक मुख्यालय के बाहर तड़के करीब 3.45 बजे देसी बम फेंके। हम मामले की जांच कर रहे हैं। इस मामले में अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। बता दें कि यूनुस ने 1983 में ग्रामीण बैंक की स्थापना की और इसके माध्यम से गरीबी उन्मूलन और गरीब महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए काम शुरू किया। इसके लिए उन्हें 2006 में नोबेल शांति पुरस्कार मिला था।


बांग्लादेश में ग्रामीण बैंक के मुख्यालय के बाहर विस्फोट हुआ

कई अन्य जगहों पर विस्फोट इस घटना के बाद यूनुस के ग्रामीण बैंक और मत्स्य पालन एवं पशुधन सलाहकार फरीदा अख्तर के मोहम्मदपुर इलाके के प्रबर्ताना में व्यावसायिक प्रतिष्ठान के बाहर भी दो विस्फोट हुए। ढाका में उपद्रवियों ने दो बसों में आग भी लगा दी।



# एटीपी फाइनल्स में ज्वेरेव की आत्मविश्वास भरी शुरुआत, शेल्टन को दी शिकस्त

एजेंसी ▶▶| ट्यूरिन

एटीपी फाइनल्स में अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने अपने अभियान की आत्मविश्वास से भरी शुरुआत की है। जर्मनी के इस स्टार खिलाड़ी ने टूर्नामेंट के पहले मैच में अमेरिकी युवा खिलाड़ी बेन शेल्टन को 6-3, 7-6(6) से शिकस्त दी। इनाल्पी एरिना में जीत के साथ, अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने बेन शेल्टन के साथ एटीपी हेड-टू-हेड सीरीज में 5-0 का रिकॉर्ड बना लिया है। दो बार के एटीपी चैंपियन अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने दूसरे सेट के टाई-ब्रेक में शेल्टन के 6/4 से आगे होने के बाद दो सेट प्वाइंट का सामना करने के बावजूद अपना संयम बनाए रखा।

■ अलेक्जेंडर ने बेन के साथ एटीपी हेड-टू-हेड सीरीज में 5-0 का रिकॉर्ड बनाया

अलेक्जेंडर ज्वेरेव आठ दिन पहले पेरिस मास्टर्स के सेमीफाइनल में जैनिक सिनर से मिली करारी हार के बाद पहली बार प्रतिस्पर्धा कर रहे थे। वह इस मुकाबले में बेहद तरोताजा नजर आए और पहला सेट 6-3 से अपने नाम किया।



### शेल्टन ने ज्वेरेव को टाई-ब्रेक के लिए किया मजबूर

दूसरे सेट में अपनी सर्व पर बार-बार दबाव में आने और 2-2 के स्कोर पर दो ब्रेक प्वाइंट बचाने के बावजूद, बेन शेल्टन ने ज्वेरेव को टाई-ब्रेक के लिए मजबूर किया। अमेरिकी खिलाड़ी ने टाई-ब्रेक में 4/0 की बढ़त के साथ जल्द ही निर्णायक सेट के लिए मजबूर कर दिया और बाद में उन्होंने 6/4 पर दो सेट प्वाइंट बनाए। 6/5 पर एक आसान फोरहैंड नेट पर लगाया और ज्वेरेव ने 7-6(6) से यह सेट अपने नाम किया।

### शेल्टन दुनिया के सबसे आक्रामक खिलाड़ी : अलेक्जेंडर

इस जीत के बाद अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने बेन शेल्टन को सराहा है। उन्होंने शेल्टन को दुनिया के सबसे आक्रामक खिलाड़ियों में से एक बताते हुए कहा, वह अविश्वसनीय रूप से आक्रामक खिलाड़ी हैं। शायद दुनिया के सबसे आक्रामक खिलाड़ियों में से एक हैं। टाई-ब्रेक में उन्होंने शानदार शुरुआत की। मैंने शायद एक या दो पहले सर्व मिस किए और उन्होंने जो पासिंग शॉट मारा (5/4 पर) वह बेतुका था। मुझे उन चीजों पर नियंत्रण रखना होगा, जिन्हें मैं नियंत्रित कर सकता हूं। मैंने टाई-ब्रेक के अंत में अच्छा प्रदर्शन किया और इस जीत से बेहद खुश हूं।

## खबर संक्षेप



### न्यूजीलैंड-वेस्टइंडीज का मैच बारिश के कारण रद्द

**नेल्सन।** न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज के बीच चौथा टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच बारिश के कारण रद्द कर दिया गया। न्यूजीलैंड की टीम पांच मैच की श्रृंखला में अभी 2-1 से आगे है। श्रृंखला का पांचवा और आखिरी मैच गुरुवार को डुनेडिन के यूनिवर्सिटी ओवल में खेला जाएगा। वेस्टइंडीज ने पहला मैच सात रन से जीता था। न्यूजीलैंड ने दूसरा मैच तीन रन से और रविवार को तीसरा मैच नौ रन से जीता था। न्यूजीलैंड ने सोमवार को सैक्सटन ओवल में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। लेकिन केवल 6.3 ओवर का खेल ही संभव हो पाया, जिसमें वेस्टइंडीज ने एक विकेट खोकर 38 रन बनाए।

### 13 से बेंगलुरु में राष्ट्रीय पिकलबॉल चैंपियनशिप

**बेंगलुरु।** भारत की पहली राष्ट्रीय पिकलबॉल चैंपियनशिप 13 से 16 नवंबर तक बेंगलुरु के द स्पोर्ट्स स्कूल में आयोजित की जाएगी। आयोजकों ने यह घोषणा की।



कर्नाटक पिकलबॉल एसोसिएशन (केपीए) इस प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा, जिसमें भाग लेने के लिए 20 से अधिक राज्यों से 1,200 से अधिक आवेदन मिले हैं। यह प्रतियोगिता पुरुष, महिला और मिश्रित प्रारुपों में अंडर-12 से लेकर 70 साल की उम्र से अधिक के विभिन्न आयु वर्गों में आयोजित की जाएगी। कर्नाटक पिकलबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष हर्ष ने कहा, 'पिकलबॉल ने दुनिया भर में काफी प्रगति की है और भारत सरकार की ओर से इस खेल को मान्यता दिए जाने से इसे एक नई पहचान और दिशा मिली है।'

### सेंट जेम्स स्क्वाश के फाइनल में कार्डेनास से हारे वीर

**नई दिल्ली।** भारतीय स्क्वाश खिलाड़ी वीर चोटरानी को अमेरिका के स्प्रिंगफील्ड में पीएसए कॉपर इवेंट सेंट जेम्स एक्सप्रेशन ओपन के फाइनल में मैक्सिको के शीर्ष वरीयता प्राप्त लियोनेल कार्डेनास से 1-3 से हार का सामना करना पड़ा। दुनिया के 51वें नंबर के खिलाड़ी और यहां पांचवीं वरीयता प्राप्त चोटारानी ने दूसरा गेम जीतकर स्कोर बराबर कर दिया था लेकिन वह अपनी लय बरकरार नहीं रख पाए और इसके बाद उन्होंने आसानी से मैच गंवा दिया।



### विश्व सुपर कबड्डी लीग ने शेट्टी को बनाया तकनीकी निदेशक

**नई दिल्ली।** विश्व सुपर कबड्डी लीग (डब्ल्यूएसकेएल) ने अगले साल की शुरुआत में होने वाले टूर्नामेंट से पहले अंतरराष्ट्रीय कोच रवींद्र शेट्टी को अपना तकनीकी निदेशक नियुक्त किया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर के कबड्डी कोच शेट्टी लीग की तकनीकी और प्रतिस्पर्धा रूपरेखा तैयार करेंगे। इसके साथ ही वह खेल संरचना, रेफरी और कोच विकास तथा खेल प्रारूपों में नवाचार से संबंधित काम भी देखेंगे।



### मुंबई ने दो दिन में दो बार हिमाचल को किया आउट, दूसरी पारी में 139 रन पर ढेर

# रणजी सीजन में मुलानी ने तीसरी बार झटके 5 विकेट मुंबई ने हिमाचल को पारी और 120 रन से हराया

एजेंसी ▶▶| मुंबई

बाएं हाथ के स्पिनर शम्स मुलानी के पांच विकेट की बदौलत मुंबई ने सोमवार को रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप डी मैच के तीसरे दिन हिमाचल प्रदेश को पारी और 120 रन से हरा दिया। रणजी सीजन में मुलानी ने तीसरी बार 5 विकेट झटके है। पहली पारी में 446 रन बनाने के बाद मुंबई ने दो दिन में दो बार हिमाचल को आउट करके सत्र की दूसरी जीत दर्ज की।

मैच के तीसरे दिन हिमाचल की टीम सपाट पिच पर पहली पारी में 187 रन पर सिमट गई। दूसरी पारी में भी टीम अपने प्रदर्शन में सुधार नहीं कर सकी और पुखराज मान की 109 गेंद में नौ चौकों से 65 रन की पारी के बावजूद 139 रन पर ढेर हो गई। हिमाचल ने दिन की शुरुआत पहली पारी में सात विकेट पर 94 रन के स्कोर से की।



### मुंबई को जीत से मिले सात अंक मिले

दसवें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे वैभव अरोड़ा ने 61 गेंद में छह चौकों और चार छक्कों से 51 रन की पारी खेली। अरोड़ा ने निखिल गंगटा (नाबाद 64) के साथ नौवें विकेट के लिए 77 रन जोड़े लेकिन इसके बावजूद टीम को फॉलोआन से नहीं बचा पाए। मुंबई ने पहली पारी के आधार पर 259 रन की बढ़त हासिल की। फॉलोआन खेलते हुए हिमाचल की टीम ने मुलानी (37 रन पर पांच विकेट) और मुशीर खान (23 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और पूरी टीम 49.1 ओवर में 139 रन पर सिमट गई। मुंबई को इस जीत से सात अंक मिले।

### रावत के शतक के बावजूद झारखंड के खिलाफ बड़ौदा पिछड़ा

**वडोदरा।** बड़ौदा के मध्य क्रम के बल्लेबाज शाश्वत रावत ने जुझारू शतक जड़ा लेकिन इसके बावजूद अंक तालिका में शीर्ष पर चल रहे झारखंड ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए मैच के तीसरे दिन पहली पारी के आधार पर 215 रन की बड़ी बढ़त हासिल की। रावत ने 230 गेंद में 106 रन की पारी खेली लेकिन इसके बावजूद बड़ौदा की टीम पहली पारी में 291 रन पर ढेर हो गई। झारखंड ने पहली पारी में 506 रन बनाए थे। झारखंड ने दिन का खेल खत्म होने तक दूसरी पारी में एक विकेट पर 10 रन बना लिए हैं, जिससे उसकी कुल बढ़त 225 रन की हो गई है। रावत ने अपनी पारी में पांच चौके और एक छक्का मारा। उन्होंने विकेटकीपर बल्लेबाज मितेश पटेल (61) के साथ पांचवें विकेट के लिए 123 रन की साझेदारी की लेकिन इसके बावजूद झारखंड को बड़ी बढ़त हासिल करने से नहीं रोक पाए।

### गोवा ने मध्यप्रदेश को 187 पर समेटा

रणजी ट्रॉफी के अपने चौथे मैच की पहली पारी में गोवा ने मध्यप्रदेश को 187 रन के स्कोर पर समेट दिया और पहली पारी में इस टीम को 97 रन की अहम बढ़त मिली। गोवा की तरफ से वासुकी कोशिश ने शानदार बॉलिंग करते हुए सबसे ज्यादा विकेट लिए तो वहीं अर्जुन तेंदुलकर की गेंदबाजी भी अच्छी रही। मध्यप्रदेश के खिलाफ पहली पारी में अर्जुन तेंदुलकर ने 12 ओवर में 34 रन देकर 2 विकेट झटके तो वहीं वासुकि कौशिश ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 19 ओवर में 34 रन देकर 5 विकेट लिए।



### ध्रुव शोरे और अमन मोखाडे ने की 199 रन की साझेदारी

नागपुर में ध्रुव शोरे (101) ने मैच का अपना दूसरा शतक जड़ने के अलावा शतकवीर अमन मोखाडे (नाबाद 101) के साथ दूसरे विकेट के लिए 199 रन की साझेदारी की, जिससे विदर्भ ने ओडिशा के खिलाफ दूसरी पारी दो विकेट पर 218 रन पर घोषित करके मेहमान टीम को 345 रन का लक्ष्य दिया। ओडिशा ने दूसरी पारी में बिना विकेट खोए 44 रन बना लिए हैं। मेहमान टीम को अंतिम दिन जीत के लिए 301 रन की दरकार है। दिन का खेल खत्म होने पर स्वस्तिक समल 25 जबकि गौरव चौधरी 17 रन बनाकर खेल रहे थे।

### शतरंज विश्व कप

# चौथे दौर में एरिगैसी, प्रज्ञानंदा प्रभावशाली प्रदर्शन की उम्मीद



एजेंसी ▶▶| पणजी

भारत के शीर्ष ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी, आर. प्रज्ञाननंदा और पी. हरिकृष्णा फिडे विश्व कप शतरंज टूर्नामेंट के पहले विश्राम दिवस के बाद चौथे दौर में भी अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखना चाहेंगे।

भारत के सर्वोच्च रेटिंग प्राप्त खिलाड़ी अर्जुन चौथे दौर में हंगरी के अनुभवी पीटर लेको के खिलाफ प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेंगे, जबकि प्रज्ञाननंदा का सामना फिडे के ध्वज तले खेल रहे डेनियल डुबोव से होगा। तीनों भारतीय खिलाड़ियों में सबसे अनुभवी हरिकृष्णा अगले दौर में स्वीडन के निल्स ग्रैंडेलियस से भिड़ेंगे।

### लेको का अर्जुन से सामना करना आसान नहीं

*लेको पिछले 20 वर्ष से शतरंज की दुनिया में जाना पहचाना नाम है। उनके लिए हालांकि अर्जुन का सामना करना आसान नहीं होगा। हंगरी के इस 46 वर्षीय खिलाड़ी ने ऑस्ट्रेलिया के बॉबी चेंग और ऑस्ट्रिया के किरील अलेक्सेन्को को बिना किसी टाईब्रेक गेम के हराया, जिससे उनकी फॉर्म का पता चलता है।अर्जुन ने भी अपने दोनों मैच बिना किसी टाईब्रेकर के जीते, जिससे लेको के खिलाफ उनका मुकाबला रोमांचक होने की संभावना है। इस भारतीय खिलाड़ी ने अब तक क्लासिकल टाइम कंट्रोल के तहत अपने चार में से तीन गेम जीते हैं। उन्होंने इस दौरान बुल्गारिया के मार्टिन पेट्रोव और उज्बेकिस्तान के शमसिद्दीन वोखिदोव को बाहर का रास्ता दिखाया।*

### प्रज्ञाननंदा का सामना डुबोव से

इस बीच दर्शकों के पसंदीदा प्रज्ञाननंदा का सामना डुबोव से होगा, जो रणनीतिक चाल चलने में माहिर माने जाते हैं। रूस के खिलाड़ी ने चीन के बाई जिंशी और उरुग्वे के जॉर्ज मायर के खिलाफ दो टाईब्रेक गेम में जीत दर्ज करके अपने कौशल का अच्छा परिचय दिया है। प्रज्ञाननंदा दूसरे राउंड में ही बाहर होने के करीब थे, लेकिन किसी तरह ऑस्ट्रेलिया के तैमूर कुयबोकारोव के खिलाफ टाईब्रेकर में बच गए। उन्होंने तीसरे राउंड के अपने प्रतिद्वंद्वी अर्मेनिया के रॉबर्ट होवहानिस्यान पर जीत हासिल की।

**अपार अनुभव पर निर्भर होंगे हरिकृष्णा :** हरिकृष्णा ने रूस के आर्सेनी नेस्टरोव और बेल्जियम के डेनियल दर्धा पर आसान जीत के साथ यहां तक का सफर तय किया। वह चौथे राउंड में ग्रैंडेलियस को हराने के लिए अपने अपार अनुभव पर निर्भर होंगे।

# महिला क्रिकेट टीम को पहली बार मिल सकता है विदेशी स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विश्व कप विजेता भारतीय महिला क्रिकेट टीम को निकट भविष्य में अपना पहला विदेशी स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच मिलने की पूरी संभावना है। बीसीसीआई ने पहले ही बेंगलुरु स्थित उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) में स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग विभाग में कई भर्तियां की हैं।

बीसीसीआई सूत्रों के अनुसार, बांग्लादेश पुरुष टीम के स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच नाथन कीली भारतीय बोर्ड के साथ बातचीत कर रहे हैं और संभावना है कि वह सीओई में शामिल हो सकते हैं। भारतीय महिला टीम की वर्तमान स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच एआई हर्षा ने विश्व कप में खिताब दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी लेकिन पता चला है कि बीसीसीआई उनको कोई और कार्य देना चाहता है। बांग्लादेश की राष्ट्रीय टीम के साथ काम करने के अलावा कीली ने न्यू साउथ वेल्स की प्रथम श्रेणी टीम के सहायक कोच के रूप में भी काम किया है। अब तक सीओई से जुड़े व्यक्ति को ही महिला क्रिकेट टीम का स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच नियुक्त किया जाता रहा है, लेकिन अगर कीली इसमें शामिल होते हैं तो वह पहले विदेशी कोच हो सकते हैं। भारतीय पुरुष टीम के स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच एड्रियन ली रॉ हैं। भारतीय टीम के साथ उनका यह दूसरा कार्यकाल है।



### विश्व कप के लिए जूनियर महिला हॉकी टीम का ऐलान, ज्योति को कमान

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने चिली के सैंटियागो में 25 नवंबर से 13 दिसंबर तक होने वाले एफआईएच महिला जूनियर विश्व कप के लिए ज्योति सिंह की अगुवाई में 20 सदस्यीय टीम की घोषणा की है। पूर्व भारतीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी तुषार खांडेकर की कोचिंग वाली 20 सदस्यीय टीम में 18 मुख्य खिलाड़ी और दो वैकल्पिक खिलाड़ी शामिल हैं। मुख्य कोच खांडेकर ने कहा, मैं टीम और उसके मौजूदा प्रदर्शन से बहुत खुश हूं। मेरा मुख्य सिद्धांत अनुशासन है और इस टीम को बनाते समय मैंने इसे ध्यान में रखा है। हमने कड़ी मेहनत की है तथा पिछले कुछ महीनो में हमारे खिलाड़ियों ने अपने खेल में काफी सुधार किया है।' भारत को पूल सी में रखा गया है और वह अपने अभियान की शुरुआत एक दिसंबर को नामीबिया के खिलाफ करेगा। इसके बाद वह तीन दिसंबर को जर्मनी और फिर पांच दिसंबर को आयरलैंड का सामना करेगा। प्रत्येक पूल से शीर्ष टीमें नॉकआउट चरण में पहुंचेंगी, जो सात से 13 दिसंबर तक खेला जाएगा।

### आज से शुरू 475,000 डॉलर का जापान सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट

# लय हासिल करने पर लक्ष्य और प्रणय की निगाहें

एजेंसी ▶▶| कुमामोटो

भारतीय शटलर एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन मंगलवार 11 नवंबर से शुरू हो रहे 475,000 डॉलर इनामी कुमामोटो मास्टर्स जापान सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अपनी लय फिर से हासिल करने की कोशिश करेंगे।

लक्ष्य मौजूदा सत्र में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। उन्हें यहां सातवीं वरीयता दी गई है। अल्मोड़ा के इस 24 वर्षीय खिलाड़ी को पहले दौर में जापान के कोकी वतनबे की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। विश्व चैंपियनशिप 2023 के कांस्य पदक विजेता प्रणय को ओलंपिक से पहले चिकनगुनिया होने के बाद से संघर्ष करना पड़ रहा है। वह एक महीने से ज्यादा समय के ब्रेक के बाद वापसी करेंगे। वह मलेशिया के जुन हाओ लियोंग के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेंगे।



### शेट्टी पहले दौर में भिड़ेंगे विटिडसार्न से

अमेरिकी ओपन विजेता आयुष शेट्टी पहले दौर में थाईलैंड के शीर्ष वरीयता प्राप्त कुनलावुत विटिडसार्न से भिड़ेंगे। मकाऊ ओपन सुपर 300 के सेमीफाइनलिस्ट थारुण मन्नेपल्ली का मुकाबला कोरिया के जियोन ह्योक जिन से होगा, जबकि किरण जॉर्ज का मुकाबला क्वालीफायर से होगा। मिश्रित युगल में रोहन कपूर और रुथविका शिवानी गादे का मुकाबला प्रेस्ली स्मिथ और जेनी गाई की अमेरिकी जोड़ी से होगा।




# बार्सिलोना की शानदार जीत लेवांडोव्स्की ने मारी हैट्रिक

**मैड्रिड।** रॉबर्ट लेवांडोव्स्की की हैट्रिक की मदद से बार्सिलोना शानदार जीत हासिल करके स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट ला लिगा में शीर्ष पर काबिज रियाल मैड्रिड के करीब पहुंच गया है। रियाल मैड्रिड की अपनी बढ़त मजबूत करने की उम्मीद को तब करारा झटका लगा जब रायो वेलेकानो ने उसे गोलरहित ड्रॉ पर रोक दिया। इसके बाद लेवांडोव्स्की और लेमिन यामल ने बार्सिलोना को सेल्टा विगो पर 4-2 से जीत दिलाई। इससे बार्सिलोना और रियाल मैड्रिड के बीच केवल तीन अंक का अंतर रह गया है। बार्सिलोना से हार झेलने के कारण सेल्टा की सभी टूर्नामेंटों में लगातार पांच मैचों की जीत का सिलसिला रुक गया। विलारियल ने एस्पेनयोल को 2-0 से हराकर लीग में लगातार तीसरी जीत हासिल की। वह रियाल मैड्रिड से पांच अंक पीछे तीसरे स्थान पर जबकि एटलेटिको मैड्रिड छह अंक पीछे चौथे स्थान पर है। एटलेटिको ने शनिवार को घरेलू मैदान पर लेवांते को 3-1 से हराया था।

### एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप में ग्रुप सी में भारत


*नई दिल्ली। भारत को अगले साल थाईलैंड में होने वाले एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप फाइनल के कड़े ग्रुप सी में जापान, ऑस्ट्रेलिया और चीनी ताइपे के साथ रखा गया है। ड्रॉ बैंकॉक में आयोजित किया गया। बीस साल बाद महाद्वीपीय महिला अंडर-20 टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने वाली भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत जापान के खिलाफ करेगी, उसके बाद ऑस्ट्रेलिया और फिर चीनी ताइपे से भिड़ेगी। ग्रुप ए में मेजबान थाईलैंड को चीन, वियतनाम और बांग्लादेश के साथ रखा गया है। ग्रुप बी में वर्तमान अंडर-20 विश्व चैंपियन उत्तर कोरिया, दक्षिण कोरिया, उज्बेकिस्तान और जोर्डन शामिल हैं। यह टूर्नामेंट तीन स्थानों पर खेला जाएगा, जिसमें बैंकॉक का राजमंगला राष्ट्रीय स्टेडियम, पथुम थानी का थम्मासैट स्टेडियम और पथुम थानी स्टेडियम शामिल हैं। ऑस्ट्रेलिया 2024 में तीसरे स्थान पर रहा जबकि चीनी ताइपे ग्रुप चरण में ही बाहर हो गया था।*






## भाजपा राष्ट्रीय संगठन महामंत्री, राष्ट्रीय संगठक ने अनुसूचित जनजाति मोर्चा की कार्यशाला का किया उद्घाटन

# जनजातीय शूरवीरों और महापुरुषों के गौरवशाली अतीत से भरा है हमारा इतिहासः सीएम डॉ. मोहन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

**मुख्यमंत्री, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, केन्द्रीय मंत्री, प्रदेश संगठन महामंत्री, मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने संबोधित किया**



भगवान बिरसा मुंडा पर होने वाले कार्यक्रमों का पत्रक जारी करते हुए सीएम व अन्य पदाधिकारी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2021 में जनजातीय गौरव दिवस की शुरूआत मध्यप्रदेश से शुरू हुई थी। 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पूरे प्रदेशभर में मनाई जाएगी। अंग्रेजों के खिलाफ सन 1857 के आंदोलन से पहले जनजातीय समाज ने जंगलों में अंग्रेजों के दमनकारी कार्यों का विरोध कर आंदोलन शुरू कर दिया था। हमारा इतिहास जनजातीय सूरवीरों और वीर महापुरूषों के गौरवशाली इतिहास से भरा हुआ है। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कही।

भाजपा प्रदेश कार्यालय में जनजातीय संकुल विकास परियोजना पर प्रदेश स्तरीय कार्यशाला का सोमवार को आयोजन किया गया। कार्यशाला का उदघाटन भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी. एल. संतोष, राष्ट्रीय संगठक वी. सतीश ने किया। कार्यशाला को मुख्यमंत्री, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, केन्द्रीय मंत्री, प्रदेश संगठन महामंत्री, मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने संबोधित किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कार्यशाला के अंतिम सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र और मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार जनतातीय समाज के विकास और उत्थान के लिए लगातार कार्य कर रही है। मप्र सहित संपूर्ण देश के जनजातीय समाज ने अंग्रेजों के खिलाफ ऐसा चरणबद्ध आंदोलन किया, जिससे अंग्रेजों की जड़ें हिल गईं। भगवान बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों के खिलाफ जंगल से जो आंदोलन शुरू किया, वह अद्वितीय रहा है और आज भी हम सभी के लिए वह प्रेरणा देने का कार्य कर रहा है कि किस प्रकार से अपने देश के लिए जनजातीय समाज के वीर महामुरूषों ने अपना बलिदान दे दिया।

### भगवान बिरसा मुंडा पर प्रदेश भर में होंगे विभिन्न कार्यक्रम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की 151वीं जयंती पर 1 नवंबर से 15 नवंबर 2025 तक पूरे मध्यप्रदेश में विशेष स्मृति आयोजन हो रहे हैं। मध्यप्रदेश में भी ग्राम पंचायत से लेकर राजधानी स्तर तक भव्य और गरिमापूर्ण विभिन्न गतिविधियां संचालित होंगी। जबलपुर और अलीराजपुर में भव्य कार्यक्रम होंगे। आयोजन के दौरान प्रदेश में महत्वपूर्ण परियोजनाओं का भूमिपूजन, शिलान्यास, हितग्राही मूलक योजनाओं का हितलाभ वितरण आदि कार्यक्रम किए जाएंगे।

### मुख्यमंत्री व केंद्रीय मंत्रियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया रथ

भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में 11 नवंबर से 15 नवंबर तक प्रदेश के 24 जिलों के 47 विधानसभा क्षेत्रों में रैलियां निकाली जाएंगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उइके एवं सावित्री ठाकुर ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में रैली रथ को हरी झंडी दिखाकर जिलों के लिए रवाना किया।

## राष्ट्रीय संगठन महामंत्री ने की जिलाध्यक्ष एवं जिला संयोजकों के साथ बैठक



बैठक में एसआईआर पर निर्देश देते पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी.एल. संतोष ने सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में भोपाल एवं नर्मदापुरम संभाग के जिलाध्यक्ष एवं निर्वाचक नामावली विशेष गहन पुनर्निरीक्षण (एसआईआर) के जिला संयोजकों की बैठक को संबोधित किया। इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद विशेष रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर निर्वाचक नामावली विशेष गहन पुनर्निरीक्षण (एसआईआर) के प्रदेश संयोजक भगवानदास सबनानी भी मौजूद रहे। इस दौरान सभी जिलाध्यक्ष एवं निर्वाचक नामावली विशेष गहन पुनर्निरीक्षण (एसआईआर) के जिला संयोजकों को सभी विषयों का गंभीरता से ध्यान रखते हुए कार्य करने के निर्देश दिए गए।

### मुख्यमंत्री ने भावांतर योजना के बेहतर मॉडल रेट और समाधान योजना से मिली राहत के लिए प्रदेश के किसानों को दी बधाई

## भगवान बिरसा मुंडा जयंती पर 15 नवंबर को जबलपुर और आलीराजपुर में होंगे राज्य स्तरीय कार्यक्रम

*किसानों के खातों में 13 नवम्बर को भावांतर योजना के अंतर्गत जारी की जाएगी राशि*

*जिलों के गौरव दिवस मनाने के संबंध में दिए निर्देश*

*मुख्यमंत्री ने कैबिनेट की बैठक से पहले मंत्रियों को किया संबोधित*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को मंत्रालय में कैबिनेट की बैठक से पहले भावांतर योजना के तहत मॉडल रेट से किसानों को हुए लाभ और समाधान योजना से बिजली उपभोक्ताओं को मिली राहत के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि 13 नवंबर को देवास से किसानों के खातों में भावांतर योजना के अंतर्गत राशि अंतरित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर 15 नवंबर को मनाए जा रहे जनजातीय गौरव दिवस के संबंध में बताया कि जबलपुर और आलीराजपुर में राज्य स्तरीय कार्यक्रम होंगे।

उन्होंने बताया कि सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर 11 नवंबर को गुजरात के केवड़िया में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में होने वाले राष्ट्रीय कार्यक्रम में मध्यप्रदेश का दल सहभागिता करेगा।

मुख्यमंत्री ने बताया कि भारतीय महिला क्रिकेट टीम द्वारा पहली बार विश्व कप जीतने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली छतरपुर के घुवारा की तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ को राज्य सरकार ने एक करोड़ रुपए प्रोत्साहन राशि देने का निर्णय लिया है। उद्योग और रोजगार वर्ष को सार्थक बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा हर स्तर पर प्रयास किए गए हैं। औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार के लिए संचालित गतिविधियों की समीक्षा की जाए।

### तैयारियों की समीक्षा के दौरान जैन बोले

## स्थानीय जनजातीय समुदाय का सशक्तिकरण हो लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कहा कि जनजातीय गौरव दिवस 2025 धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा 150 वीं जयंती समापन वर्ष के कार्यक्रम में स्थानीय जनजाति समुदाय के सशक्तिकरण के लिए योजनाओं और कार्यक्रमों का लाभ उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। इस कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिवार राष्ट्रीय एवं राज्यस्तर पर ख्याति प्राप्त कलाकारों, जनजातीय मुखियाओं, मेधावी विद्यार्थियों एवं खिलाड़ियों के सम्मान के साथ हितग्राहियों को लाभ वितरण होगा।

जैन ने मंत्रालय में 15 नवम्बर को होने वाले जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम की तैयारियों की बैठक लेकर समीक्षा की। राज्य स्तरीय समारोह जबलपुर और आलीराजपुर में आयोजित होंगे। राज्यपाल और मुख्यमंत्री जबलपुर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में सम्मिलित होंगे। मुख्य सचिव जैन ने निर्देश दिए कि राज्य-स्तरीय कार्यक्रम के अलावा जिलों, विकासखंडो में स्थानीय कार्यक्रमों के साथ ग्राम पंचायतों में ग्राम सभाओं में गौरव दिवस आयोजित किया जाए। पीएम मोदी जबलपुर के कार्यक्रम में वर्चुअल शामिल होंगे। मुख्य सचिव जैन ने निर्देश दिए कि धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के साथ ही अन्य जनजातीय नायकों के सम्मान में भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएं।

### केंद्रीय जेल में विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन

**भोपाल।** सुनीत अग्रवाल सचिव न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी एवं समस्त लीगल एंड डिफेंस काउंसिल द्वारा केंद्रीय कारागार में विधिक शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान पुरुष एवं महिला खंड के प्रत्येक बैरेक में बंदियों से मुलाकात की एवं समस्याओं की जानकारी ली तथा उन्हें कानूनी अधिकारों, यूटीआरसी, निशुल्क विधिक सहायता लीगल एड डिफेंस काउंसिलके बारे में अवगत कराया।




### हाईकोर्ट ने कुछ दिन रहकर देखने के दिए निर्देश

## आईएएस की तैयारी कर रही युवती ने पिता के साथ जाने से किया इनकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

मप्र हाईकोर्ट के समक्ष एक युवती ने कहा कि उसके पिता उसे पढ़ाई नहीं करने दे रहे थे और शादी का दबाव बना रहे थे इसके लिए उसे प्रताड़ित किया जा रहा था। वहीं, पिता ने उसे घर भेजने का आग्रह किया। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने युवती से कहा, वह चार-पांच दिनों तक साथ रहकर देखे। अगर माहौल बेहतर लगे तो ठीक नहीं तो कलेक्टर को आदेश देंगे कि वह बाहर रहने और पढ़ाई की समुचित व्यवस्था कराएं।

### पिता ने दायर की याचिका

भोपाल के बजरिया थाना क्षेत्र निवासी पिता ने यह याचिका दायर की है। उन्होंने बेटी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी, लेकिन महीनों तक उसका कोई सुराग नहीं मिला। इस पर हाईकोर्ट की शरण ली गई। कोर्ट ने पुलिस को युवती का पता लगाने के निर्देश दिए। पुलिस ने इंदौर से उसे 10 महीने बाद बरामद किया, तब पता चला कि वह किराए पर रहते हुए एक निजी कंपनी में नौकरी कर रही है और प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी में जुटी है।

## लेडी अफसर ने सीएम ऑफिस के नाम से बनाया जाली आदेश, एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम सिंगरौली में कार्यरत सब इंजीनियर शिवानी गर्ग ने 21 अगस्त को एक पदोन्नति आदेश नगर निगम आयुक्त के समक्ष प्रस्तुत किया था। इस आदेश में दावा किया गया था कि उन्हें मुख्यमंत्री कार्यालय, भोपाल से सहायक यंत्री के पद पर पदोन्नति दी गई है।

उन्होंने यह आदेश निगम में जमा कर कार्यभार ग्रहण करने की अनुमति भी मांगी थी। आयुक्त सविता प्रधान को आदेश की सत्यता पर संदेह हुआ, जिसके बाद उन्होंने 12 सितंबर को नगरीय प्रशासन विभाग और मुख्यमंत्री कार्यालय भोपाल से इसकी पुष्टि करवाई। जांच में यह आदेश पूरी तरह फर्जी पाया गया। इसके बाद आयुक्त ने मामले की शिकायत कोतवाली थाना में दर्ज कराई।

### विभागीय जांच की प्रक्रिया शुरू

नगर पुलिस अधीक्षक पुन्नु परस्ते ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पुष्टि हुई कि शिवानी गर्ग ने फर्जी और कूटरचित दस्तावेज तैयार कर नगर निगम में पदोन्नति का दावा किया था। शिकायत के आधार पर उनके खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। फिलहाल पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि इस फर्जी आदेश की तैयारी में कौन-कौन महिला अधिकारी के साथ था।




### संगठनात्मक कार्य करने में आने वाली कठिनाइयों का समाधान उनकी जिम्मेदारी हैः पटवारी

## कांग्रेस का प्रशिक्षण शिविर-सामाजिक प्रतिनिधित्व पर फोकस महिला और माइनॉरिटी वर्गों की भागीदारी बढ़ाने पर होगा जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कांग्रेस के संगठन सृजन प्रशिक्षण शिविर के नौवें दिन शनिवार को पार्टी ने स्पष्ट किया कि आने वाले समय में उसकी संगठनात्मक रणनीति का मूल आधार सामाजिक समावेश और प्रतिनिधित्व होगा।

शिविर में विशेष रूप से महिला, एससी-एसटी, ओबीसी, ईबीसी और माइनॉरिटी वर्गों को संगठन संरचना में अधिक स्थान देने पर जोर दिया गया। दिन की शुरुआत वंदे मातरम और झंडा



वंदन के साथ हुई। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सह कोषाध्यक्ष विजय सिंगला ने कहा कि कांग्रेस संगठन केवल एक ढांचा नहीं, बल्कि यह देशभर में पार्टी की विचारधारा का जमीनी स्वरूप है।

### सामाजिक संगठनों से समन्वय पर दिया जोर

एआईसीसी सीडब्ल्यूसी सदस्य एवं तेलंगाना प्रभारी मीनाक्षी नटराजन ने कहा कि कांग्रेस को सामाजिक संगठनों के साथ संवाद और सहयोग को और मजबूत करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सामाजिक जुड़ाव ही कांग्रेस के जनसंपर्क तंत्र को सबसे प्रभावी बनाता है।

### समावेशी और मजबूत संगठन

शिविर में यह स्पष्ट किया गया कि कांग्रेस की आगामी राजनीति और संगठनात्मक रणनीति में सामाजिक न्याय और समावेशिता केंद्र में रहेगी। पार्टी का मानना है कि इन वर्गों की सक्रिय भागीदारी न सिर्फ संगठन को मजबूत करेगी, बल्कि राजनीतिक संवाद को भी अधिक व्यापक और प्रतिनिधिक बनाएगी।

### संगठन की मजबूती सामाजिक भागीदारी से

जीतू पटवारी ने जिला अध्यक्षों को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस संगठन की मजबूती तभी संभव है जब इसमें समाज के हर वर्ग की आवाज शामिल हो। उन्होंने कहा कि महिलाओं, एससी-एसटी, ओबीसी, ईबीसी और माइनॉरिटी वर्गों को संगठन में निर्णायक भागीदारी देना ही हमारी प्राथमिकता है। कांग्रेस जनता की भावना के अनुरूप इस प्रतिनिधित्व को हर स्तर पर सुनिश्चित करेगी। पटवारी ने जिला अध्यक्षों को भरोसा दिलाया कि संगठनात्मक कार्य करने में आने वाली कठिनाइयों का समाधान उनकी जिम्मेदारी है। उन्होंने ब्लॉक, पंचायत और ग्राम स्तर तक विस्तृत कार्ययोजना को लागू करने की दिशा में मार्गदर्शन दिया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930